


दैनिक
# शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 144 • नई दिल्ली, बुधवार, 30 अगस्त 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737




3 टी पी कॉलेज जंतु विज्ञान विभाग में विट्रो ....

# I.N.D.I.A और NDA की मीटिंग एक ही दिन, अजित भाजपा-शिवसेना शिंदे गुट के साथ बैठक करेंगे

**एजेंसी। मुंबई**

लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (I.N.D.I.A) की तीसरी बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई के ग्रैंड हयात होटल में होने वाली है। इस बीच NDA की महाराष्ट्र यूनिट ने भी इसी दिन यानी 1 सितंबर को मीटिंग करने की घोषणा की है। हालांकि इसमें महाराष्ट्र सरकार में शामिल एकनाथ शिंदे गुट शिवसेना, भाजपा और अजित पवार का NCP गुट ही शामिल होगा। NCP में फूट के बाद एक तरफ जहां शरद पवार विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे, वहीं उनके भतीजे और महाराष्ट्र के डिप्टी CM अजित पवार का गुट सत्ता पक्ष के साथ बैठक करेगा। NCP अजित पवार गुट के विधायक सुनिल तटकरे ने मंगलवार (29 अगस्त) को इसकी जानकारी दी।

**एक ही दिन बैठक क्यों? –** विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A के नेता 31 अगस्त को मुंबई में जुटेंगे। इस दिन महाराष्ट्र के पूर्व CM उद्धव ठाकरे गठबंधन के नेताओं के लिए डिनर होस्ट करेंगे। इसके अगले दिन सुबह 11 बजे से बैठक शुरू होगी। इसमें 26 दलों के शामिल होंगे। वहीं कांग्रेस ने दावा किया है कि 18 जुलाई को दिल्ली में NDA की हुई बैठक में शामिल नॉर्थ-ईस्ट के कुछ दल भी विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A की बैठक में शामिल होंगे। इधर, सुनील तटकरे से जब पूछा गया कि एक सितंबर को ही NDA की बैठक क्यों हो रही है। इस पर उन्होंने कहा- हमारी मीटिंग पिछले मानसून सत्र के पहले से तय थी, इसलिए मीटिंग की टाइमिंग को लेकर सवाल नही करना चाहिए। इससे पहले दिल्ली में 18 जुलाई को NDA के नेताओं की बैठक दिल्ली में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हो चुकी है। इसमें 38 दल शामिल हुए थे। ये बैठक भी विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A की बैठक से ठीक एक दिन पहले हुई थी।






## कांग्रेस ने क्या कहा

विपक्ष की बैठक को लेकर कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण ने मीडिया से कहा कि बिहार के CM नीतीश कुमार ने ऐसा संकेत दिया है कि मीटिंग मे कुछ क्षेत्रीय पार्टियां भी शामिल हो सकती हैं। विपक्ष में पीएम पद के उम्मीदवार को लेकर चव्हाण ने कहा- लोकसभा चुनाव जीतने के बाद ही प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के नाम का ऐलान किया जाएगा।

## ख़ास ख़बर

### दर्दनाक हादसाः तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे लोगों को रौंदा, तीन ने तोड़ा दम, 14 गंभीर घायल

**रांची**। झारखंड के पलामू में एक तेज रफ्तार कार ने 17 लोगों को रौंद दिया। हादसे में तीन की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हैं। पलामू जिले के चैनपुर थाना अंतर्गत बरांव गांव में सावन के अंतिम सोमवार के मौके पर मंदिर के पास सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम देखकर लोग घर लौट रहे थे, तभी शाहपुर-गढ़वा मुख्य मार्ग पर चढवना के पास तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने सड़क के किनारे चल रहे लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में नरसिंहपुर पथरा के वशिष्ठ महतो के पुत्र उदल प्रसाद चौरसिया और उनके पोते रोहित कुमार व कोटा गांव निवासी मधु मेहता की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। कार की टक्कर से 14 अन्य लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। कुछ घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के बाद चालक एक किलोमीटर आगे कार छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद चैनपुर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। घटना के बाद गांव में कोहराम मचा हुआ है।



### पीएम और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच फोन पर बात, जी 20 में आएंगे सर्गेई लावरोव

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच सोमवार को फोन पर बात हुई। फोन पर हुई बात के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर बात की और इनकी प्रगति की समीक्षा भी की। पीएमओ के मुताबिक, टेलीफोन पर हुई इस बातचीत के दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने में असमर्थता व्यक्त की और प्रधानमंत्री को बताया कि इस बैठक में रूस का प्रतिनिधित्व रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव करेंगे। रूस के इस निर्णय का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री ने भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत सभी पहलों के लिए रूस के निरंतर समर्थन के लिए राष्ट्रपति पुतिन को धन्यवाद दिया।



### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल ने लोगों को ओणम की शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली**। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी नेता राहुल गांधी ने ओणम के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। खड़गे ने एक ट्वीट में कहा, "ओणम जीवन और आशा का उत्सव है और पौराणिक तथा आनंदमय अतीत की याद है। ओणम की भावना – फसल, उत्थान और साध्य की पवित्रता सभी लोगों के बीच एकजुटता, समृद्धि और भाईचारे की भावना को प्रेरित करती है।" राहुल गांधी ने भी लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा, "ओणम के खुशी के मौके पर सभी को बधाई! यह खूबसूरत त्योहार एकता के बंधन को मजबूत करे और सभी के लिए खुशियां लाए।" ओणम, मुख्य रूप से केरल में मनाया जाता है, देश में सबसे लोकप्रिय फसल त्योहारों में से एक है।

# घरेलू गैस सिलेंडर 200 रुपए सस्ता

## भोपाल में 908, जयपुर में 906 रु. हुए दाम; 75 लाख नए उज्जवला कनेक्शन बांटेगी सरकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) के दामों में 200 रुपए की कटौती की है। दिल्ली में अब दाम घटकर 903 रुपए हो गए हैं। पहले दाम 1103 रुपए थे। भोपाल में ये 908 और जयपुर में 906 रुपए का मिलेगा। कैबिनेट ने मंगलवार को इसकी मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि ओनम और रक्षाबंधन के त्योहार पर दाम घटाकर पीएम मोदी ने बहनों को बड़ा तोहफा दिया है। देश के 33 करोड़ कंज्यूमर्स को इसका फायदे मिलेगा। इस फैसले से सरकार पर वित्त वर्ष 2023-24 में 7,680 करोड़ का बोझ आएगा। केंद्रीय मंत्री ने ये भी कहा कि सरकार 75 लाख नए उज्जवला कनेक्शन बांटेगी।

**इससे पहले मार्च में हुआ था कीमतों में बदलाव** – 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू LPG सिलेंडर के दाम मार्च 2023 में 50 रुपए बढ़ाए गए थे। इसके बाद दिल्ली में इसकी कीमत 1103 रुपए हो गई थी। इससे पहले 6 जुलाई 2022 को दामों में बदलाव किया गया था। तब भी कीमतें 50 रुपए बढ़ाई गई थी।

**जून 2020 से LPG पर नहीं मिल रही सब्सिडी** – जून 2020 से LPG सिलेंडर पर सब्सिडी नहीं मिल रही है। दिल्ली में जून 2020 में बिना सब्सिडी वाला सिलेंडर 593 रुपए में मिलता था, जो अब 903 रुपए का हो गया है। अब केवल उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 200 रुपए की सब्सिडी मिलती है। उज्जवला के लाभार्थियों को अब सिलेंडर करीब 700 रुपए में मिलेगा।

**अब तक देश में 9.5 करोड़ से ज्यादा कनेक्शन** – उज्जवला योजना के तहत अब तक देश में 9.5 करोड़ से ज्यादा कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इस स्कीम को 1 मई 2016 को उत्तर प्रदेश के बलिया में लॉन्च किया गया था। सरकार ने इस योजना की सब्सिडी पर वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 6,100 करोड़ रुपए खर्च किए थे। योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होती है।

### उज्ज्वला योजना में आवेदन करने के लिए जरूरी पात्रता

- आवेदक महिला होनी चाहिए।
- महिला की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
- महिला BPL परिवार से होनी चाहिए।
- महिला के पास BPL कार्ड तथा राशन कार्ड होना चाहिए।
- आवेदक के परिवार के किसी सदस्य के नाम पर LPG कनेक्शन नहीं होना चाहिए।

### प्रमुख शहरों में घरेलू LPG गैस सिलेंडर की कीमत

| शहर | नए दाम (रुपए में) | पुराने दाम (रुपए में) |
|---|---|---|
| दिल्ली | 903.00 | 1103.00 |
| मुंबई | 902.50 | 1102.50 |
| कोलकाता | 929.00 | 1129.00 |
| चेन्नई | 918.50 | 1118.50 |
| भोपाल | 908.50 | 1108.50 |
| जयपुर | 906.50 | 1106.50 |
| पटना | 1001.00 | 1201.00 |
| रायपुर | 974.00 | 1174.00 |



# नरेंद्र मोदी की गर्दन पर चढ़ने जा रहे हैं : लालू

**दैनिक शुभ भास्कर। पटना**

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बड़ा बयान दिया है। मंगलवार को लालू I.N.D.I.A की बैठक में शामिल होने के लिए तेजस्वी यादव के साथ मुंबई जा रहे थे। एयरपोर्ट पर पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि आप मुंबई जा रहे हैं। इस पर लालू ने कहा कि मैं नरेंद्र मोदी की नरेटी यानी गर्दन पर चढ़ने जा रहा हूं। बुधवार को सीएम नीतीश कुमार मुंबई जायेंगे। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राजद सुप्रीम लालू प्रसाद यादव मुंबई में डॉक्टरों से मिलेंगे और स्वास्थ्य जांच कराएंगे। इसके अलावा वे विपक्ष के नेताओं से मिलकर होनी वाली बैठक की रणनीति बनाएंगे। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि जनता पूरे तरीके से हमारे गठबंधन के साथ खड़ी है। जातीय गणना को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रातभर में एफिडेविट बदल दिया जाता है। बीजेपी कभी भी नहीं चाहती थी कि जातीय सर्वे हो। बीजेपी का असली चेहरा सामने आ गया है। इन बातों से पता चलता है कि बीजेपी डरी हुई है। वहीं गुजराती को ठग कहे जाने के केस में कोर्ट से समन होने पर कहा कि ये सब तो चलता रहता है। कोर्ट में इसका जवाब देंगे।

**31 अगस्त को मुंबई में होगी बैठक** – विपक्ष के I.N.D.I.A गठबंधन की बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होने वाली है। इस बैठक में गठबंधन के संयोजक की घोषणा होनी है। साथ ही समन्वय समिति के गठन, आम चुनावों के लिए समझौते में शामिल सभी पार्टियों के बीच संभावित सीट-बंटवारे के फॉर्मूले पर भी चर्चा हो सकती है। शुरुआत से ही इस बात की चर्चा है कि नीतीश कुमार को संयोजक बनाया जाएगा। सोमवार को पत्रकारों से बात करने के दौरान नीतीश कुमार ने संयोजक बनने से इनकार दिया है। उन्होंने कहा था कि मुझे कुछ नहीं बनना है। बस सभी को एक साथ लेकर चलना है।

**I.N.D.I.A गठबंधन की बैठक के लिए मुंबई रवाना हुए; तेजस्वी ने कहा- बीजेपी डरी हुई है**



# जयपुर को उड़ाने की साजिश रचने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी। जयपुर**

जयपुर को दहलाने की साजिश रचने वाले इमरान खान और यूनुस साकी को नेशनल इनवेस्टिगेशन एजेंसी (NIA) ने गिरफ्तार किया है। सोमवार को यहां NIA के स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। यहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। 1 सितंबर को कोर्ट में इस मामले की सुनवाई होगी। रतलाम (MP) के रहने वाले इन आरोपियों की तलाश पिछले साल मार्च से ही थी। जांच एजेंसी ने दोनों पर 5-5 लाख रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा था। पुणे पुलिस ने पहले किया था गिरफ्तार- NIA का कहना है कि पुणे (महाराष्ट्र) के कोथरुड़ इलाके में इमरान खान व यूनुस बम बनाने की ट्रेनिंग दे रहे थे। 18-19 जुलाई की रात करीब 3 बजे पुलिस पेट्रोलिंग कर रही थी। कोथरुड़ (पुणे) इलाके से इमरान और यूनुस को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। शुरुआती पूछताछ में दोनों पर शक गहराया। इसके बाद पुलिस ने उनके घर की तलाशी ली। यहां से एक लाइव राउंड (जिंदा कारतूस), 4 मोबाइल, लैपटॉप बरामद हुए।




# वोट की राजनीति के लिए नीतीश तेजस्वी की सरकार बिहार में करा रही है महाभारत - विजय कुमार सिंन्हा

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। बगहा नगर थाना क्षेत्र के रत्नमाला उपद्रव मामले की जानकारी लेने मंगलवार को बगहा पहुंचे विरोधी दल के नेता विजय कुमार सिन्हा। उन्होंने महावीरी जुलूस मामले की जानकारी लेते हुए पीड़ितो से पूछताछ की। तथा पूरे मामले की सीबीआई या सिटिंग जस्टिस से न्यायिक जांच की मांग की है। उन्होंने कहा की बेक़सूर व घटना के समय अनुपस्थित लोगों को फंसाकर एक पक्षीय कार्रवाई की जा रही है जो की सरासर गलत है। दोषी पुलिस प्रशासन के अधिकारियों पर अब तक कार्रवाई नहीं होने पर भी उन्होंने सवाल उठाया। डीएम व एसपी यह नहीं भूलें की सरकार बदलते हीं उनका भी हिसाब क़िताब होगा । यहीं नहीं महागठबंधन सरकार पर आरोप लगाते हुए विजय सिन्हा ने कहा की वोट की राजनीति के लिए नीतीश तेजस्वी की सरकार बिहार में महाभारत करा रही है। नीतीश कुमार द्वारा I.N.D.I.A में कोई पद नहीं लेने के मुद्दे पर उन्होंने कहा की नीतीश कुमार का पीएम बनने का सपना बिहार की बर्बादी लिख रही है। इनके पीएम बनने का ख्वाब कभी पूरा नहीं होगा। उन्होंने भाजपा कार्यालय बगहा में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जानकारी दी है। कहा कि भाजपा तुष्टिकरण की राजनीति के बजाए सबका साथ , सबका विकास की राजनीति करती है। इतना हीं नहीं उन्होंने प्रशासन पर बड़ा सवाल खड़ा किया है। उन्होंने उपद्रव की घटना को प्रशासनिक चूक का नतीजा बताते हुए कहा है कि इस मामले में प्रशासन ने जो कार्रवाई की है वह भी संदेहास्पद है। क्यूंकि कई निर्दोष लोगों को जेल भेजा जा रहा है। इस अवसर पर बगहा विधायक राम सिंह, जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र नाथ तिवारी,जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी हृदया दुबे,जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रितु जयसवाल , महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजया सिंह ,जिला महामंत्री अचिन्त्य कुमार लल्ला,पूर्व जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह,दीपू तिवारी,बद्रीनाथ प्रसाद,अमित पांडेय,नागेंद्र साहनी,बिजय साहू समेत दर्जनों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**रक्षाबंधन** | भाई बहन के अटूट प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन

# कल मनाई जाएगी रक्षाबंधन,रंग-बिरंगे राखियों से सज गया बाजार

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रवि कुमार मिश्रा नरकटियागंज।** भाई बहन के अटूट प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन इस बार 31 अगस्त को मनाया जाएगा। जानकारों की माने तो यह त्योहार श्रावण मास के पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। भाई-बहन के इस पवित्र पर्व रक्षाबंधन को लेकर बहनों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। जिसको लेकर बाजारों में एक अलग ही रौनक देखने को मिल रही है रंग- बिरंगी राखियो से सजी दुकानें और इसे समझो ना रेशम का तार भैया, मेरी राखी का मतलब है प्यार भैया जैसे अनेको राखी के गीतों से पूरा नरकटियागंज एक अलग ही रौनक बिखेर रहा है। वही राखी की खरीदारी के लिए बहनों की भीड़ दुकानों पर उमड़ रही है सभी बहने अपने भाई की कलाई की शोभा बढ़ाने के लिए बेहतर से बेहतर डिजाइन की राखियां खरीदते देखी जा रही है। ग्राहकों की मांग के अनुसार दुकानदार भी राखी की एक से बढ़कर एक कलेक्शन इस बार बाजार में उतार दिए है। वही अगर दुकानदारों की माने इस बार अच्छी से अच्छी राखियों की अधिक मांग है। ज्यादातर स्टोन व जड़ी के साथ साथ देवी-देवताओ वाले राखियों की डिमांड है। राखी की कीमत इस बार बाजारों में राखी की कीमत दस रुपये से लेकर दो सौ रुपये के करीब पहुच गयी है।अलग अलग डिजाइनों में राखी की अलग अलग कीमत दुकानदारों ने रखी है। वही इस बार की रक्षाबंधन की बात करे तो 31 अगस्त यानी गुरुवार को मनाया जा रहा है। शास्त्र के जानकार बताते है कि 30 अगस्त को भद्रा होने के चलते 31 अगस्त को मनाया जाएगा। गौरतलब हो कि भाई बहन के इस महान पर्व का सभी को बेसब्री से इंतजार रहता है। इस दिन सभी बहने अपनी भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके उज्वल भविष्य की प्रार्थना करती है और भाई को मिठाई खिलाती है। वही रक्षाबंधन के बाद भाई अपनी बहन को उपहार देते हुए ताउम्र उसकी रक्षा करने की संकल्प लेता है।



# नेपाल एपीएफ व सशस्त्र सीमा बल 21वीं वाहिनी के बीच कमांडेंट स्तरीय बैठक रमपुरवा कैंप में संपन्न

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** एसएसबी 21वीं वाहिनी तथा नेपाल के एपीएफ नवल परासी व चितवन के बीच कमांडेंट स्तरीय बैठक सीमा चौकी रामपुरवा कैंप में मंगलवार को संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता एसएसबी 21वी वाहिनी के कमांडेंट श्री प्रकाश ने किया। बैठक में कहा गया है कि भारत – नेपाल में मैत्री संबंध बना रहेगा। साथ में दोनों देशों के अधिकारी मिलकर तस्करी, मानव तस्करी, शराब तस्करी, मानव व्यापार,सुरक्षा, नक्सल विरोधी, नारकोटिक्स वन उत्पाद, वन जीव उत्पाद, बाढ़ आपदा और अन्य निषिद्ध वस्तुओं की तस्करी से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए तथा इसे रोकने के लिए दोनों देशों के तरफ से प्रयास होनी चाहिए। जो अपराधी प्रवृत्ति के हैं। बैठक में नकेल कसने के लिए कोई रणनीति बनाई गई है। इस बैठक में दोनों देशों के अधिकारियो आपसी सहयोग साथ आपसी तालमेल बनाए रखेंगे। भारत-नेपाल के बीच सदियों से पुरानी संस्कृति साझेदारी है। हमें इसे वर्तमान में और अधिक मजबूत एवं प्रगाढ़ बनाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर एसएसबी की ओर से कमांडेंट श्री प्रकाश, कमांडेंट, 21वीं वाहिनी बगहा, गोविंद कुमार ठाकुर, कार्यवाहक कमांडेंट, 44वीं वाहिनी, आर. बी. सिंह, उप कमांडेंट 65वीं वाहिनी बगहा, उमा शंकर नाशना, उप कमांडेट,21 वीं वाहिनी सहायक कमांडेंट वंश दीप माजी ई समवाय रामपुरवा 21वीं वाहिनी तथा अन्य सीमा चौकी प्रभारी एपीएफ नेपाल से धीरेन्द्र राज, एसपी 26वीं वाहिनी, शशि पाण्डेय, एस पी 17वीं वाहिनी एपीएफ नेपाल, सूरज छेत्री डी एस पी 31वीं समवाय नेपाल एवं अन्य अधिकारी गण मौजूद थे।



## ख़ास ख़बर

### पनोरमा ग्रुप का स्थापना दिवस 1 सितंबर को, तैयारी अंतिम चरण में



**पूर्णियां/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** पनोरमा ग्रुप का रियल एस्टेट सेक्टर में बड़ा नाम है। रियल एस्टेट के क्षेत्र में बिहार के टॉपर स्वनाम धन्य बाबू संजीव मिश्रा ने तन मन और धन से इन्हें सींच कर इस मुकाम पर पैनोरमा को पहुंचाया है।इस ग्रुप ने आठ साल पहले बिहार के पूर्णिया से इसे शुरूआत की थी। पैनोरमा ग्रुप 7 वर्ष पूरे कर 8 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में होटल पारस(पूर्णियां)में दिनांक 01 /09/23 शुक्रवार,7:00 बजे एमडी संजीव सर लोगों के साथ सेलिब्रेट करेंगे। बता दें कि पूर्णियां सीमांचल समेत पूरे बिहार के लोगों ने बहुत ही कम समय में पनोरमा ग्रुप को आगें बढ़ाने में अपना सहयोग दिया। पनोरमा सिटी,पनोरमा हाईट,आर-आर प्लाजा,पनोरमा रामेश्वरम एक के बाद एक प्रोजेक्ट को लोगो ने अपने-अपने बजट के अनुसार खरीदकर पनोरमा परिवार के प्रति अपना विश्वास जताया. जिसके फलस्वरूप पनोरमा ग्रुप शिक्षा-स्वास्थ्य के साथ-साथ अब ऑटोमोबाईल्स के क्षेत्र में भी अपना कार्य प्रारंम्भ किया है। रियल स्टेट में बिहार का सबसे पहला अल्ट्रा लग्जरी प्रौजेक्ट है ई होम्स पनोरमा। पनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने कहा कि यह सफलता ग्राहकों के विश्वास की वजह से संभव हो सका है। पनरोमा ग्रुप के सीएमडी संजीव मिश्रा ने खुशी जाहिर की है और कहा है कि इतने कम समय में इतनी ज्यादा सफलता मिलेगी, इसकी उम्मीद नहीं थी. लेकिन ये सब पूर्णियां के लोग के सहयोग की वजह से हुआ है. इन 7 सालों में पनरोमा ग्रुप ने सफलता की नई मिसाल कायम की है. इस उपलक्ष्य पर ग्रुप द्वारा 1 सितंबर को अपना 8 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है. दरअसल, बिहार के पूर्णियां में एक जगह ऐसी भी है जिसकी तस्वीर और तकदीर बीते 7 वर्षों में बदल गई. इस सफलता की कहानी किसी और ने नहीं बल्कि पनरोमा ग्रुप ने लिखी है. पनरोमा ग्रुप ने बीते 7सालों में न सिर्फ सस्ते दामों में लोगों के घर उपलब्ध कराया है बल्कि पूर्णियां के विकास की नई गाथा भी लिखी है. अब इस ग्रुप को पूर्णियां में अपने कार्य की शुरुआत किए 7 साल पूरे हो गए हैं, जिसके उपलक्ष्य में 1 सितंबर को स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है.

### विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा गठित नैक पियर टीम ने दूसरे दिन भी यूभीके कॉलेज कड़ामा का किया गहन निरीक्षण



**पुरैनी।** केरल के शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय के पुर्व कुलपति डॉ. धर्मराजन पीके के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय अंतर्गत कड़ामा स्थित यूभीके कॉलेज के दूसरे दिन के निरीक्षण के क्रम में महाविद्यालय के लाइब्रेरी, रीडिंग हॉल, आईटी सेल, कंप्यूटर लैब, क्लासरूम, कैंटीन, शौचालय सहित कई अन्य विभागों का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। इस दौरान नेतृत्व कर रहे डॉक्टर धर्मराजन पीके ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद भी बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, समुचित व्यवस्थाओं से लैस यह महाविद्यालय निश्चित ही इस सुदूर ग्रामीण देहाती क्षेत्र के लिए वरदान है। डॉ पीके ने महाविद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की और प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षक कर्मचारी के क्रियाकलापों को देखते हुए संतुष्टता व्यक्त की। निरीक्षण दल में मौजूद कॉमर्स कॉलेज महाराष्ट्र के श्री प्रभु चापके व गोवा यूनिवर्सिटी से आए हुए प्रोफेसर डॉक्टर रामवल्लभ राय ने कहा कि कॉलेज में प्रवेश करने के साथ ही हमें यह पता लग गया कि यहां की जो शैक्षणिक व्यवस्था है वह बेहतर है साथ ही जो लोगों का व्यावहारिक पहलू है वह भी सर्वोत्तम है। मंगलवार को यानी निरीक्षण के अंतिम दिन सभी निरीक्षण दल के सदस्यों ने प्रधानाचार्य डॉ माधवेंद्र झा को बंद लिफाफे में अपनी रिपोर्ट समर्पित कर दी है।

### राजद नेता डॉ. शत्रुधन व महानंद विभु व एकलव्य ने दिया वैज्ञानिकों को दी बधाई

**अररिया।** चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर के चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक लैंड करने पर राजद नेता व अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. शत्रुघ्न मंडल ने कहा कि हमें अपने वैज्ञानिकों पर गर्व है। भारतीय वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में देश को ऐतिहासिक उपलब्धि दिलाई है। 1962 से देशहित में अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए समर्पित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर इतिहास रचा है। आज 140 करोड़ भारतीय को इसरो के वैज्ञानिकों पर गर्व है। भारत दुनिया का चौथा देश है जो चंद्रमा पर पहुंचा है, इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन चांद पर पहुंच चुके हैं, लेकिन अपने काबिल कर्मठ और समर्पित वैज्ञानिकों के बल पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला भारत पहला देश बन गया है। उन्होंने वैज्ञानिकों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि भारत का नाम विश्व में धूम मचा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का पहला मुल्क है जिसने चंद्रयान तीन की सफलता के साथ चंद्रमा पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि आज का दिन भारत के लिए खास है और त्यौहार जैसा है।

जिला पार्षद नीलम सिंह के नेतृत्व में जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने डीएम एवम डीडीसी को सौंपा ज्ञापन

# भरगामा प्रखण्ड के एक मात्र खेलमैदान को संरक्षित रखने की लगाई गुहार





**अररिया।** भरगामा प्रखण्ड अन्तर्गत धनेश्वरी पंचायत के ग्रामीण जनता, वार्ड सदस्य ने मिलकर जिला पार्षद नीलम सिंह के नेतृत्व में आज पुनः जिला पदाधिकारी अररिया एवम जिला उप विकास आयुक्त अररिया से मिलकर प्रखण्ड के एक मात्र खेल मैदान को संरक्षित रखने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन के माध्यम से जिला पदाधिकारी एवम उप विकास आयुक्त अररिया से एक बार * खेल मैदान की नापी कराकर स्वयं चलकर वस्तुस्थिति का अवलोकन करने की मांग किया ताकि खेलमैदान को बचाते हुए उत्तर दिशा अथवा पश्चिम दिशा में कचरा निस्तारण केन्द्र बनवाने हेतु निवेदन किया। जिला पार्षद श्रीमति सिंह ने सौंपे आवेदन में जिक्र किया कि भरगामा प्रखंड अंतर्गत एकमात्र खेल के मैदान को अपने स्वार्थ की सिद्धि एवं षड्यंत्र के तहत मुखिया प्रतिनिधि एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी की मिली भगत से नष्ट की जा रही है।ग्रामीण जनता के जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपना मांग पत्र में लिखा है कि पहला जमीन खेल का मैदान नाम से दर्ज है, सर्वप्रथम अंचल अमीन से जमीन की सीमांकन कराना आवश्यक है ताकि मैदान का वास्तविक सीमा का अवलोकन किया जा सके। ताकि यदि वहां दो दिशा में शेष बचा करीब 50 डी॰ जमीन है तो उस स्थान पर बनवाने में क्या आपत्ति है ? किन्तु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी , भरगामा द्वारा जांच प्रतिवेदन श्रीमान उप विकास आयुक्त , अररिया को समर्पित करने से पहले क्या इस दिशा में विचार नहीं करना चाहिए , साथ ही ग्रामीण आपत्तिकर्त्ता एवम अन्य पंचायत प्रतिनिधियों को सूचित किए बिना गुपचुप तरीके से जांच प्रतिवेदन बनाकर भेजना चाहिए ?

2. यह मैदान दो-दो फुटबॉल मैदान को ध्यान में रखकर सर्वे खतियान में अंकित है जिसमें 2.50 एकड़ में स्टेडियम बना हुआ है, इसके अतिरिक्त युवा खिलाड़ी इस मैदान में क्रिकेट ,बॉलीबॉल एवं कबड्डी खेल का अभ्यास करता है।

3. स्टेडियम के पश्चिमी भाग एवं उत्तरी भाग में भी अतिरिक्त 50 डिसमिल जमीन अनावश्यक बचा हुआ है , जो बाद में बगल के जमीन मालिक द्वारा अपने खेत में मिलाकर अतिक्रमण कर लिया जाएगा , यदि उस जमीन का उपयोग कचरा निस्तारण केन्द्र बनवाने हेतु प्रयोग कर लिया जाता है तो उस जमीन का उपयोग बेहतर हो सकता है !

4. स्टेडियम के दक्षिणी भाग में बचा करीब एक एकड़ जमीन पर पूर्व में ही बिना आमसभा किये पंचायत सरकार भवन में 50 डी॰ एवं अस्पताल बनवाने के नाम पर 40 डी॰ जमीन का NOC अंचल पदाधिकारी भरगामा द्वारा किया जा चुका है, अब आगे सड़क किनारे से कचरा निस्तारण केंद्र जो पंचायत सरकार भवन एवं अस्पताल के ठीक सामने बनवाना उपयुक्त प्रतीत नहीं होता है , जबकि पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में पंचायत का आम सभा एवं अस्पताल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होता है जहां लोगों का जमाबड़ा को ध्यान में रखते हुए खाली मैदान की आवश्यकता होगी ।

5. इस परिस्थिति में यदि खेल मैदान के जमीन पर ही कचरा निस्तारण केंद्र बनाना अत्यावश्यक हो तो इसे खाली बचे पश्चिम या उत्तरी भाग में बनाना बेहतर होगा और जमीन का सही उपयोग हो सकता है । रही बात बिहार सरकार जमीन की तो धनेश्वरी पंचायत में करीब 50 एकड़ से भी अधिक जमीन बिहार सरकार की उपलब्ध भूमि है , बिहार सरकार की जमीन उपलब्ध रहने के बाद क्या खेल के मैदान की जमीन का ही उपयोग सरकारी भवन बनवाने के लिए करना उचित है?

अतः श्रीमान से निवेदन है कि आज जब सरकार एक ओर खेल को प्रोत्साहन करने पर ध्यान दे रही है, वहीं भरगामा प्रखण्ड में खेल मैदान नाम से एक मात्र मैदान है , क्या इस भूमि पर खेल से संबंधित क्रिकेट मैदान, वॉलीबॉल मैदान, टेनिस मैदान ,कबड्डी मैदान बनवाने के दिशा में डेवलप नहीं किया जा सकता है ? इसलिए हम-ग्रामीणों का श्रीमान से करबद्ध निवेदन है कि स्टेडियम के पीछे पश्चिमी भाग एवं उत्तरी भाग में बचे शेष 50 डिसमिल जमीन पर कचरा निस्तारण केंद्र बनवाने से उक्त जमीन को बचाया जा रखा जा सकता है अन्यथा उसे सेट निजी जमीन मालिक अपने जमीन में मिलाकर जोत आवाद करना प्रारंभ कर देंगे ?

## संविधान बदलने के मिशन में भाजपा और आरएसएसः मंजर खान

**अररिया।** राजद के कद्दावर नेता सह वरीय समाजसेवी जनाब मंजर खान ने कहा कि आरएसएस और भाजपा सुनियोजित तरीके से बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के बनाए संविधान को बदलने के मिशन पर काम कर रही है जो किसी भी हाल में पूरी नहीं होगी। उसकी योजना है कि किसी प्रकार 2024 में पुनः सत्ता में आकर 2025 में आरएसएस के स्थापना के सौ साल पूरा होने के पहले इस देश में भारतीय संविधान को बदलकर मनुस्मृति वाली व्यवस्था लागू कर दिया जाए। पर देश की जनता उसके इस मंसूबे से वाकिफ होकर 2024 के चुनाव में भाजपा मुक्त भारत बनाने का संकल्प ले चुकी है। उसकी कोई भी चालवाजी इस बार चलने वाली नहीं है। राजद नेता श्री खान ने कहा कि इसी मिशन के तहत प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष विवेक देवरॉय का एक लेख गत दिनों एक समाचारपत्र में प्रकाशित हुआ था और उसके बाद भाजपा और आरएसएस से जुड़े सोशल मीडिया पर वर्तमान संविधान को बदलने के पक्ष में माहौल बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। सच्चाई यह है कि आरएसएस ने कभी इस संविधान को स्वीकार ही नहीं किया है। इसे बदलना उसके मुख्य एजेंडे में शामिल है। संविधान के अन्तिम प्रारूप की स्वीकृति के तीन दिन बाद ही 30 नवम्बर 1949 को प्रकाशित आरएसएस के समाचार पत्र औगंनाइजर ने भारतीय संविधान को औपनिवेशिक विरासत बताकर मनुवादी व्यवस्था लागू करने की वकालत की थी। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा अनेकों बार संविधान की समीक्षा करने की बात सार्वजनिक रूप से कही गई है।

## जयनगर में अनुमंडल अनुश्रवण समिति की बैठक, कई बिंदुओं पर चर्चा



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो. गुलाब)।** जयनगर अनुमंडल कार्यालय परिसर में अनुमंडल अनुश्रवण समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।इस बैठक में जनवितरण प्रणाली दुकानदारों से जुड़े राशन-किरासन एवं राशनकार्ड रसोई गैस से जुड़े समस्याएं का समाधान हेतु सभी सदस्यों ने चर्चा किया। बैठक में प्रखंड सचिव भाकपा माले जयनगर ने राशनकार्ड और विधुत आपूर्ति में विधुत विभाग के लापरवाही और मनमानी पर कार्रवाई तथा खाद-बिज एवं रसोई गैस एजेंसी की मनमानी कि समस्याओं का निदान करने की मांग किया गया।इस बैठक में प्रखंड आपुर्ति पदाधिकारी लदनियां अमितेश कुमार ,बिहार गोदाम प्रबन्धक जयनगर अमर सिंह ,बासोपट्टी के प्राणनाथ मुन्ना जयनगर कर विपिन आंसु,नगर पंचायत के मुख्य पार्षद कैलाश पासवान,जिला पार्षद अंजली कुमारी,भाकपा माले प्रखंड सचिव भूषण सिंह ,कांग्रेस के सुरेंद्र महतो, विवेकानंद झा,अनुरंजन सिंह ,प्रदीप यादव ,नरेन्द्र नारायण उर्फ कुंवर उद्धव ,कुमार राणा प्रताप सिंह,राजकुमार सिंह,बलदेव कुमार सहित जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के प्रतिनिधि रसोई गैस प्रबन्धक सहित अन्य लोगों मौजूद थे।

## मेजर ध्यानचंद खेल दिवसःपनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा पूर्णियां खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित



**पूर्णियां।** मेजर ध्यानचंद जयंती समारोह के अवसर पर के अवसर पर पूणिया के जाने-माने पूर्व खिलाड़ियों एवं पदाधिकारियों के द्वारा पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा सर को मेजर ध्यानचंद पूणिया खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा जी को प्रतीक चिन्ह एवं सॉल उठाकर बिहार महिला क्रिकेट टीम के पूर्व मैनेजर श्रीमति स्वाति वैश्यंत्री, बिहार अंडर 16 आयु वर्ग पूर्व चयन समिति सदस्य व ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन सह क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा, संस्थापक सदस्य व स्टेट पैनल अंपायर ग्रेट (ए) मो नैयर अली, पूर्व खिलाड़ी मो मंजर मोहशिम , पूर्व खिलाड़ी सैदय जब्बार हुसैन, अजय कुमार सिन्हा , क्लब अध्यक्ष प्रमोद पंसारी एवं युवा खिलाड़ियों ने सम्मानित किए। बिहार अंडर 16 आयु वर्ग चयन समिति पूर्व सदस्य व ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा सर ने पूणिया परिक्षेत्र के विभिन्न खेलों के क्षेत्र में क्रांति ला दिए है। पूणिया परिक्षेत्र के साथ - साथ बिहार के अन्य जिलों के सैकड़ो खिलाड़ियों को भी विभिन्न खेलों का लाभ मिल रहा है। बैडमिंटन, बास्केटबॉल , वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, शतरंज, क्रिकेट एवं फुटबॉल के खिलाड़ियों को हर वर्ष पनोरमा स्पोर्ट्स का इंतजार रहता है। सबसे बड़ी बात यह है कि हर क्षेत्र के लिए विभिन्न खेलों का बेहतरीन प्रतियोगिता आयोजित करते हैं और नगद पुरस्कार राशि के साथ चमचमाती ट्रॉफी भी रखते हैं। यह अपने आप में काबिले तारीफ है। इनके बेहतरीन योगदान को हम सभी को हमेशा एहसास दिलाती है कि काश इस तरह का आयोजन हमारे समय में हुआ करता। बिहार सरकार के कला संस्कृति, युवा एवं खेल विभाग एवं विभिन्न खेलों के खेल कैलेंडर के पूर्व विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का जो बेहतरीन मौका देते हैं। इसे खिलाड़ियों की उत्साह दुगुनी हो जाती है। और खिलाड़ियों की उत्सुकता देखने लायक होती है। पूणिया परिक्षेत्र में बेहतरीन खेल का माहौल देखते ही बनती है।

### यूनिसेफ एवं वैड्स फाउण्डेशन की सहयोग से डीएम ने की उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन



**अररिया।** लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अन्तर्गत ODF-S एवं ODF PLUS विषय पर यूनिसेफ एवं वैड्स फाउण्डेशन सहयोग से समाहरणालय स्थित परमान सभागार में जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान की अध्यक्षता में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान, उप विकास आयुक्त श्री संजय कुमार एवं यूनिसेफ तथा वैड्स फाउण्डेशन के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर ODF स्थायित्व हेतु शौचालय की मरम्मति पर विशेष ध्यान देने हेतु जिला पदाधिकारी के द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिये गये। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत में चल रहे ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यो की विस्तृत चर्चा एवं उपयोगिता पर बल दिया गया। फेज-1 अन्तर्गत निर्मित व्यक्तिगत शौचालय के उपयोग एवं रख-रखाव जैसे रेट्रोफिटिंग/मरम्मति के संबंध में विन्दुवार बताया गया। मौके पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, जिला समन्वयक LSBA, एवं सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड समन्वयक, LSBA एवं युनिसेफ एवं बॉड्स फाउन्डेशन के श्री भूषण पांडे, इद्रनिल घोष, अनिकेत बांबोले, ज्योति कुमारी एवं भारत भूषण तिवारी उपस्थित थे।

### महामहिम राज्यपाल को भेंट की गई पुस्तक



**पटना।** दर्शन परिषद्, बिहार की ओर से महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर साहेब को 'परिषद्' की शोध-पत्रिका 'दार्शनिक अनुगूंज' और पुस्तक 'दर्शन परिषद्, बिहार : कल, आज और कल' भेंट की गई। साथ ही दिसंबर में रामेश्वर महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर में आयोजित होने वाले वार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन की कृपापूर्ण सहमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर परिषद् की अध्यक्षा प्रो. (डॉ.) पूनम सिंह, प्रधानाचार्य सह आयोजन सचिव प्रो. (डॉ.) अभय कुमार सिंह एवं प्रकाशक डॉ. नीरज प्रकाश उपस्थित थे। मालूम हो कि 'दर्शन परिषद्, बिहार : कल, आज और कल' पुस्तक का संकलन ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष सह 'परिषद्' के संयुक्त सचिव डॉ. सुधांशु शेखर हैं। संपादक टी. पी. एस. कालेज, पटना में दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष सह 'परिषद्' के महासचिव डॉ. श्यामल किशोर हैं।

### अररिया कॉलेज अररिया में खेल दिवस के अवसर पर अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



**अररिया।** अररिया कॉलेज अररिया में खेल दिवस के अवसर पर अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं उद्घाटन अररिया कॉलेज अररिया के प्रधानाचार्य डॉ. अशोक पाठक के द्वारा किया गया । प्रधानाचार्य महोदय द्वारा छात्रों को बताया गया कि भारत में खेल दिवस का आयोजन हॉकी के महान खिलाड़ी ध्यानचंद जी की जयंती के दिन मनाया जाता है । छात्रों को समग्र अध्ययन के लिए स्वस्थ मस्तिष्क की आवश्यकता होती है । स्वस्थ मस्तिष्क का विकास स्वस्थ शरीर में ही होता है और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए छात्रों को खेलों में प्रतिभाग करना नितांत आवश्यक है । आज के वर्तमान समय में खेलों से प्राप्त उपलब्धि कुछ क्षेत्रों में पढ़ाई को भी पीछे छोड़ देती है । छात्रों के सर्वांगीण विकास में खेलों का अमूल्य योगदान है । इस कार्यक्रम में अनेक छात्रों ने दौड़, डिस्कस थ्रो और जैवलिन थ्रो जैसे कार्यक्रमों में काफी उत्साह के साथ प्रतिभाग किया । प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों को प्रधानाचार्य महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया और अन्य प्रतिभागी छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । इस कार्यक्रम में अररिया कॉलेज अररिया के प्राध्यापक डॉ. अब्दुल सलाम, श्री अमरीश कुमार श्रीवास्तव, डॉ. नोमान हैदर, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. सुलोचना कुमारी, डॉ. पूजा अग्रवाल और शिक्षणेत्तर कर्मी श्री शिवकुमार झा, श्री अबुलैश आलम, श्री नैयर आलम, श्रीमती सोनी सहित उपस्थित थे ।

### जयनगर थाना पुलिस ने 360 लीटर नेपाली देसी शराब समेत एक टाटा सफारी को किया जप्त

**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** जयनगर थाना पुलिस के द्वारा 360 लीटर नेपाली देसी शराब समेत एक टाटा सफारी को जप्त किया गया है।परिवीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष जयनगर के अशुतोष रंजन ने बताया कि सोमवार की देर संध्या को गुप्त सूचना के आधार पर बैरा पंचायत के सुरयाही गॉव में 360 लीटर नेपाली देसी शराब समेत एक टाटा सफारी गाड़ी को बरामद किया गया है।शराब तस्कर टाटा सफारी एंव शराब को छोड़ कर घटनास्थल से भाग निकले।पुलिस गाड़ी मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

प्रशिक्षण प्रखंड परियोजना प्रबंधकों एवं विषयगत प्रबंधकों को 'लोकोस' से संबंधित दी गई विस्तृत जानकारी

# मोबाइल एप्लीकेशन 'लोकोस' पर जीविकाकर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न



**अररिया।** जिला परियोजना समन्वयन इकाई, अररिया की ओर से जीविका कर्मियों के लिए सामुदायिक आधारित संस्थाओं के संरचनात्मक एवं आर्थिक आंकड़ों के संधारण के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन यानी एनआरएलएम द्वारा विकसित की गई 'लोकोस' मोबाइल एप्लीकेशन दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण करवाया गया। यह प्रशिक्षण फारबिसगंज के ग्रीनलैण्ड होटल में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में प्रखंड परियोजना प्रबंधकों एवं विषयगत प्रबंधकों को 'लोकोस' से संबंधित जानकारी विस्तार से दी गई। इसमें यह बताया गया कि अब इस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से एंट्री की जाएगी। जिससे जिले में क्रियान्वित सामुदायिक संगठनों का सभी प्रकार का विवरण राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन यानी एनआरएलएम की वेबसाइट पर लोकोस सेक्शन मे देखा जा सकेगा। लोकेस पर एंट्री होने के बाद एनआरएलएम की वेबसाइट पर कई बिन्दुओं से संबंधित विशलेषनात्मक रिपोर्ट भी देखे जा सकेंगे। प्रशिक्षक के रूप में प्रबंधक सामुदायिक वित्त वीरेन्द्र कुमार, प्रशिक्षण अधिकारी प्रमोद कुमार दत्ता, प्रबंधक मूल्यांकन एवं अनुश्रवण गीता कुमारी ने लोकेस एप्लीकेशन से संबंधित जानकारी को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि इस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से ई-केवाईसी की सुविधा भी उपलब्ध होगी। जिससे सामुदायिक संगठनों के डेटा डुप्लीकेशन पर भी रोक लग सकेगी। इसके अलावा सभी सूचनाएं एक ही जगह उपलब्ध हो सकेगी। इस प्रशिक्षण में 25 प्रशिक्षणार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रशिक्षण सत्र को सफलतापूर्वक संचालित करवाने में प्रबंधक क्षमतावर्द्धन एवं संस्थागत निर्माण राकेश कुमार नीरज ने महती भूमिका निभाई। उनकी अगुवाई में प्रशिक्षणार्थियों ने बेहतर ढंग से प्रशिक्षण लिया। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान लोकोस एप्लीकेशन की महत्ता और उसके उपयोग को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां दी। साथ ही आने वाले दिनों में उसकी उपयोगिता को विस्तार से बताया।

# मधुबनी में 19 सूत्री मांगों को लेकर मुखिया महासंघ के द्वारा धरना आयोजित




**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** समाहरणालय के समक्ष में मुखिया महासंघ मधुबनी के जिलाध्यक्ष रुपम कुमारी के अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया गया।बिहार प्रदेश मुखिया महासंघ पटना के आह्वन पर बिहार के सभी जिला मुख्यालय पर आयोजित धरना ग्राम पंचायत के अधिकार में कटौती के खिलाफ और महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने के लिए 19 मांगों के लिए शांति पूर्ण तरीके से धरना में लोगों ने शामिल हुए।जिलाध्यक्ष रुपम कुमारी ने कही की कबीर अंत्येष्टि योजना,सभी प्रकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पंचायत में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनने की व्यवस्था, मनरेगा के मजदूरों के हित में कार्य, मनरेगा मजदूरों बढ़ाया जाए और समय पर भुगतान की व्यवस्था, प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना इंदिरा गांधी आवास योजना में नए पात्र को जोड़ने की व्यवस्था, गरीब बंचित को अबिलंब राशन कार्ड प्रदान करने के साथ 73 वें संशोधन 29 अधिकारों को पूर्ण रूपेण ग्राम पंचायत को सौंपने ,ग्राम सभा के चयनित योजनाओं की प्राथमिकता , ग्राम सभा कि रक्षा के लिए पारित निर्णयों के अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने सहित कुल 19 मांगों के लिए जिला मुख्यालय में मुखिया महासंघ मधुबनी के द्वारा दिनांक 29 अगस्त 2023 हुआ है ।आगे भी मांगा पूरी नहीं होने तक संघर्ष करती रहेंगी। इसमें 300 से अधिक मुखिया धरना में उपस्थित हुए साथ ही वार्ड सदस्य,पंच, समाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता सहित 1000 से अधिक आम ग्रामीणों ने भी पहुंच कर अपना समर्थन दिया। लोगों ने कहा कि मुखिया के पास आम जनता पहुंच कर अपनी समस्या का निदान आसनी से कर पाते हैं , लेकिन सांसद, विधायक , मंत्री, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के पास आम आदमी नहीं पहुंच पाते हैं। ग्राम पंचायत के अधिकार में कमी के कारण लोगों को समस्या हो रही है। ज्ञात हो कि लोगों के इस समस्या के कारण मधुबनी जिला के विगत जिला परिषद के अध्यक्ष और एम एल सी के चुनाव में राजनीतिक दलों के उम्मीदवार पराजित होकर निर्दलीय प्रत्याशी ने विजाय हुए। आगामी लोक सभा और विधान सभा के चुनाव में भी प्रभाव मधुबनी जिला में पड़ने की संभावना लोगों के बातों से स्पष्ट हुआ।जिला में समाजसेवी विरेन्द्र यादव और जिलाध्यक्ष रुपम कुमारी मधुबनी जिला में उमड़ते हुए नेता प्रतीत हुए।इस मौके पर जिवन कुमार भंडिवार,हरी सहनी,अशोक मंडल, जीतेंद्र सिंह,कपालेश्वर यादव, मदन पासवान,मंजु देवी, मिथिलेश झा, साधना देवी , आशा कुमारी सहित अनेकों ने संबोधित किया।

## ख़ास ख़बर

### सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने जताया विरोध



**राजकुमार झा,/ दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर प्रखंड क्षेत्र के ठूठी पंचायत के वार्ड दो स्थित चैनपुर में प्रधानमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत पीसीसी ढ़लाई कार्य में अनियमितता बरतने का आरोप लगाकर रविवार को ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए काम को बंद करवाकर विरोध प्रदर्शन किया। मुंसी द्वारा ग्रामीणों को समझा कर कार्य को पुनः चालू करवाया गया । ग्रामीणों ने ठीकेदार पर गुणवत्ताविहीन निर्माण करने का आरोप लगाया। स्थानीय ग्रामीण अमित आनन्द कुमार नवीन, लखेन्द्र कुमार राय, रामकुमार राय बबलू, वासदेव राय, अमरेन्द्र कुमार, विनोद राय, बेचू राय, संजीत राय, मनोज ठाकुर, राजकुमार राय सहित दर्जनों लोगों ने बताया संवेदक द्वारा पुरानी जर्जर सड़क पर हीं प्लास्टिक डालकर पीसीसी ढलाई कार्य किया जा रहा है। जिसमें सीमेंट का मात्रा बहुत ही कम है और बालू गिट्टी भी घटिया किस्म का उपयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं कार्य स्थल पर विभागीय जेई के गैर मौजूदगी में निर्माण कार्य किया जाता है। इस संदर्भ में पूछने पर ग्रामीण कार्य विभाग के जेई रामकुमार पौद्दार ने बताया कि यदि संवेदक द्वारा घटिया किस्म के मेटेरियल लगाने व पांच इंच ढलाई होने की स्थिति में निर्माण कार्य की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ।

### अज्ञात चोरों द्वारा बिजली व मोबाइल पार्ट्स के दुकान में लाखों रुपए की हुई चोरी




**सोनू आलम/ दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर ,सुपौल।** जिले में छातापुर प्रखंड के बलुआ थाना अंतर्गत श्याम चौक के समीप एक बिजली व मोबाइल पार्ट्स की दुकान में लाखों रुपए के सामानों को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लेने का मामला सामने आया है। इस बाबत पीड़ित ने बलुआ बाजार थाने की पुलिस से लिखित शिकायत दर्ज कराई है।बलुआ बाजार थाना क्षेत्र के तुलसीपट्टी वार्ड 13 निवासी आशीष कुमार ने झा ने बताया कि वो बीते एक वर्ष से श्याम चौक पर बिजली के सामान और मोबाईल पार्ट्स का दुकान करता है।पीड़ित दुकानदार आशीष कुमार झा ने बताया कि बीते सोमवार के रात 8:00 बजे दुकान बढ़ाकर वापस घर चले गए थे। मंगलवार को रोज की तरह जब दुकान को खोला तो दुकान में रखे तमाम कीमती सामानगायब मिले। दुकान देखा की वेंटीलेटर तोड़कर चोर दुकान में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। उसने बताया कि 10 दिन पहले ही दुकान में कीमती सामानों को लाया था। जिसमें उसका मोबाइल का पार्ट्स, लैपटॉप समेत अन्य दुकान में रखे कीमती सामान को चोर चोरी कर ले उड़े हैं।पीड़ित दुकानदार के दुकान में चोरी की घटना को सुनकर आसपास के लोग घटना को देखने पहुंच गए। वही दुकानदार ने लिखित शिकायत बलुआ बाजार थाने में किया है। बलुआ थानाध्यक्ष प्रमिला ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। फिलहाल मामले में पुलिस जांच कर कानूनी कार्रवाई करेगी।

### गंगा स्नान करने जा रहे ओटो सवार चार लोगों की सड़क दुघर्टना में हुई मौत से परिजनों में मचा कोहराम



**अमरेश कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा ,सुपौल।** जिले में पिपरा थाना क्षेत्र के रामपुर पंचायत वार्ड नंबर 4 भूरारही गांव से मंगलवार की सुबह एक ओटो पर तेरह आदमी सवार होकर गंगा स्नान करने निकले थे कि मधेपुरा चौसा थाना क्षेत्र अंतर्गत कलासन के समीप मंगलवार की सुबह स्कार्पियो और ओटो में भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई सभी मृतक की पहचान पिपरा थाना के राजपुर निवासी श्याम देवी 30 सकुनी देवी 25 राजवीर कुमार 2 और साक्षी कुमारी 9 माह के रूप में हुई है। जानकारी मिली है कि ओटो सवार सभी लोग भागलपुर गंगा स्नान करने जा रहे थे जबकि स्कार्पियो सवार गंगा स्नान करके राघोपुर वापस आ रहे थे। इसी दौरान कलासन में दोनों गाड़ियों के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गयी। जानकारी अनुसार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए भागलपुर जिले के मायागंज अस्पताल रेफर किया गया, जबकि सामान्य रूप से घायल सभी लोगों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौसा में चल रहा है। घटना की जानकारी चौसा पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है। इधर गांव के समाजसेवी राकेश यादव, मोहम्मद इरफान सहित अन्य लोग परिजन को ढांढस बंधाते रहे।

# डीएम ने प्रखंड अंतर्गत संचालित विकासात्मक कार्यो का किया समीक्षा





**राजकुमार झा/ दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले के छातापुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित ललित नारायण मिश्र सभाभवन में मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र में संचालित सरकारी कामकाज की समीक्षा की गई, डीएम कौशल कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में डीडीसी मुकेश कुमार, त्रिवेणीगंज एसडीएम शंभूनाथ सहित कई विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों के अलावे प्रखंड प्रशासन के सभी पदाधिकारी व कर्मी सामिल थे, डीएम ने बैठक के दौरान मनरेगा, आवास, स्वच्छता, समाजिक सुरक्षा पेंशन तथा प्रखंड व पंचायत स्तर पर संचालित विकासात्मक योजनाओं की बारी बारी से समीक्षा की और कई निर्देश दिये, इस दौरान उन्होने पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिए शेष तीन पंचायतों झखाडगढ, चुन्नी व बलुआ पंचायत में एक सप्ताह के अंदर जमीन चिन्हित करने का निर्देश दिया, वहीं पंचायत सरकार भवन के निर्माण में खासकर महम्मदगंज पंचायत में बाधा उत्पन्न हो रही है वहां आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया, वहीं आवास योजना के तहत राशि उठाव कर भवन निर्माण शुरू नहीं करने वाले लाभूकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया, डीएम ने कहा कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत कचरा प्रबंधन का कार्य निरंतर रूप से जारी रखने को कहा, प्रत्येक घर से कचरा उठाव को लेकर प्रतिमाह 30 रूपये शुल्क की वसुली सुनिश्चित करने के लिए सभी पर्यवेक्षकों को शख्त हिदायत दी, डीएम ने प्रखंड क्षेत्र में संचालित सरकारी वैसे विद्यालयों की सुचि बनाने को कहा जो भूमि के अभाव भवनविहीन है, तकरीबन डेढ घंटे तक चली बैठक के बाद डीएम सभागार से बाहर निकले और परिसर में मौजूद एक दिव्यांग यूवक को ट्राई साईकिल प्रदान किया, बैठक में बीडीओ रीतेष कुमार सिंह, सीओ उपेंद्र कुमार, मनरेगा पीओ कौशल राय, बीइओ प्रभा कुमारी, बीपीआरओ देश कुमार, स्वच्छता समन्वयक संजय कुमार, जेइ प्रभात रंजन, आवास पर्यवेक्षक सहित कई विभाग के कर्मी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में 70 वर्षीय बुज़ुर्ग की मौत, परिवार में कोहराम



**अभिषेक आनंद/ दैनिक शुभ भास्कर ,बीरपुर ,सुपौल।** जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत रतनपुर थाना क्षेत्र के समदा चौक के समीप रविवार की देर संध्या बाइक ने एक बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दिया। दुर्घटना ग्रस्त भगवानपुर पंचायत के शिवनगर वार्ड 5 निवासी 70 वर्षीय रामजी मेहता बुजुर्ग की मौत हो गयी। परिवार में कोहराम का माहौल छा गया। सूचना मिलते रतनपुर थाना पुलिस पहुँची और बाइक एवं साईकिल को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गयी। परिजनों ने बताया कि रामजी मेहता दवा खरीदने चौक पर गये थे। इस दौरान तेज रफ्तार भीमनगर की ओर से आ रही बाइक ने टक्कर मार दिया। जिसके बाद उपचार हेतु अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गयी। वही बताया जा रहा है कि बाइक चालक की हालत भी काफी नाजुक है जो हायर सेंटर में इलाजरत है। बाइक चालक रतनपुर पंचायत के पिपराही निवासी अमित कुमार मेहता है। वहीं स्थानीय ग्रामीण विद्यानंद मेहता ,अनिल कुमार यादव, उदित मुखिया, परमानंद यादव ने बताया कि दुर्घटना का कारण NH 106 पर पानी के जल जमाव के कारण हुआ है । हल्की बारिश होने पर भी लगभग 200 फिट में पानी का जल जमाव हो जाता है, NH 106 पर तालाब जैसे दिखने लगता है। इसकी शिकायत कई बार किया गया लेकिन इसका प्रभाव किसी अधिकारी या विभागीय कर्मचारियों को नहीं पड़ता है। साथ ही दुर्घटना के समय प्रशासन मदद करने के बजाय मुख्य दर्शन होकर पुलिस प्रशासन खड़ी थी। घंटो बीत जाने के बाद परिजनों एवं ग्रामीणों की मदद से गाड़ी की व्यवस्था करके अस्पताल भेजा गया।

## सड़क पर मिट्टी डालकर छोड़ दिए जाने से बाजार वासी परेशान



**अमरेश कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर पिपरा सुपौल।** जिले के पिपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कटीन चौक बाजार में एनएच 106 के चौड़ीकरण की मंथर गति से हो रही कार्य और सड़क पर मिट्टी डालकर छोड़ दिए जाने से दुकानदारों में भारी आक्रोश है। दुकानदारों का आरोप है की सड़क निर्माण कंपनी द्वारा सड़क पर काफी ऊंचाई में मिट्टी डाल कर छोड़ दिए जाने से बाजार की स्थिति नारकीय हो गई है। दुकानदारों ने कहा कि बारिश में सड़क का सारा कीचड़ युक्त पानी दुकान में घुस जाता है। जिससे दुकान में सामान का काफी नुकसान हो रहा है। इतना ही नहीं सड़क पर आवाजाही करना भी दूभर हो गया है। जिसके चलते हर दिन बाजार में जाम और दुर्घटना घट रही है।दरअसल यह मामला पिपरा प्रखंड क्षेत्र के कटीन चौक का है। जहां एनएच 106 के चौड़ीकरण को लेकर सड़क निर्माण कंपनी द्वारा सड़क के एक पार्ट में मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। काफी दिन बीत जाने के बाद भी यहां कार्य शुरू नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते एक तरफ सड़क काफी ऊंची हो गई है और एक तरफ सड़क काफी गहरी है। इसके चलते यहां सड़क जाम की स्थिति बनती रहती है। जिसे काफी मशक्कत के बाद हटाया जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी दुकानदारों को रही है। खासकर बारिश के समय सड़क का सारा पानी लोगों के दुकान में घुस जाता है। जिससे उसका सामान बर्बाद हो जाता है। इतना ही इसके चलते लोगो की दुकानदारी भी प्रभावित हो गई है।

# तटबंध के अंदर कोसी से परेशान लोगों का मोयाना करने पहुंची पूर्व प्रमुख सह पंचायत समिति सदस्य सुनीता कुमारी





**सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर ,सुपौल।** जिले में किशनपुर प्रखंड क्षेत्र के कोशी तटबंध के भीतर कोशी से परेशान लोगों का मुआयना करने पहुंची पूर्व प्रमुख सह पंचायत समिति सदस्य सुनीता कुमारी। घर-घर पहुंच कर लोगों के समस्या से रू बरु हुआ वहीं मौके पर श्रीमती कुमारी ने बताई की मेरे पति वर्तमान प्रखंड प्रमुख सूर्यनारायण प्रसाद यादव किसी कारणवश जेल में बंद है। फिर भी हम उसके गरिमा को गिरने नहीं देंगे जो भी हो जाय लेकिन जनता के सुख दुख में साथ दिखेंगे यहीं मेरी प्रतिज्ञा है। नौआबाखर और मौजहा पंचायत में कोशी से हो रही तबाही को देखते हुए मंगलवार को नौआबाखर पंचायत के हासा, परसाही, खाप, चमेलवा, सिमराहा एवं मौजहा पंचायत के सुजानपुर,बेला,बुढ़िया डीह,मुसहरी टोला का भ्रमण किए है। कोशी के पानी में तो कमी आई है लेकिन लोगों के घर आंगन में अभी भी पानी है लोग ऊंचे स्थान पर शरण लिए हुए है। जहां आवश्यकता है वहां शिविर भी चलाई जा रही है। अभी हमने परसाही टीला, मौजहा पुल,खाप आदि जगहों पर शिविर में भी पहुंचे जहां लोग आकर खाना भी खा रहे है वहीं कोशी से परेशान लोगों ने बताया की कोशी की मार तो हमलोग किसी तरह झेल लेते है लेकिन भोजन बिना हमलोग का जीवन नहीं चल सकता है। इसलिए शिविर की अभी आवश्यकता है यह चलने दिया जाय। वहीं श्रीमती कुमारी ने बताई की जिला से लेकर प्रखंड स्तर के अधिकारी भी कोशी वासी की समस्या से रू बरु हो रहे है। जो भी समस्या आता है उसका शीघ्र ही निदान किया जाता है। सबसे बड़ी बात तो यह है की प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी के द्वारा भी लोगों को सहायता पहुंचाया जाता है। मौके पर ग्रामीण पंचायत समिति सदस्य शालेंद्र कुमार,समाज सेवी उपेंद्र कुमार यादव,कमलेश्वरी सदा,अरविंद यादव,फिरोज आलम,मनोहर साह,दशरथ यादव,रमेश यादव,पप्पू कुमार यादव,संजय महतों,संजीव यादव,पैक्स अध्यक्ष पप्पू चौधरी आदि लोग उपस्थित थे।

### टी पी कॉलेज जंतु विज्ञानं विभाग में विट्रो फ़र्टिलाइजेशन टॉपिक पर संगोष्ठी का आयोजन



**मधेपुरा।** टी पी कॉलेज के स्नातकोत्तर जंतु विज्ञान विभाग के थर्ड सेमेस्टर के छात्रों के लिए एडवांटेज एंड डिसडवांटेज ऑफ़ इन विट्रो फ़र्टिलाइजेशन टॉपिक पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे स्नातकोत्तर थर्ड सेमेस्टर के सभी सैकड़ो छात्र छात्राए शामिल होकर व्याख्यान दिये, संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुवे स्नातकोत्तर जंतु विज्ञानं विभाग के विभागध्यक्ष डॉ पंकज कुमार ने कहा की नशीले पदार्थ के सेवन से आजकल इन्फेर्टिलिटी बढ़ रहा है और लोगों में स्पर्म और ओवम का निर्माण कम होने के कारण से लोगों में नपुंशकता बढ़ रहा है जिसके लिए इन विट्रो फ़र्टिलाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से लोगों को बच्चे का लाभ मिलता है वही संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुवे विभाग के अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि अनियमित खान पान और बढे हुवे उम्र में विवाह,बढ़ती बेरोजगारी के इस युग में व्यस्तता और तनाव आदि के कारणों से लोगों में इन्फेर्टिलिटी बढ़ रहा है और 15से 20% लोग नपुंसकता का शिकार हो रहें हैं जिसके लिए चिकित्सा जगत के आधुनिक खोज की ऊपज के कारण ऐसे नपुंसक लोग भी मातृत्व और पैतृत्व सुख प्राप्त कर रहें हैं संगोष्ठी को डॉ सीमा कुमारी, जंतु विज्ञान के शोधार्थी आनंद कुमार भूषण ने भी सम्बोधित किया वहीकार्यालय कर्मचारी पांचू, संजय छात्र स्वेत प्रकाश, निखिल नीरज कुमार निराला, शिवदत्त, अमरेंद्र, मिथिलेश, प्रियंका, पूजा, नेहा, अंजलि, स्मिता आदि सहित सैकड़ो छात्र एवं छात्राए शामिल थे।

### भूपेन्द्र नारायण मंडल वाणिज्य महाविद्यालय साहुगढ़ मधेपुरा का कुलपति ने किया औचक निरीक्षण



**मधेपुरा।** भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई भूपेन्द्र नारायण मंडल वाणिज्य महाविद्यालय साहुगढ़, मधेपुरा में चल रही डीपी-II 2023 की परीक्षा एवम पार्ट वन की हो रही प्रायोगिक परीक्षा के दौरान हीं बी एन एम यू के माननीय कुलपति प्रोसेसर (डा.) आर के पी रमण मंगलवार को औचक निरीक्षण करने हेतु कॉलेज पहुंच गए।प्रधानाचार्य के वेश्म में माननीय कुलपति ने विभिन्न बिंदुओं पर बारिकी से जांच की। इस दौरान महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मियों के उपस्थिति पुस्तिका को भी देखा और महाविद्यालय के कार्य प्रणाली से संतुष्ट दिखे। निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य कक्ष में प्रिंसिपल सर डा.अरविंद कुमार,वरीय प्राध्यापक प्रो. डा. मनोरंजन प्रसाद, डा.मृत्युंजय बाबू, डा.निजामुद्दीन, डा.शंभू राय, डा.प्रभाकर, डा.ऐश्वर्य सहित कई प्राध्यापक , लेखापाल, आदि मौजूद रहे गई।प्रधानाचार्य सह केन्द्राधीक्षक भू० ना० मं० वा० महाविद्यालय साहुगढ़-मधेपुरा डा.अरविंद कुमार ने बताया कि कुलपति महोदय कॉलेज का औचक निरीक्षण किए।

### जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने रखी लायर्स हॉल की आधारशिला



**अभिषेक आनंद/ दैनिक शुभ भास्कर ,बीरपुर, सुपौल।** जिले में वीरपुर अनुमंडल क्षेत्र के व्यवहार न्यायालय वीरपुर परिसर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार जायसवाल ने सोमवार को वीरपुर व्यवहार न्यायालय परिसर में 64 लाख 63 हजार 400 रुपये की लागत से बनने वाले लायर्स हॉल की आधारशिला रखी और भूमिपूजन किया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि आज का दिन काफी शुभ है।व्यवहार न्यायालय परिसर में मेरे द्वारा लायर्स हॉल की आधारशिला भूमिपूजन कर रखी गयी है। इस लायर्स हॉल के बन जाने से सभी अधिवक्ताओ को एक जगह बैठने की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।सभी कुछ ब्यबस्थित हो जाएगा।अधिवक्ताओं को विधि ब्यबसाय करने में इस लायर्स हॉल के बन जाने से सहूलियत होगी।।यह हॉल फरवरी 2024 तक बनकर तैयार हो जाएगा।हम सभी की जिम्मेदारी है कि यह बेहतर एवं मजबूत बने इसकी निगरानी रखी जाय।पत्रकारो की ओर से व्यवहार न्यायालय भवन निर्माण में बेहतर ईट एवं सरिया नही लगाए जाने की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया तो उनका कहना था कि क्वालिटी के साथ कोई समझौता नही किया जाएगा।भवन मजबूत और सुंदर बने इसके लिए कोई कसर नही छोड़ी जा सकती है। डीएम सुपौल से भी इस मामले को लेकर बैठक हुई है।संवेदक को एसीसी सीमेंट एवं टाटा का सरिया लगाने का सख्त निर्देश दिया गया हैं। मोके पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सचिन कुमार, एसडीजे हेमंत कुमार, मुंसिफ मजिस्ट्रेट कंचन यादव, एसडीपीओ पंकज कुमार मिश्रा, विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, सचिव लक्ष्मी नारायण राण, प्रभाकर सिंह, शैलेन्द्र प्रसाद मंडल, मिथिलेश कुशवाहा, सिकन्दर आलम ,अशोक खेड़वार, नागेश्वर यादव, मृत्युंजय सिंह, कौशलेंद्र कण्ठ, रामचंद्र प्रसाद, किशन प्रसाद यादव, श्यामानंद मिश्र, राजनारायण देव्, सत्य नारायण साह, अशोक झा, विष्णुदेव बहरखेड़, देवचन्द्र मेहता, सुबोध शर्मा, विश्वनाथ दास, चन्द्रशेखर वर्मा, शशिशेखर वर्मा, मुरारी झा, सन्ध्या झा, रंजीत कुमार वर्मा आदि अधिवक्ता गण उपस्थित थे।

**जानकारी** लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उन्होंने हर संभव निदान करने का आश्वासन दिया

# राजद के पूर्व विधायक यदुवंश कुमार यादव के द्वारा प्रखंड के बाढ़ पीड़ित क्षेत्र का किया मुआयना



**सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर, सुपौल।** जिले में किसनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजद के पूर्व विधायक सह राष्ट्रीय महासचिव यदुवंश कुमार यादव ने रविवार को प्रखंड के विभिन्न गांव जाकर बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनके हाल-चाल की जानकारी ली। लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उन्होंने हर संभव निदान करने का आश्वासन दिया। बाढ़ भ्रमण के बाद विधायक श्री यादव ने बताया कि सुजानपुर, दुबियाही, तथा सुकुमारपुर, मौजहा, गांव गए थे । जहां मौजहा के वार्ड नंबर 3 में सरकारी स्तर से कुछ भी व्यवस्था नहीं दिया गया है बाढ पिङित परिवार शिविर दूर होने के कारण भोजन नहीं कर पाता है तथा सुकुमारपुर वार्ड नंबर 11 एवं 12 में भी सरकारी स्तर से कोई सहायता बाढ़ पीड़ितों को नहीं दिया गया है। मौजहा वार्ड नंबर 8 में शिविर चल रहा है । जहां पर सरकारी स्तर पर शिविर होने के नाते उसमें बैनर नहीं लगाया गया है। जबकि सरकारी शिविर चल रहा है तो बैनर जरूरी है। उस शिविर में मौजहा के एक भाग बेला गांव के लोग नदी पार करके भोजन करने के लिए नहीं पहुंचे पता है, इसलिए उस गांव के लोगों को सूखा राहत देना अति आवश्यक है। उन्होने कहा कि सरकार के तरफ से बाढ पिङित परिवार के लिए हरसंभव मदद करने का प्रयास किया जा रहा है। लोगो को भोजन शिविर के अलावे सुखा राशन जिन परिवार के घर आंगन मे पानी लगा हुआ है उस परिवार को उंचे स्थान पर रहने एवं माल-मवेशी के अलावे अन्य प्रकार के सुविधा हेतु प्लास्टिक एवं लोगो को बिमारी से राहत के लिए सभी जगहो पर मेडिकल शिविर का आयोजन करने का निर्देश अधिकारी को दिया गया है।वही जरूरत के अनुसार तटबंध के अंदर पर्याप्त नाव बहाल कर लोगो को सुविधाए देने का निर्देश है लेकिन निचले स्तर पर स्थानीय अधिकारी के लापरवाह रवैए के चलते सही बाढ पिङित को जमीनी स्तर पर सुविधाए नही मिल पा रहा है जो बहुत ही दुखद है।मैने नाव अधिकारी को चाहिए कि तटबंध के अंदर जाकर लोगो के समस्या को सुने और उन्हे सरकार के द्वारा दिए जाने वाले लाभ सही लाभुक तक पहुंचे जिन अधिकारी को जिम्मे दिया गया है अगर जब उनके द्वारा लापरवाही बरती गई है।तो उन अधिकारी को चिन्हित कर कार्यवाई करे ताकि सही लोगो को सरकारी लाभ मिल सके ।उन्होने कहा कि सरकार द्वारा करोङो रूपया बाढ पिङित के लिए दिया जा रहा है लेकिन अधिकारी लोगो आपदा मे अपने धन कमाने मे लगा हुआ है। वही मौजहा गांव स्थित पुल मे एप्रोच ढहने को लेकर प्रशासन को अविलंब कार्यवाई करने का निर्देश दिया। इस मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष जयप्रकाश कुमार उर्फ मंगल यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**राजकुमार झा,/ दैनिक शुभ भास्कर ,छातापुर, सुपौल।** जिले के छातापुर मुख्यालय बाजार स्थित ब्लॉक चौक के पास यात्री निवास परिसर में सोमवार को प्रखंड मुखिया संघ के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष किशोर कुमार मुन्ना ने की। आयोजित धरना में अधिकांश पंचायतों के मुखिया सामिल हुए। धरना कार्यक्रम के बाद 19 सुत्री मांगों का पत्र प्रखंड कार्यालय को समर्पित किया गया। प्रखंड अध्यक्ष श्री मुन्ना ने कहा कि बिहार सरकार के इशारे पर पंचायत प्रतिनिधियों को भयभीत करने का जो खेल हो रहा है उसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पंचायती राज व्यवस्था के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग जनप्रतिनिधि के बदले प्रशासन के अधिकारी, पदाधिकारी व कर्मी कर रहे हैं और कार्य एजेंसी से सांठगांठ कर योजना राशि का बंदरबांट हो रहा है। सरकारी आदेश का हवाला देकर जनप्रतिनिधि पर सिर्फ जिम्मेवारी सौंपी जा रही है। प्रदेश मुखिया महासंघ के आह्वान पर सभी मुखिया 16 से 31अगस्त तक हड़ताल पर रहकर सरकारी कामकाज का बहिष्कार कर रहे हैं। मधुबनी पंचायत के मुखिया सीतानंद झा उर्फ सुनील बाबु ने कहा कि लोकसभा व विधानसभा के बाद ग्राम पंचायत ही कार्यपालिका है, जहां क्षेत्रीय विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं का कार्ययोजना तैयार कर उसे पारित किया जाता है, तपश्चात प्राथमिकता तय कर उसके क्रियान्वयन का अधिकार है, परंतु पंचायतीराज व्यवस्था एक्ट से विपरीत जाकर बिहार सरकार जनप्रतिनिधियों के अधिकार का हनन ही नहीं बल्कि उसे अपमानित भी कर रही है। मनमानी इस कदर है कि ग्राम पंचायत को निष्क्रिय बना दिया गया है। आवास योजना के लिए पंचायत में किस लाभार्थी का चयन होता है और किसे भूगतान होता जाता है ग्राम पंचायत को इसका पता भी नही चलता है। ग्राम पंचायत को लाभार्थी की सुचि को सिर्फ आमसभा से पारित करने का फरमान जारी होता है, चुन्नी पंचायत के मुखिया शंभू कुमार सिंह ने कहा कि सरकार के गलत नीतियों के विरोध में यह धरना है, पंचायत में जिस विकासात्मक कार्य या जन कल्याणकारी योजना की जरूरत है उसे ग्राम पंचायत ही तय करेगी। लेकिन गलत नीतियों का विरोध करने पर जिला प्रशासन जनप्रतिनिधि को घेरने का काम करती है। ब्रैडा द्वारा वार्डों में घटिया किश्म का सोलर लाइट लगाया जा रहा है उससे पंचायत के मुखिया की बदनामी हो रही है। सरकार का अनैतिक फरमान जारी होना बंद नहीं हुआ तो सभी मुखिया सामूहिक रूप से इस्तीफा देंगे और जरूरत पडी तो आत्मदाह करने को विवश हो जायेंगे। मुख्यालय पंचायत की मुखिया बीवी साजदा खातुन ने सरकार से ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों का बेतन/ भत्ता में वृद्धि करने की मांग की, कहा कि सरकार यदि मुखिया को सुरक्षा गार्ड नहीं दे सकती तो कम से कम हथियार का लाइसेंस सरल तरीके से मिलना चाहिए। माधोपुर मुखिया इशरत प्रवीण ने कहा कि मुखिया संघ का यह लडाई वाजिब है, सोलर लाइट प्रशासन लगायेगी और भूगतान ग्राम पंचायत करेगा यह चलने वाला नहीं है। सवाल करने पर प्रशासन सरकार के निर्देश का हवाला देती है, घटिया लाइट का विरोध कर रही आमजनता मुखिया को इसके लिए जिम्मेदार ठहराती है। कार्यक्रम को मुख्यालय पंचायत के मुखिया पति मकसूद मसन, रामपुर के मुखिया प्रतिनिधि मो हासिम, घिवहा मुखिया गजेंद्र कुमार राम, झखाडगढ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि भूपाल सिंह, राजेश्वरी पूर्वी के प्रभू कुमार प्रेम, सोहटा के उपेंद्र शर्मा, लालगंज के बिनोद सरदार ने भी संबोधित किया।

## ख़ास ख़बर

### आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया

**नासरीगंज(रोहतास)**। स्थानीय बरडीहां गांव में निर्वाण नेत्रालय ताराचंडी के बैनर तले आँख जांच शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने आंख जांच कर उचित परामर्श व दवाइयां प्राप्त किया। उक्त जांच शिविर में नेत्रालय के ब्रांड एंबेसडर सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि उक्त शिविर प्रत्येक गांव में नेत्रालय के बैनर तले डा. अरविंद कुमार के द्वारा कराया जाएगा। बताया कि सिक्स विधि द्वारा मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन मात्र 2400 में लेंस लगाकर किया जाता है। इसके अलावे रोगियों को दवा,काला चश्मा,एवं रहने खाने तथा नेत्रालय में आवगमन की सारी सुविधाएं निशुल्क प्रदान की जाती है। उक्त नेत्रालय में गरीब एवं असहाय रोगियों का निशुल्क ऑपरेशन भी किया जाता है। मौके पर नेत्र चिकित्सक समेत बड़ी संख्या में लाभुक ग्रामीण उपस्थित थे।

### शिक्षा सेवक व प्रधानाध्यापक सावधान,बिना कार्य के अबसेंटी दिया तो खैर नही

**आरा**। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (साक्षरता)भोजपुर ने पत्रांक 282 दिनांक 28/10/2022 के अपने कार्यालय आदेश के तहत शिक्षा सेवक के चयन एवं सेवाशर्त के मार्गदर्शिका 2018 के आलोक में कार्य अवधि का निर्धारित किया है।जिसके तहत सुबह 8 बजे से सुबह 9 बजे तक टोले में बच्चों का कोचिंग संचालन तथा एकत्रित कर एक साथ विद्यालय लाना।सुबह पूर्वाह्न 9 बजे से पूर्वाह्न 11 बजे तक चेतना सभा तथा दो घण्टे विद्यालय में रहकर बच्चों को विद्यालय में दी जा रही शिक्षा के साथ जुड़ने में सहयोग।अपराह्न 1 बजे से अपराह्न 2 बजे तक 15 से 45 आयु वर्ग की असाक्षर महिलाओं को पढ़ना।अपराह्न 2 बजे से अपराह्न 3 बजे तक अभिभावकों से सम्पर्क तथा जन जागरूकता को फैलाना आदि शामिल है।जिला कार्यक्रम पदाधिकारी भोजपुर ने सभी शिक्षा सेवको को निर्देश दिया है कि उपरोक्त समयानुसार दिए गए दायित्वो का निर्वाहन करना है।साथ ही सभी संबंधित प्रधानध्यापको को पत्र के आलोक में अनुपालनार्थ पत्र भेजा है।डीपीओ ने कहा कि कार्य मे लापरवाही वरते वालो पर कड़ी करवाई की जाएगी।सब पढ़े सब बढ़े का लक्ष्य विभाग का दायित्व है। अनपढ़ महिलाओं को साक्षर करना भी लक्ष्य है।प्रधानाध्यापक समय सारणी पर नजर रखे तथा समय सारणी का अनुपालन नही होने पर विभाग को सूचित करें तथा समय सारणी के अनुसार कार्य नही करने पर अबसेंटी नही दे। समय सारणी के तहत कार्य नही करने और गलत अबसेंटी देने वाले प्रधानध्यापको पर भी करवाई की जाएगी।

### शिक्षा सेवक व प्रधानाध्यापक सावधान,बिना कार्य के अबसेंटी दिया तो खैर नही

**आरा**। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (साक्षरता)भोजपुर ने पत्रांक 282 दिनांक 28/10/2022 के अपने कार्यालय आदेश के तहत शिक्षा सेवक के चयन एवं सेवाशर्त के मार्गदर्शिका 2018 के आलोक में कार्य अवधि का निर्धारित किया है।जिसके तहत सुबह 8 बजे से सुबह 9 बजे तक टोले में बच्चों का कोचिंग संचालन तथा एकत्रित कर एक साथ विद्यालय लाना।सुबह पूर्वाह्न 9 बजे से पूर्वाह्न 11 बजे तक चेतना सभा तथा दो घण्टे विद्यालय में रहकर बच्चों को विद्यालय में दी जा रही शिक्षा के साथ जुड़ने में सहयोग।अपराह्न 1 बजे से अपराह्न 2 बजे तक 15 से 45 आयु वर्ग की असाक्षर महिलाओं को पढ़ना।अपराह्न 2 बजे से अपराह्न 3 बजे तक अभिभावकों से सम्पर्क तथा जन जागरूकता को फैलाना आदि शामिल है।जिला कार्यक्रम पदाधिकारी भोजपुर ने सभी शिक्षा सेवको को निर्देश दिया है कि उपरोक्त समयानुसार दिए गए दायित्वो का निर्वाहन करना है।साथ ही सभी संबंधित प्रधानध्यापको को पत्र के आलोक में अनुपालनार्थ पत्र भेजा है।डीपीओ ने कहा कि कार्य मे लापरवाही वरते वालो पर कड़ी करवाई की जाएगी।सब पढ़े सब बढ़े का लक्ष्य विभाग का दायित्व है। अनपढ़ महिलाओं को साक्षर करना भी लक्ष्य है।प्रधानाध्यापक समय सारणी पर नजर रखे तथा समय सारणी का अनुपालन नही होने पर विभाग को सूचित करें तथा समय सारणी के अनुसार कार्य नही करने पर अबसेंटी नही दे। समय सारणी के तहत कार्य नही करने और गलत अबसेंटी देने वाले प्रधानध्यापको पर भी करवाई की जाएगी।

### जेडपीएस में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को किया गया याद



**फारबिसगंज**। जोगबनी के जेनिथ पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य मे हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के तैल चित्र पर पुष्प माला पहना कर श्रद्धांजलि दी गई। स्कूल की प्रिंसिपल कविता खान ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देते हुए कहा की आज का दिन हॉकी के महान खिलाड़ी के याद मे राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है।खेल से शरीर और मस्तिष्क दोनो ही मजबूत होते है । इसके बाद स्कूल के चारो हाऊस के बीच एक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता को सूचारु रूप से आयोजित करने के लिए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से आये स्कूल के ट्रेंड खेल प्रशिक्षक विवेक कुमार और विकास कुमार ने अपनी महती भूमिका निभाई।इस प्रतियोगिता मे तीसरे स्थान पर चाणक्य हाऊस रहा।जबकि प्रथम स्थान पर आर्यभट्ट हाऊस और दूसरे स्थान पर बुद्धा हाऊस की टीम रही।जिसमे आर्याभट्ट हाऊस ने 25 - 11 से जीत हासिल की ।खेल प्रशिक्षक विकास कुमार ने बताया की सीबीएसई के द्वारा आगामी कलस्टर खेल प्रतियोगिता मे इन्ही खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ट खिलाड़ियों को चुना जायेगा ।

# कजरा धार पर पुल की मांग को लेकर जल सत्याग्रह



**फारबिसगंज**। फारबिसगंज शहर से सटे रामपुर दक्षिण पंचायत से होकर बहने वाली कजरा धार पर पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जल सत्याग्रह किया। धार में खड़े होकर ग्रामीणों ने पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए पुल निर्माण की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। जल सत्याग्रह कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि धार के पश्चिम दिशा में रहने वाले लोगों को बारिश के समय आवागमन में भारी परेशानी होती है।लोगों की आवाजाही पूरी तरह से ठप्प हो जाती है और आने जाने के लिए मात्र एक नाव सहारा बन जाता है।जबकि बरसात के बाद ग्रामीण आपस में चंदा इकट्ठा कर बांस के चचरी पुल का निर्माण कर आवाजाही करते हैं लेकिन बरसात के दिनों में धार में जलस्तर बढ़ जाने के कारण चचरी का पुल हर साल बह जाता है और साथ ही बह जाते हैं आवागमन का जरिया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि कजरा धार पर पुल निर्माण की मांग वर्षों से होती आई है लेकिन प्रशासनिक अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि तक इस पर संज्ञान नहीं ले रहे हैं।पुल निर्माण को लेकर पूर्व में भी जनांदोलन हुआ लेकिन हरेक बार आश्वासन की घुट्टी पीला दी जाती है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पुल के अभाव में शादी विवाह के मौसम में दरवाजे तक बरात गाड़ी से नहीं पहुंच पाते हैं और मोटरसाइकिल से किसी तरह दूल्हा को दरवाजे तक लाया जाता है और फिर शादी के बाद पैदल या मोटरसाइकिल से चचरी के सहारे धार को पार कर गंतव्य तक पहुंचा जाता है।सबसे ज्यादा दिक्कत तब होती है,जब गांव में किसी की मौत हो जाती है और धार के पूरब में बने कब्रिस्तान तक जनाजे को ले जाना पड़ता है।बावजूद इन सबके जनप्रतिनिधियों का इस मसले पर सुधि लेने की फुर्सत नहीं है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि फारबिसगंज के रामपुर दक्षिण पंचायत में अवस्थित कजरा धार में पक्का पुल नहीं होने के कारण इस्लामपुर, धत्ता टोला,कमला भित्ता,महादलित टोला,रेवाड़ी,गोहाटी,मुसहरी टोला, कन्हैली, मझुआ के लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।धार को पार करने के क्रम में आए दिन हादसे होते रहते हैं,लेकिन समस्या के समाधान की दिशा में किसी के कान पर जूं तक नहीं रेंगती।

## भोजपुर में कीटनाशक का सेवन करने से युवक की हालत बिगड़ी



**आरा**। भोजपुर जिले के आयर थाना क्षेत्र के इचरी गांव में मंगलवार की दोपहर एक युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई। इसके बाद परिजन द्वारा उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार उक्त युवक आयर थाना क्षेत्र के इचरी गांव निवासी रामराज शर्मा का 20 वर्षीय पुत्र उत्तम कुमार है। घटना के संबंध में बताया है कि मंगलवार की दोपहर वह बाजार से घर वापस लौटा और अपने कमरे चला। उस वक्त घर के सभी लोग अपने काम में व्यस्त थे। उसी बीच उक्त युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। हालांकि उक्त युवक ने कीटनाशक का सेवन क्यों किया इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार पति-पत्नी के बीच हुए मामूली विवाद के बाद गुस्से में आकर उक्त युवक द्वारा कीटनाशक का सेवन करने की बात सामने आ रही है।

## करंट की चपेट में आने से नल जल ऑपरेटर की मौत



**आरा (भोजपुर)**। शाहपुर थाना क्षेत्र के सहजौली गांव में मंगलवार की दोपहर करंट की चपेट में आने से एक नल जल ऑपरेटर की मौत हो गई। बताया जाता है कि इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल ले जाने के क्रम में ही उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के सहजौली का निवासी स्व. परमेश्वर ओझा के 52 वर्षीय पुत्र हरेंद्र ओझा है। जो नलजल कार्यालय में मोटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। इधर मृतक के चचेरे भाई धनेश ओझा ने बताया कि वह गांव में ही स्थित नलजल योजना कार्यालय में मोटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। हर रोज की तरह वह मंगलवार की दोपहर भी नलजल का मोटर बंद करने जा रहे थे। उसी दौरान वही करंट की चपेट में आ गए और बुरी तरह घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। कुछ देर बाद जब परिजन वहां पहुंचे और उन्होंने उन्हें बेहोशी हालत में जमीन पर पड़ा देखा तो परिजन उन्हें इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदस्य अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर थे। मृतक के परिवार में पत्नी शकुंतला देवी व दो पुत्र अमन ओझा एवं अमित ओझा है। हादसे के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। वहीं इस हादसे के बाद मृतक की पत्नी शकुंतला देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## पटना से नेपाली नागरिक के शव को नेपाल भारत रेल यात्री सहजीकरण समिति के सौजन्य से परिजनों को सौंपा गया



**फारबिसगंज**। पटना रेलवे स्टेशन पर पांच दिन पहले लावारिश अवस्था में पड़े नेपाली नागरिक सुरेंद्र कुमार पौडेल के शव को नेपाल भारत रेलयात्री सहजीकरण समिति के सौजन्य से मंगलवार को परिजनों को सौंपा गया।नेपाल भारत रेलयात्री सहजीकरण समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा ने जोगबनी जीआरपी कार्यालय में सारा दस्तावेज बनाकर थानाध्यक्ष को सौंपते हुए शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पटना रेलवे स्टेशन पर पांच दिन पूर्व मृत अवस्था मे मिले नेपाल के विराटनगर वार्ड संख्या 8 निवासी सुरेंद्र कुमार पौडेल के रूप में शिनाख्त के बाद पटना से जीआरपी के सिपाही बृजेश कुमार शव को लेकर जोगबनी जीआरपी कार्यालय पहुंचा।संस्था के अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा ने बताया की जब इस बात की जानकारी शनिवार को मिली की नेपाल के एक नागरिक का शव पटना जंक्शन पर मिला है तो नागरिकता के अधार पर खोज करने पर विराटनगर महानगरपालिका वार्ड संख्या आठ के वार्ड अध्यक्ष राम पोखरेल ने अपने वार्ड के होने की पुष्टि की। तत्पश्चात उनके भाईयों को संपर्क स्थापित किया गया।उनके परिजन के आने के बाद जोगबनी से जीआरपी पटना के सिपाही के साथ शव लाने के लिए भेजा गया।वही इस कार्य मे नेपाल भारत रेल यात्री सहजीकरण समिति के उपाध्यक्ष पवन बिक्रम शाह,प्रमुख सलाहकर महेश शाह स्वर्णकार, वार्ड पार्षद प्रभात सिंह, नेपाल केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो मोरंग के वरिष्ठ सहायक कामेश्वर शाह सहित अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।वही रेल यात्री सहजीकरण समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा ने बताया की नेपाल शव ले जाने के लिए आवश्यक कागजात की प्रक्रिया विराटनगर महानगरपालिका वार्ड संख्या आठ के वार्ड अध्यक्ष राम पोखरेल के समन्वय मे पूरी की जा रही है।

### आरा में मोबाइल टूट जाने को लेकर जेठानी ने की देवरानी की पिटाई



**आरा**। भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव में मंगलवार की सुबह मोबाइल टूट जाने को लेकर जेठानी ने अपने देवरानी की जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी महिला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव निवासी सुधीर कुमार की 22 वर्षीया पत्नी पूनम देवी है। इधर जख्मी महिला के देवर संजीत कुमार ने बताया कि छोटी भाभी पूनम देवी से उनकी बड़ी भाभी का मोबाइल टूट गया था। जिसको लेकर उनकी बड़ी भाभी द्वारा उनसे मोबाइल मांगा जा रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच पहले तीखी नोंक-झोंक हुई। जिसके बाद दोनों आपस भीड़ गई और मारपीट करने लगी। मारपीट के दौरान उसकी बड़ी भाभी ने उसकी छोटी पूनम देवी को दीवार में लड़ा दिया। जिससे उनका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इसके बाद उसे इलाज के लिए आरा अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।

### महिलाव मेकअप फॉर यू सैलून का उद्घाटन



**आरा (भोजपुर)**। शहर क्षेत्र के केजी रोड गर्ल्स स्कूल समीप मंगलवार को मेकअप फॉर यू सैलून का उद्घाटन डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सह भाजपा नेता सरोज सिंह ने किया। इस मौके पर सरोज सिंह ने कहा कि इस सैलून के खुलने से शहर की महिलाओं को काफी सुविधा मिलेगी। अब उन्हें पटना नहीं जाना पड़ेगा। अच्छे-अच्छे प्रतिष्ठान विकास के द्योतक होते हैं। इस मौके पर मेकअप फॉर यू ब्यूटी पार्लर के डायरेक्टर बादल विराट ने कहा कि यहां महिलाओं के लिए पार्टी मेकअप, इंगेजमेंट मेकअप, ब्राइडल मेकअप, रिसेप्शन मेकअप, एयरब्रश मेकअप, एचडी मेकअप की सुविधा उपलब्ध रहेगी, इसके अलावे हेयरकट, हेयर स्पा, हेयर हाई लाइट्स की भी सुविधा मिलेगी। वही फेशियल, बॉडी पॉलिश, फुल बॉडी वैक्सिंग, फुल बॉडी ब्लीचिंग की भी सुविधा है। सैलून में बाहर से प्रशिक्षित कारीगरों को बुलाया गया है। ताकि ग्राहकों को बेहतर सब बेहतर सुविधा दिया जा सके। वहीं ग्राहकों के लिए समय-समय पर ऑफर दिया जाएगा। ताकि शहर की महिला इस ऑफर का लाभ उठा सकें। इस मौके पर मेकअप फॉर यू ब्यूटी पार्लर की संचालिका काजल कुमारी,मनीष कुमार,अमन पांडेय, रघुनंदन कुमार,सन्नी कुमार,जितेंद्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### जीवन उत्सव पब्लिक स्कूल चंदनपुरा में मनाया गया वैदिक रक्षाबंधन



**तिलौथू (रोहतास)**। स्कूल शिक्षा के साथ-साथ संस्कार एवं भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में हमेशा अग्रसर एवं चर्चाओं में रहता है तिलौथू प्रखंड स्थित जीवन उत्सव पब्लिक स्कूल चंदनपुरा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय में 29 अगस्त 2023 को बहन भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर भाई के शुभ संकल्प के साथ तेजस्वी ओजस्वी एवं शुभ आभा के साथ वैदिक रक्षा सूत्र बांधकर इस कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाया इस निश्छल प्रेम को देख सभी भाई-बहन की आंखों में आंसू छलक पड़ा वहीं बहनों को भाई ने भी कुछ पुरस्कार देकर खुश रहने के लिए संकल्प के साथ ईश्वर से प्रार्थना किया इस कार्यक्रम में शिक्षक मोहम्मद सफदर अली जी, मनीष कुमार जी, सत्येंद्र जी, मुकेश ,राहुल ,श्याम ,धीरज, रितिक ,एवं शिक्षिका डिंपल, पुष्पा ,शबनम ,जानू गुप्ता,कृतिका ,एवं शबीना उपस्थित थे अंत में प्रधानाध्यापक सुनील कुमार इस कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए सभी शिक्षक शिक्षकों को बधाई दिया।

### जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के शिकायत पर प्रखंड प्रमुख ने की एस एफ सी गोदाम का निरीक्षण



**बिक्रमगंज**। प्रखंड क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को शिकायत पर प्रखंड प्रमुख बिक्रमगंज राकेश कुमार सिंह उर्फ वाली सिंह ने बिस्कोमान परिसर में स्थित एस एफ सी के गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ बिक्रमगंज अमित प्रताप सिंह भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान कई तरह की खामियां पाई गई। प्रमुख ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों ने शिकायत की थी कि एस एफ सी गोदाम पर कभी भी गोदाम प्रबंधक नहीं रहते हैं। कई नाजायज कर्मियों को रख कर काम कराते हैं। ये लोग राशन कम वजन में देते है और शिकायत करने पर यहां तैनात प्रबंधक के लठैत दुर्व्यवहार करते हैं तथा मारपीट करने को तैयार हो जाते हैं। कई माह से बोला के राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उधर ट्रांसपोर्टर दुकान तक राशन नहीं पहुंचाते है, साथ हीं पालदारी की मांग करते हैं। दुकानदारों के इन शिकायतों की जांच की गई तो लगभग सभी शिकायतें सही पाई गई। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विभाग के वरीय पदाधिकारी को रिपोर्ट किया जाएगा और गोदाम प्रबंधक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की जाएगी।

**संदेश** पेड़ पौधों में रक्षा सूत्र बांधकर मानव जीवन को दीर्घता प्रदान करने के लिए पेड़ों के दीर्घायु की कामना की

## पेड़ को राखी बांधकर पेड़ों को बचाने का संदेश छात्राध्यापक छात्राध्यापिकाओं ने दिया



**फारबिसगंज**। फारबिसगंज कॉलेज के बीएड प्रभाग में छात्राध्यापक छात्राध्यापिकाओं ने मंगलवार को पर्यावरण संकट की समस्या और बचाव को लेकर कॉलेज के अगल बगल में लगे पेड़ पौधों में रक्षा सूत्र बांधकर मानव जीवन को दीर्घता प्रदान करने के लिए पेड़ों के दीर्घायु की कामना की। छात्राध्यापक और छात्राध्यापिकाओं ने अपने हाथ से राखी का निर्माण कर विभाग के किनारे लगे पेड़ों को बचाने के लिए उस पर राखी बांधी। बी.एड प्रभाग के कला शिक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने राखी पेड़ों को बांधकर यह प्रण लिया कि वह पेड़ों को बचाएंगे और पेड़ों को लगाएंगे| पेड़ों को राखी बांधने के पीछे पेड़ों को बचाने का प्रयास के लिए मुहिम करार दिया| जिस तरह भाइयों के कलाई पर राखी बांध, वह रक्षा का वचन लेते हैं ,ठीक उसी तरह पेड़ों को राखी बांध या सुनिश्चित करें कि वह पेड़ सुरक्षित रहे और उसकी रक्षा करे। मौके पर मौजूद छात्राध्यापक और छात्राध्यापिकाओं ने कहा कि पेड़ हमारे पर्यावरण और हमारे जीवन के लिए लाभप्रद हैं।इसलिए हम लोग को पेड़ों की रक्षा हेतु कुछ ऐसे मुहिम चलाने होंगे, जिससे कि पेड़ों को और पर्यावरण को बचाया जा सके। मूहिम में लवली कर्ण,रेशमा, संगम, दिव्या ,स्नेहा, पूजा, निरंजन ,कुमारी शिवाका,रंजू ,खुशबू ,सोनी, साहिब जिया ,शोभा ,प्रीति ,नेहा,मयंक,सुमित ,रतन ,अभिषेक,मुंतज़िर,ललन ,आकाश ,केशव,पियूष ,आशुतोष और सुमित उपस्थित थे|

### केंद्रीय कैबिनेट द्वारा रसोई गैस की कीमत को मंजूरी का भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने स्वागत किया

**फारबिसगंज**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा रसोई गैस की कीमत को दो सौ रुपये सस्ता करने का निर्णय के साथ उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त 75 लाख नए एलपीजी कनेक्शन महिलाओं देने को मंजूरी का भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने स्वागत करते हुए इसे रक्षाबंधन पर्व पर बहनों की खुशियां बढ़ाने वाला बताते हुए स्वागत किया है। देश की बहनों को बड़ा तोहफा देने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति आभार प्रेषित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि यह निर्णय इस बात का परिचायक है कि पीएम के नेतृत्व में चलने वाली एनडीए सरकार आम जनमानस की आशाओं, आकांक्षाओं व जरूरत के प्रति बेहद संवेदनशील है। श्री कुमार ने बताया कि उज्ज्वला योजना के माध्यम से जिनको सिलेंडर मिला है उन्हें 200 रुपये सस्ता सिलेंडर पहले से मिलता था अब उन्हें ना सिर्फ प्रति सिलेंडर 400 रुपये सस्ता मिलेगा बल्कि केंद्र सरकारकी तरफ से अतिरिक्त 75 लाख परिवारों को नये एलपीजी कनेक्शन दिए जाएंगे।

## 32 करोड़ की लागत से फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र में 9 नए पुल का होगा निर्माणः विधायक



**फारबिसगंज**। फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केसरी उर्फ मंचन केसरी ने विधानसभा क्षेत्र में 32 करोड रुपैये की लागत से 9 नये पुलों का निर्माण कराये जाने की जानकारी दी।अपने आवास स्थित जनसंपर्क कार्यालय में उन्होंने बताया कि हलहलिया मंडल टोला के प्राइमरी स्कूल के पास लगभग आठ करोड़ की लागत से दो पुलों का निर्माण कराया जाएगा।उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि खवासपुर से नोनिया टोला तक जाने वाली सड़क में मंडल टोला के पास 3.64 करोड़ रुपए की लागत से पुल का निर्माण होगा।जोगबनी नेताजी चौक से खजूरवाड़ी तक जोगबनी चौक पर 3.66 करोड़, रमैय मंगल चौक से आदिवासी टोला होते हुए मुस्लिम टोला तक 3.65 करोड़, खवासपुर से नोनिया टोला चकरघट्टा तक आठ करोड़ की लागत से दो पुलों का निर्माण एवं धनपुरा से डुमरिया रोड में 5.48 करोड़ एवं तिरसकुंड पंचायत में मधुरा आदिवासी टोला के पास 3.69 करोड़ रुपए की लागत से पुल का निर्माण कराया जाएगा।उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड के हलहलिया पंचायत के लहसुनगंज से खवासपुर तक जाने वाली सड़क में पनार नदी एवं लहसुनगंज के बहेलिया धार पर आने वाले दिनों में पुलों का निर्माण कराया जाएगा।विधायक श्री केसरी ने बताया की हलहलिया से खवासपुर तक जाने वाली सड़क में भी दो पुलों का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। इस मौके पर विधायक ने जानकारी देते हुए बताया कि फारबिसगंज नगर परिषद क्षेत्र के अति महत्वपूर्ण सड़क ली अकादमी हाई स्कूल रोड जो कस्टम ऑफिस तक मुख्य सड़क तक जाती है इसका कालीकरण कार्य जल्द कराया जाएगा।उन्होंने कहा इस सड़क मार्ग में जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान, लाइंस नेत्रालय समेत कई विद्यालय कार्यरत है यह सड़क प्राथमिकता की सूची में रखा गया है।इस मौके पर बीजेपी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष मनोज झा, वार्ड पार्षद मनोज सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति समिति सदस्य प्रेम केसरी, संजय केसरी, बलराम केसरी, मथुरा सिंह आदि मौजूद थे। विधायक ने जानकारी देते हुए बताएं कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत नाबार्ड से लगभग 32 करोड रुपए की लागत से नए फूलों का निर्माण कराया जाएगा।

## ख़ास ख़बर

### सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित चार घायल

**हसनपुरा (सीवान)**। एमएच नगर थाना क्षेत्र के सेमरी गांव के समीप सोमवार की सुबह सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अस्पताल के एंबुलेंस कर्मी को दी। जहां एम्बुलेंस कर्मियों ने सभी घायल को सीवान सदर अस्पताल ले गए। वही घायलों की पहचान आंदर थाना क्षेत्र के तियांय निवासी सुमन ठाकुर की पत्नी मंजू देवी व पुत्र राहुल कुमार तथा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खालिसपुर निवासी रमेश साह व पुत्र पंकज गुप्ता शामिल है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि सोमवारी होने के कारण उक्त सभी लोग बाइक से मेंहदार पूजा-अर्चना के लिए जा रहे थे। तभी उक्त स्थल पर बाइक अनियंत्रित हो गई।

### रेल राजस्व को नुकसान पहुंचाने वालों की अब खैर नहीं



**प्रवीण कुमार,कटिहार**। कटिहार रेल मंडल अंतर्गत आरपीएफ ईस्ट पोस्ट कमांडर राकेश कुमार के नेतृत्व में लगातार सघन चेकिंग अभियान जारी है। मिली जानकारी के अनुसार आरपीएफ द्वारा कटिहार स्टेशन पर विभिन्न प्लेटफार्म पर खड़ी राजधानी एक्सप्रेस, कैपिटल एक्सप्रेस,महानंदा एक्सप्रेस, अवध आसाम एक्सप्रेस सहित कई अन्य ट्रेनों में सघन चेकिंग की गई। जिसमे कुल 120 लोगो को विभिन्न रेलवे एक्ट के तहत पकड़कर मामला दर्ज करते हुए रेलवे न्यायालय में पेश किया गया। पकड़े गए लोगो में बेटिकट यात्री, ट्रेस पास, अवैध भेंडर व महिला और विकलांग बोगी में जबरन चढ़ने वाले यात्री आदि शामिल है। वही पकड़े गए सभी लोगो को रेलवे मजिस्ट्रेट विकास कुमार सिंह द्वारा आर्थिक दंड की सजा दी गई और बाद में जुर्माना की राशि आदि करने के बाद सभी को मुक्त कर दिया गया। गोरतलब हैं की रेल में पहली बार एक दिन में आरपीएफ पोस्ट कमांडर राकेश कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ द्वारा विशेष मुहिम के तहत बड़ी कारवाई करते हुए सैकड़ो लोगों को पकड़ा गया। जिससे हजारों रुपए रेल राजस्व में इजाफा हुआ है। वही रेल में आरपीएफ द्वारा यह विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा। मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश कुमार के साथ आरपीएफ एएसआई अनुज कुमार, मुक्तिशील सहित सीपीडीएस टीम के साथ अन्य बल के कई पुलिस अधिकारी व जवान मौजूद थे।

### फोरलेन बाईपास रोड पर छाया अंधेरा, बन सकता है खतरे का कारण



**सिवान**। जिला मुख्यालय के मिरगंज सिवान करमली हाता होते हुए पचरुखी बाईपास खतरे का सबब बन चुका है। इस संबंध में स्थानीय लोगों की माने तो इस बायपास रोड पर 1 मिनट भी गाड़ियों के जाने आने का सिलसिला थमता नहीं है। जिससे इस बायपास रोड को पार करना भी मुश्किल है। वहीं इस फोरलेन सड़क पर कहीं भी लाइटिंग का व्यवस्था नहीं है। लाइटिंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण अक्सर बड़ा-बड़ा एक्सीडेंट होते हुए देखा जाता है। बताते चलें कि इस सड़क पर भारत का सबसे प्रसिद्ध जवाहर नवोदय विद्यालय स्थित है। जहां छोटे-छोटे बच्चे तथा उसके परिवार के लोग बच्चों को लेकर हमेशा आते-जाते दिखते हैं जो खतरे से कभी खाली नहीं है।

# न्यायिक पदाधिकारियों की बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत पर हुई चर्चा

**प्रवीण कुमार, कटिहार**। जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हेमंत कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता तथा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार अनिल कुमार राम की उपस्थिति में 09 सितम्बर , 2023 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के मद्देनजर सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ एक बैठक आहूत की गई। जिसमे माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हेमंत कुमार त्रिपाठी के द्वारा दिनांक 28.08.2023 को कार्यकारी अध्यक्ष, बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना द्वारा दिए निर्देश के अनुपालन में सभी न्यायिक पदाधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु अधिक से अधिक वादों के चिन्हित करने तथा ससमय नोटिस निर्गत कराने हेतु निर्देश दिया गया तथा न्यायालय में आ रहे पक्षकारों को भी प्रेरित करे कि वे अपने वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत में माध्यम से निष्पादन




कराएं तथा समय समय पर प्री सिटिंग के माध्यम से समझौता के आधार पर वाद का निष्पादन कराये ताकि अधिक से अधिक शमनीय प्रकृति के वादों का राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन किया जा सके 1 इस बैठक में मुकेश कुमार-1, अपर प्रधान न्यायाधीश, आनंद कुमार श्रीवास्तव, ए० डी० जे० सह उत्पाद न्यायालय -01, अमित राज, ए० डी० जे० सह उत्पाद न्यायालय -02, सत्यनारायण लाल सहंजी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-तृतीय, श्री राजीव रंजन रमण, ए० डी० जे० सह पोक्सो न्यायालय-07 समरेन्द्र गाँधी, ए० डी० जे० सह पोक्सो न्यायालय -02, रंजीत प्रसाद, ए० डी० जे०- पंचम, कटिहार, अनंत कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, तेज प्रताप सिंह, ए० सी० जे० एम०1, श्री अखिलेश पाण्डेय ए० सी० जे० एम०-III कटिहार, श्री प्रवीण कुमार मालवीय, ए० सी० जे० एम०- VI, सुश्री निशा कुमारी, मुंसिफ, राम मनोहर चौधरी, प्रधान दंडाधिकारी, किशोर न्याय परिषद् , विकास कुमार सिंह, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी, राहुल कुमार वर्मा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सुश्री स्वस्ति यादव, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सुश्री मोनिका मेहता, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सुश्री मोनिका कुमारी, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सुश्री योगिता,न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, कटिहार एवं अजित कुमार शर्मा, सिविल जज उपस्थित थे। बैठक के संपादन के पश्चात अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अनिल कुमार राम के द्वारा आमजनों से अपील किया गया कि दिनांक 09.09.2023 को व्यवहार न्यायालय, कटिहार एवम् बरसोई अनुमण्डलीय न्यायालय के प्रांगण में आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत में दावा वाद, वैवाहिक वाद, विद्युत् वाद, एन आई एक्ट सहित सभी आपराधिक शमनीय वाद एवं बैंक, बी० एस० एन० एल० सहित अन्य प्री- लिटिगेशन वादों का निष्पादन किया जाएगा।साथ ही जिनका वाद न्यायालय में लंबित है। वे सम्बंधित न्यायालय से यथा शीघ्र सम्पर्क कर अपना वाद समझौता के आधार पर सुलह कराये ताकि वाद को 09.09.2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन किया जा सके 1

## शेखपुरा पंचायत के वार्ड 5 के 45 वर्षीय वार्ड सदस्य का निधन

**हसनपुरा (सीवान)**। प्रखंड के शेखपुरा पंचायत के वार्ड 5 के 45 वर्षीय वार्ड सदस्य कमलावती देवी पति स्व शिवजी यादव का मौत बीती रात्री निधन हो गया। सुबह जब सोकर नहीं जगी तो बच्चे उन्हे जगाने गए तो देखा कि निधन हो चुका है। वहीं स्व शिवजी यादव पूर्व में इसी वार्ड के वार्ड सदस्य पद पर थे जहां उनका निधन हो गया था। तभी उप पंचायत चुनाव में कमलावती देवी पुनः नवनिर्वाचित हुई थी। तभी मौत हो गयी। कमलवाती देवी के तीन बच्चों में एक पुत्र तथा दो पुत्री हैं। जहां एक लड़की व पुत्र की शादी हुई है। जबकि एक पुत्री अविवाहित है।

# दिव्यांग संगठन के द्वारा 29 अगस्त को प्रखंड मुख्यालय पर रखा गया बैठक

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रामपुर (कैमूर)**। प्रखंड प्रमुख कार्यालय में निशक्त संघ की बैठक पी डब्लू डी संघ अध्यक्ष पप्पू यादव के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अतुल कुमारी जिला कोषांग से उपस्थित रहीं। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि द्वारा, निशक्त लोगों के लिए सरकार से चलाए जा रहे, कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि अगर लड़का लड़की दोनों विकलांग है, शादी के दो साल के अंदर आवेदन करने पर सरकार द्वारा 200000 रुपए की राशि दी जाएगी। पति पत्नी दोनों विकलांग है अंतर जाति शादी किए हैं, तो उन्हें 3 लाख रुपए दिए जाएंगे। साथ में रोजगार की तरफ प्रेरित करते हुए बताया गया, कि आप अपना निबंध अवश्य करा लें ,और रोजगार मेला में उपस्थित होकर अपने लायक काम को चुनें और रोजगार करें। अध्यक्ष पप्पू यादव ने अपनी मांग को रखते हुए



बताया कि प्रधानमंत्री महोदय द्वारा 2016 में विकलांगों के लिए ढेर सारी योजनाएं चलाई गई, परंतु योजनाएं हम ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रही है। उपाध्यक्ष लालबाबू पांडे उर्फ बैरागी बाबा ने अपनी मांग रखते हुए बताया की हमारी 21 सूत्री मांगे हैं। और हमारी मांगे पूरी नहीं होती है, तो हम सड़क से सदन तक पहुंचने में देर नहीं करेंगे। विकलांगता के प्रकार को खंडित करते हुए बताया गया कि मुख्यतः चार प्रकार की विकलांगताएं होती है अस्थि विकलांगता, मानसिक विकलांगता, दृष्टि विकलांगता, श्रवण विकलांगता, ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ ऐसे विकलांग हैं जो सदर अस्पताल कैंप में भी नहीं पहुंच पाएं। मेरी मांग है चिकित्सा पदाधिकारी रामपुर समय-समय पर अभियान चलाकर शिविर लगाकर विकलांगता की पहचान कर, उन्हें विकलांगता प्रमाण पत्र देने की कृपा करें। मौके पर सचिन निर्भय कुमार सिंह, उपसचिव महेंद्र राम, मुन्ना शर्मा, सत्येंद्र खरवार, सत्येंद्र विश्वकर्मा, हाजमुद्दीन अंसारी, महिला प्रभारी रेणु कुमारी सहित सभी लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र द्वारा स्टेडियम में कराया गया खेल प्रतियोगिता

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कैमूर**। जिला मुख्यालय भभुआं स्थित जगजीवन स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर, नेहरू युवा केंद्र द्वारा खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद सदस्य विकास सिंह उर्फ़ लल्लु पटेल के द्वारा मेजर ध्यान चंद के तेलचित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद खेल का प्रारंभ किया गया। विकास सिंह के द्वारा उपस्थित गणमान्यो व छात्रों को को संबोधित करते हुए बताया गया कि, 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन



भारत के दिग्गज हॉकी प्लेयर मेजर ध्यानचंद का जन्म हुआ था। मेजर ध्यानचंद को हांकी का जादूगर कहा जाता है। उन्होंने हॉकी खेल में भारत का नाम ऊंचा किया था। इसीलिए इनके जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न देशों में राष्ट्रीय खेल टीमों और उन देशों की खेल परंपराओं का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। इस दिन विभिन्न आयु वर्ग के लोग कबड्डी मैराथन बास्केटबॉल हॉकी आदि खेलों में भाग लेते हैं। वही नेहरू युवा केंद्र कैमूर द्वारा हैंडबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उनके द्वारा सभी खिलाड़ियों को मोमेंटो एवं सील्ड देकर सम्मानित किया गय। मौके पर प्रखंड विकास पदादिकारी मनोज अग्रवाल, जिला युवा अधिकारी सुशील करोलिया,पूर्व नगर सभापति जैनेंद्र कुमार आर्य, आदर्श नेहरू युवा क्लब गोबरछ के अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद गुप्ता, डीएवी डायरेक्टर दिनेश कुमार सिंह, बृजेश कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### भाई-बहन का महापर्व रक्षाबंधन उत्सव भी बहने अपने भाई के कलाई में राखी बांधकर उत्साह पूर्वक मनाई



रामगढ़ कैमुर। सरस्वती शिशु मंदिर बंदीपुर में प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जयंती के शुभ अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा अरुण से दशम तक के भैया बहनों ने भाग लिया। आधुनिक खेलों के साथ-साथ अपने क्षेत्र के पारंपरिक खेल जो आजकल बहुत कम देखने को मिल रहे हैं उसे भी आज भैया बहनों को खेल खेलाया गया। इस कार्यक्रम के प्रमुख अपने विद्यालय के आचार्य खेल प्रमुख शिवराजू चौधरी एवं शारीरिक प्रमुख जीवन राठौर का सराहनीय प्रदर्शन रहा। मौके पर विद्यालय के समस्त आचार्य परिवार उपस्थित खेल का आनंद लिए आचार्य राज सिंह ,सुजीत सिंह, कृष्ण ,लता कुमारी ,खुशबू सिंह, शैलेंद्र सिंह ,वीर बहादुर सिंह ,मनीष सिंह ,सर्वानंद पांडे, पवन चौबे ,दिलीप खरवार, आदि उपस्थित रहे। । साथ ही साथ अपने विद्यालय में भाई-बहन का महापर्व रक्षाबंधन उत्सव भी बहने अपने भाई के कलाई में राखी बांधकर उत्साह पूर्वक मनाई। भाई भी बहनों को आजीवन रक्षा करने के लिए संकल्प लिया । संपूर्ण कार्यक्रम प्रधानाचार्य राजीव रंजन के देख रेख में संपन्न हुआ।

### प्रसव पश्चात कक्ष के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि वहाँ बेड सही ढंग से नहीं है ज़मीन पर खून के धब्बे पड़े मिले



**भभुआ कैमुर, शुभ भास्कर**। 29/08/2023 को जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार द्वारा PHC कुदरा का निरीक्षण किया गया। यहा से खुदरा के निरीक्षण के क्रम में डॉक्टर अजय कुमार अनुपस्थित पाए गये। जिला पदाधिकारी महोदय सिविल सर्जन को स्पष्टीकरण करने तथा एक दिन का वेतन कटौती करने का निर्देश दिया गया। प्रसव कक्ष के निरीक्षण के क्रम में शौचालय का ताला बंद पाया गया BCM द्वारा बताया गया कि शौचालय जाम है एवं साफ़ सफ़ाई भी नहीं है। प्रसव पश्चात कक्ष के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि वहाँ बेड सही ढंग से नहीं है ज़मीन पर खून के धब्बे पड़े है। जिला पदाधिकारी द्वारा साफ़ सफ़ाई एजेंसी का निविदा तत्काल प्रभाव से समाप्त करने एवं पर्यवेक्षण हेतु PHC प्रभारी को दोषी मानते हुए स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। टीकाकरण की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि HSC भदौला अंतर्गत माह जुलाई में 0-5 वर्ष के कुल 105 बच्चों में से मात्र 57 बच्चों का टीकाकरण हुआ है। ग्राम घड़ी में 16 में से 9, ग्राम गंगवलिया में 16 में से 13 एवं ग्राम भड़आ में 28 में से मात्र 04 बच्चों का टीकाकरण ANM मनीषा कुमारी द्वारा किया गया है। उक्त बीबी दिया गया है। RI प्रभारी को पर्यवेक्षण न करने तथा पृच्छा करने पर प्रतिवेदन उपलब्ध न कराने के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया गया। प्रसव पश्चात अस्पताल में साफ़ सफ़ाई एवं मरीज़ों के बैठने संबंधित उचित व्यवस्था न होने तथा रोस्टर के अनुसार कर्मियों की उपस्थिति नहीं रहने हेतु हॉस्पिटल प्रबंधक को दोषी मानते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया है। एम्बुलेंस जाँच के क्रम में एम्बुलेंस नंबर BR 01 PN 7329 से उनके परिचालन से संबंधित लॉग बुक की माँग की गई ड्राइवर द्वारा बताया गया कि लॉग बुक उनके आवास पर है। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा सम्बंधित एजेंसी द्वारा बरती जा रही अनियमितता के लिए 50 प्रतिशत भुगतान में कटौती करने का निर्देश दिया गया।

### हजारिया महादेव मंदिर पर लगे दान पेटी से चोरों ने ताला तोड़कर की चोरी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता,चैनपुर (कैमूर)**। विधानसभा के भगवानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सरैया पंचायत के उमापुर गांव में सावन की अंतिम सोमवार की रात्री हजारिया महादेव मंदिर में लगे दान पेटी की ताला तोड़कर चोरों ने की लगभग दस हजार रुपए की चोरी। प्रधान पुजारी संजय मिश्र से मिली जानकारी के अनुसार, जब वो मंगलवार के दिन समय लगभग 10:00 बजे पूजा करके तुलसी में जल दे रहें थे, कि उनकी नजर तुलसी के नीचे गड्ढे में पड़ी, ताला और कुंडी पर पड़ा, जो कि चोरों द्वारा तोड़ने के बाद उक्त स्थल पर फेंका गया था। पुजारी द्वारा दान पेटी के पास पहुंचने पर पाया गया, कि मंदिर में स्थित दान पेटी का ही ताला व कुंडी टूटा हुआ है। जिसकी जानकारी मंदिर के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह सहयोगी अलियारु सिंह उर्फ सत्येंद्र कुमार सिंह को दिया गया। मौके पर पहुंचकर स्थिति से अवगत हुए। कमेटी के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने बताया कि 1 साल पूर्व भी इस तरह का क्रेडिट कार्य चोरों द्वारा किया जा चुका है। उसे वक्त भी चोरों द्वारा बडी चालाकी से, चाबी लगाकर दान पेटी से पैसे निकाल कर ताला लगा दिया था।उस समय भी चोरों द्वारा लगभग 10000 हजार रुपए तक का चोरी किया गया था।लोगो का मानना है, की देश का भविष्य नशा का शिकार हो रहा है। और नशा में तो कुछ भी हो सकता है, बिहार में शराब बंदी के बावजूद भी युवा पीढ़ी तरह तरह की नशा की वशीभूत है। जिसके वजह से भगवान की दान पेटी भी नहीं बच रहा है।

परेशानी — बोरिंग और उसमे लगे मशीन, जलस्तर नीचे जाने के कारण पूरी तरह से निष्क्रिय साबित हो रहे

# सूखते धान की फसल देख फट रहा किसानों का कलेजा

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दुर्गावती (कैमूर)**। इन दिनों तेज गर्मी और उमस के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त है, तो वहीं किसानों की लहलहाती धान की फसलें पूरी तरह से सूख चुकी है, खेतों में बड़े-बड़े दरारें दिखाई दे रहे हैं, जिसे देख किसानों का कलेजा फट जा रहा है। किसानों के द्वारा सिंचाई के लिए उपयोग में लाये जाने वाले बोरिंग और उसमे लगे मशीन, जलस्तर नीचे जाने के कारण पूरी तरह से निष्क्रिय साबित हो रहे हैं। प्रखंड के नदियों के किनारे लगे कैनाल से समुचित ढंग से पानी किसानों को नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण धान के फसलों पर संकट के बादल मंडरा रहा है। गांव में



अच्छी बरसात नहीं होने के कारण पीने के लिए पानी की व्यवस्था भी चरमरा गया है।लोगों की माने तो 85% हैंडपंप बंद हो चुका है। जलस्तर लगातार घटने के कारण समरसेबल बंद होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। बता दें की जिले का एकमात्र दुर्गावती प्रखंड ऐसा है, जहां आजादी के 70 साल बाद भी बोरिंग मशीन के अलावा सिंचाई के लिए कोई साधन आज तक उपलब्ध नहीं हो सका, ना ही कोई सरकार इसे उचित समझी। दुर्गावती प्रखंड में विश्वकर्मा पंप कैनाल बैठाया गया, लेकिन उस पंप कैनाल से दुर्गावती को 1% पानी मिलता बाकी नसीब नहीं होता है। बारिश न होने की वजह से नदी में भी जल नहीं है। जिसके कारण लरमा पंप कैनाल से भी, किसानों को पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। यही स्थिति नदी में नए लगे पंप कैनाल धडहर की भी है। यदि लगातार इस तरह से आसमानी आग किसानो की फसल के ऊपर बरसाती रही तो आने वाले समय में भोजन के भी लाले पड़ जाएंगे । पर देखा जाए तो मौसम की बेरुखी के लिए किसान खुद ही जिम्मेदार है, किसानों द्वारा फसलों के कटते ही अवशेष को आग लगा प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया जाता है। यह बहुत ही चिंता का विषय ,है और किसान इस ओर ध्यान नहीं दिए तो आने वाले समय में इसका परिणाम बहुत ही बुरा देखने को मिलेगा।

# राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम किया गया आयोजित

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता**। मानव भारती हेरिटेज स्कूल, चाँद(कैमूर)- राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मानव भारती हेरीटेज स्कूल प्रांगण में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य विकास पांडेय ने छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने छात्रों को हेल्थ और फिटनेस के महत्व पर बातचीत की, और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए पुष्टिकर आहार और नियमित व्यायाम करने की सलाह दी।विभिन्न खेल इवेंट के बाद, विद्यालय के छात्र अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फुटबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी आदि में विजेता छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए। स्कूल के सांस्कृतिक दल ने भी एक खेल नाटक का आयोजन किया, जिसमें स्कूल के छात्रों ने खेल और नाट्य कला का जबरदस्त अभिनय किया। उक्त अवसर पर छात्रों को उनकी प्रगति



के लिए सराहना की गई, और उन्हें प्रोत्साहित किया गया। प्राचार्य ने छात्रों के अंदर खेल के महत्व को जागृत करने के लिए इसी तरह के कार्यक्रम को आयोजित किया था। छात्रों के द्वारा प्रदर्शित किए गए सौभाग्यशाली प्रदर्शन को देखते हुए उन्होंने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।इसे राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है, कि छात्रों को स्वस्थ जीवन जीने का महत्व समझाएं, और उन्हें खेलों में सक्रिय रहने की प्रेरणा दें। विद्यालय में खेल-कूद के महत्व को समझाने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जो छात्रों के मानसिक और शारीरिक विकास को प्रोत्साहित करते हैं। मौक़े पर विद्यालय के खेल निर्देशक कैप्टन मिथिलेश सिंह, विकास कुमार, दिवाकर सिंह, एनसीसी ऑफिसर विवेक पांडेय, उपप्राचार्य गोविंद प्रसाद सहित सभी छात्र छात्रायें उपस्थित रहें।

# प्रेमिका ने प्रेमी के साथ मिलकर किया था पुर्व प्रेमी की हत्या, हुआ खुलासा

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** स्वाट/सर्विलांस व थाना नंदगंज पुलिस की टीम द्वारा दिनांक 28.08.2023 को ग्राम धामूपुर नंदगंज हाईवे के पास सनसनी हत्याकाण्ड का खुलासा, 01नफर अभियुक्त, 01 नफर अभियुक्ता, मय आलाकत्ल व घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन (स्कार्पियो) बरामद । पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के बिच सोमवार को थाना प्रभारी नंदगंज को सूचना मिली कि एक स्कार्पियो वाहन से उतरकर एक व्यक्ति व एक महिला मिलकर एक व्यक्ति की हत्या कर धामूपुर हाईवे के पास फेंककर भाग रहे हैं, की सूचना पर थानाध्यक्ष नंदगंज, स्वाट/सर्विलांस टीम को अवगत कराते हुए मौके पर आये, जहाँ पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा हुआ था, पुलिस ने तत्परता से खोजबीन किया तो हत्या में सम्मिलित एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया तथा उसकी निशादेही से हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल (लोहे की राड) व नशीला पेय पदार्थ भी बरामद किया, पूछताछ पर हत्या में सम्मिलित एक अभियुक्ता, जिसे मगंलवार को जंगीपुर तिराहा से गिरफ्तार किया गया पूछताछ पर दोनों ने बताया कि हम दोनों एक दूसरे से प्यार करते हैं । अभियुक्ता द्वारा बताया गया कि मृतक (मनीष कुमार यादव), जिससे मैं पहले से प्यार करती थी, अब उससे मेरा सम्बन्ध नहीं था । फिर भी मुझे ब्लैकमेल करता था, धमकी देता था । उसे रास्ते से हटाने के लिए हम लोग 02 दिन पहले से योजना बनाकर अभियुक्त राजेश के चार पहिया वाहन से बनारस से साथ लेकर मारने (हत्या) के लिए निकले, नशीला पदार्थ पिलाना चाहा, किन्तु वह नहीं पिया । अंत में नंदगंज हाईवे पर आकर हम दोनों ने मनीष की राड से मार-मार कर हत्या कर दी।



## खास खबर

### बिटिया के एमबीबीएस बनने थाना क्षेत्र में खुशी



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** भांवरकोल थाना क्षेत्र के एक बिटिया को एमबीबीएस बनने से क्षेत्र में खुशी की लहर है। परसदा गांव निवासी भरत राय की बिटिया नेहा राय ने एमबीबीएस डॉक्टर बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं एमबीबीएस बनने से क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। नेहा राय रूस से तैयारी कर दिल्ली में परीक्षा पास की है।

### पुरैनी में अतिक्रमण नाले और सड़क पर अंचल द्वारा कार्रवाई का दिया आदेश, हुई कार्रवाई शुरू



**दैनिक शुभ भास्कर, फिरदौस अहमद,भागलपुर (बिहार)।** जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत पुरैनी उत्तरी एवं दक्षिणी के खरादी मुहल्ला पुरैनी में जल जमाव एवं अतिक्रमण को लेकर 15 दिनों बाद अंचलाधिकारी सुजीत कुमार ने दिया कार्रवाई का आदेश सक्रिय हुए अंचल के अमीन एवं पदाधिकारी अतिक्रमण मापी के लिए आंचल से आए हुए अमीन प्रिय नंदन विपिन कुमार प्रियदर्शनी विष्णु सिंह सतीश कुमार अतिक्रमण स्थान का मुआयना करते हुए कहा के बहुत ही गंभीर समस्या है नक्से के मुताबिक सड़क 60 फिट है लेकिन 10 फीट पर ही सिमट गया है है और अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण कर रखा है जो आए दिन घटना दुर्घटना होते रहता है और लोगों को जान भी गंवानी पड़ती है अंचलाधिकारी सुजीत कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी रघुनंदन आनंद जी का पुरैनी वासियों ने शुक्रिया अदा किया है जो 75 वर्षों से जल जमाव एवं जल निकासी को लेकर गांव के लोग सड़े हुए जल में रहने को मजबूर थे। ग्राम कचहरी सचिव फिरदौस अहमद मुखिया सहवाज जिला परिषद हाशिम दिलकश उर्फ गुलजार मुखिया प्रतिनिधि आसिम जफर सरपंच प्रतिनिधि नूर आलम उर्फ बबलू मेराज उर्फ लालू वार्ड सदस्य मुस्ताक राशिद उर्फ मिस्टर जफर अहमद अलीम जहांगीर शाहजहां परबेज चाय वाला कलीम जहांगीर अंसारी सिराज मिइकाइल एवं सैकड़ो गांव के ग्रामीण जनता को पूरा भरोसा और उम्मीद है के बहुत जल्द जल जमाव एवं अतिक्रमण से मुक्ति मिल जाएगी।

### आदर्श नगर पालिका घोषित होने पर सभासदों ने अध्यक्ष को मिठाई खिलाकर किया स्वागत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानियां।** स्थानीय नगर पालिका को आदर्श नगर पालिका घोषित होने के उपरांत भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में मंगलवार को भाजपा किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र यादव एवं वार्ड सभासदों ने चेयरमैन जयप्रकाश गुप्ता को मिठाई खिलाकर बधाई व धन्यवाद दिया। इस दौरान चेयरमैन जयप्रकाश गुप्ता ने कहा कि आने वाले दिनों में नगर में विकास की गंगा बहेगी। ट्रिपल इंजन की सरकार की बदौलत ही आज पूरे उत्तर प्रदेश में एक मात्र नगर पालिका को आदर्श नगर पालिका का दर्जा प्राप्त हुआ है। ये तो अभी शुरुआत है आने वाले समय में और बहुत से प्रयास किया जाएगा। जिससे नगर का विकास कार्य हो सके। इस दौरान सभासद मनीष यादव, राहुल वर्मा, शाहिद नियाजी, अहमद अली, भाजपा के आईटी सेल विधानसभा संयोजक संजीत यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आवारा पशु दे रहे बड़ी दुर्घटना को दावत सरकार के आदेशों की उड़ाई जा रही धजिया

**दैनिक शुभ भास्कर अंकित दुबे, शादियाबाद।** आवारा पशुओं के आतंक से सभी लोग हुए परेशान शादियाबाद थाना के चौराहे पर दर्जनों के संख्या में छुट्टा जानवर घूमते रहते हैं। झुंड बनाकर इधर से उधर पूरे बाजार का भ्रमण करते हैं। जिससे कभी भी एक्सीडेंट की स्थिति बन सकती है। सार्वजनिक जगह हो या गांव हो या बाजार सभी जगह पर आवारा पशुओं का जमावड़ा बना हुआ है। इससे लोगों को आने-जाने में बहुत से परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। लेकिन अधिकारियों को बार-बार अवगत कराने पर भी दिखाई नहीं देता हैं। इसकी जानकारी BDO मनिहारी अनुराग राय को भी दिया गया लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया गया आख़िर अधिकारी किस समय का इंतजार कर रहे हैं कहीं ना कहीं सुबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के आदेशों की भी उड़ाई जा रही धजिया देखना यह होगा कि अधिकारी ऐसे छुट्टे जानवरों पर कितना नकेल कस पाते हैं।

## सावन के आखिरी सोमवार को स्नान करने आया युवक गंगा में डूबा



**दैनिक शुभ भास्कर, मनोज कुमार, जमानियां।** कोतवाली क्षेत्र के चक्का बांध गांव स्थित गंगा नदी में सावन के आखिरी सोमवार को सुबह करीब 6 बजे नहाने आया युवक डूब गया पुलिस खोजबीन में जुटी है जानकारी के अनुसार चन्दौली जनपद के कदवा थाना अंतर्गत सिसौडा गांव निवासी युवक आदित्य तिवारी पुत्र परमानन्द तिवारी (16) अपने कुछ साथियों के साथ सावन के आखिरी सोमवार को स्नान करने आया था स्नान के दौरान तीनों गहरे पानी में चलें गये और डूबने लगे आस पास मौजूद लोगों ने दो को बचा लिया जिसके बाद पुलिस को घटनास्थल की सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू कर दी आदित्य के बाबा रामनिवास तिवारी ने बताया कि वह दसवीं कक्षा का छात्र है तीन बहन के बीच इकलौता भाई था उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार गंगा नदी में स्नान कर जल चढ़ाने के लिए शिव मंदिर जाता था आज भी वह स्नान कर जल भरने के लिए आया था और ये हादसा हो गया इस संबंध में चौकी प्रभारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि चन्दौली जनपद के सिसौडा गांव निवासी आदित्य अपने साथियों के साथ गंगा में स्नान कर जल भरने आया था नहाने के दौरान डूब गया गोताखोरों की मदद से खोजबीन की जा रही है।

## बकाया बिल भुगतान कर अपने कनेक्शन के विच्छेदन से बचने के लिए बिजली विभाग ने लगाया कैंप



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुधाकर पांडे।** शादियाबाद थाना अंतर्गत ग्राम सभा कस्बाकोरी में सादात पावर हाउस फीडर गुरैनी पर बिजली विभाग द्वारा शादियाबाद कस्बाकोरी जनसेवा केंद्र पर कैंप लगाकर लोगों से कहा गया की अपना बिजली बिल बकाया भुगतान करें सादात पावर हाउस के सारे कर्मचारी ने शादियाबाद मार्केट में पहुंचकर हर दुकानदारों पर नजर डालते हुए कहा कि आप लोग बिल बकाया जमा करें नहीं तो विद्युत विच्छेदन के लिए बाध्य होंगे विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा अपना विद्युत कनेक्शन कटने से बचाने के लिए तत्काल अपनी दुकानों पर पैसा देकर विच्छेदन होने से बचाया 48000 जमा किया गया। रक्षाबंधन पर त्योहार की खरीदारी अच्छी खासी चल रही थी उसके देखते हुए हर दुकानदारों से कहा गया की अपना बकाया बिल जमा करें सादात पावर हाउस के कर्मचारी द्वारा कैंप को सफल बनाएं ।

## अधिकार जन संवाद जिला पंचायत सभागार में हुआ संपन्न




**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय , जखनियां गाजीपुर ।** कासा लखनऊ के सहयोग से अतिरवंचित का सम्मान पहचान व अधिकार जन संबाद कार्यक्रम जिला पंचायत सभागार में किया गया जिसमें आधार विकास एकता मंच मरदह , अम्बेडकर अधिकार मंच मोहम्मदाबाद तथा विकास जन संगठन मनिहारी के 171 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किये ।कार्यक्रम के उद्देश्य पर कासा लखनऊ से वन्दना जी व मनोज कुमार द्वारा बताया गया , आजादी के 76 वर्ष बीतने के बाद भी अतिवंचित लोग सभी योजनाओं से वंचित है , उन्हें समाज में हीन भावना से देखा जाता उनके यहां अन्य समुदाय के लोग उठना बैठाना नहीं चाहते , उनके पास भूमि न के बराबर है वे लोग जहा बसे वह जमीन भी उनके नाम से नहीं है, उनका आजीविका ईट भट्ठा पर मजदूरी करके चलता है इन सब समस्याओं को देखते हुए उनकी सामाजिक आर्थिक राजनैतिक स्थिति जानने के लिए जनपद गाजीपुर के 2 ब्लॉक के 15 ग्रामपंचायत से अतिवंचित समुदाय के 504 परिवारों का सर्वे किया गया । जिसका प्रस्तुतिकरण के लिए जन संबाद कार्यक्रम रखा गया ।जन संगठन के अगुआ साथी संतोष जी एवं मनीष जी द्वारा सर्वे के आकड़ों का प्रस्तुतिकरण किया गया । इसके बाद एडिशनल एसपी जी द्वारा बताया गया कि महिलाओ को अगर कहीं भी परेशानी होती है आप लोग 112,1090,181 का उपयोग करेगे जिसके बाद आपकी समस्या का समाधान तुरंत किया जाएगा । मिशन शक्ति के माध्यम गांव -गांव जाकर महिलाओं को जागरूक करने का काम कर रहीं ताकि महिलाओ के साथ हिंसा न हो सके , इसके लिए हर थानों में महिला हेल्प डेस्क बना है वहा जाकर अपनी समस्या का समाधान करा सकती है । सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत मे बने पंचायत भवन पर बैठक कर महिला कांस्टेबल द्वारा जागरूक करेगी। इसके बाद CDPO जखनिया के श्री धनेशवर जी द्वारा बताया कि गर्भवती धत्री व बच्चों को पोषाहार के रूप मे डाल ,दरिया एवं रिफाइन तेल वितरण किया जाता है इसके अलावा अगर बच्चों कुपोषित हो उसके लिए अलग से व्यवस्था होता तथा जिला अस्पताल में भर्ती कराया जाता है । इसके प्रति दिन 50 रू भी दिया जाता है । अगर आपको लोगों को कोई भी परेशानी होती है तो आप लोग मेरे न परफोन करे ताकि आपके समाधान का समाधान तुरंत किया जाएगा, इसके बाद NRLMअधिकारी श्रीगोपालजी द्वारा बताया गया कि आज अधिकांश महिलाये समुह से जुड़कर रोजगार करने का काम कर रहीं है ।

### साप्ताहिक बंदी सिर्फ हाथी के दांत



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाज़ीपुर।** जिले के समस्त बाजारों में साप्ताहिक व्यवसायिक बंदी का दिन निर्धारित किया गया है और अधिकांश बाजारों में इसका पालन भी किया जाता है। इसके बावजूद कई बाजारों में आज भी साप्ताहिक व्यवसायिक बंदी मात्र दिखावा है। बताते चलें कि सादात नगर में मंगलवार को साप्ताहिक बंदी का दिन निर्धारित है, परन्तु वहां के अधिकांश व्यवसायी इसका पालन नहीं करते हैं। मंगलवार को ज्यादातर दुकानदार अपनी दुकानें खोलकर व्यवसाय करते हैं। मजेदार बात तो यह है कि जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते और देखते हुए भी आंख मूंदे कुम्भकर्णी निद्रा में मग्न हैं। साप्ताहिक बंदी के दिन दुकानें खोलने वाले दुकानदार उस दरम्यान आने वाली पुलिस की गाड़ी का सायरन सुनकर शटर नीचे गिरा देते हैं और पुलिस के चले जाने के बाद फिर से दुकानें खोल देते हैं। उल्लेखनीय है कि डीएम आर्यका अखौरी ने जनवरी फरवरी माह में जिले में साप्ताहिक बंदी का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था, लेकिन समय बीतने के साथ यह आदेश हवा हवाई साबित होता नजर आ रहा है। प्रशासनिक कड़ाई व कोई कार्रवाई न होने से मंगलवार को दुकान खोलने वाले दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं। इससे श्रम कानूनों की भी धज्जियां उड़ जाती हैं। रोज दुकानें खुली रहने से कर्मचारियों को छुट्टी के लाले पड़ जाते हैं। सामाजिक लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए ऐसे दुकानदारों के खिलाफ यथोचित कार्यवाही की मांग की है

### प्राथमिक शिक्षक संघ की 4 सितंबर को होगा धरना प्रदर्शन जिले मुख्यालय पर




**सचिन पटेल, नियामताबाद।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक नियामताबाद की बैठक बीआरसी सभागार में आयोजित किया गया जिसमे आगामी 4सितंबर को जिले पर आयोजित धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई।धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक शिक्षक शिक्षिका को शामिल होने के लिए अपील किया गया।बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष प्रवीण कुमार कुशवाहा ने कहा पेंशन हमारा अधिकार हैऔर हम इसके लिए हर तरह की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश नारायण सिंह ने कहा कि चार सितम्बर को होने वाले धरने में हम अधिक से अधिक लोग पहुचें। ब्लाक मंत्री रामाश्रय प्रसाद आर्या ने भी शिक्षकों से अपील की कि अधिक से अधिक लोग इस धरने में पहुंचे। बैठक में सुरेश चन्द्र यादव ने कहा कि लोकतंत्र में भीड़ का महत्व होता है और सरकारें भीड़ के आगे ही झुकती हैं, इसलिए हमें अपनी पूरी ताकत दिखानी होगी। इस मौके पर प्रवीण कुमार कुशवाहा अध्यक्ष,रामाश्रय आर्या मंत्री, दिनेश नारायण सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हरेन्द्र प्रसाद यादव कोषाध्यक्ष, सुखराम शर्मा, संदीप सिंह, जहरुद्दीन बाबर, वन्दना, रीना संदीप, सुरेश चन्द्र यादव, देवेन्द्र दूबे आदि लोग उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय खेल दिवस का समापन महान जादूगर ध्यानचंद के जन्मदिन की अवसर पर संपन्न हुआ



**सचिन पटेल, नियामताबाद।** पीडीडीयू नगर में आज केन्द्रीय विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर में सप्ताह भर से चल रही राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह का समापन 29 अगस्त 2023 हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिन के अवसर पर संपन्न हुआ। हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद जी के जन्म दिवस को देश राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप मे हर साल मनाता है। केंद्रीय विद्यालय प्रांगण में 21 अगस्त से चल रही खेल सप्ताह में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिसमे मुखतः दौड़, मिनी फुटबॉल, रस्साकशी, वॉलीबॉल, लुड्डो, कैरम इत्यादि खेलों का आयोजन हुआ। जिसमे विद्यालय के प्राथमिक और माध्यमिक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्राचार्य श्री के के भारती जी ने खेल दिवस के महत्व एवं आज के दौर मे खेलों की उपयोगिता के बारे मे बताया साथ ही बच्चों का उत्साहवर्धन एवं आशीर्वाद दिया। विद्यालय कोऑर्डिनेटर मनीष पांडेय जी, खेल शिक्षक श्री आनंद कुमार, कोच विकास यादव नें कार्यक्रम में विशेष सहयोग दिया। विद्यालय की मिडिया प्रभारी चारु भारद्वाज नें सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

चौपाल

दहेज प्रथा के बारे में लोगों को नाटक के माध्यम से बताया

## प्रधानाध्यापक ने बनवासी बस्ती में शिक्षा चौपाल लगाकर शिक्षा के बारे में जागृत किया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुधाकर पाण्डेय मरदह।** राज्य परियोजना के निर्देशानुसार दलित बस्ती, बनवासी बस्ती ,डोम बस्ती में लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में जागरूक करने के लिए ग्रामीण चौपाल के माध्यम से उनको बताने के लिए कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक दुर्गा प्रसाद सिंह जी ने एनपीआरसी रानीपुर के कंपोजिट विद्यालय महमूदपुर, कंपोजिट विद्यालय बौरी, प्राथमिक विद्यालय नारंगपुर, तथा प्राथमिक विद्यालय रानीपुर हरिजन बस्ती के बच्चों तथा प्रधानाध्यापक व सभी सहायक अध्यापक को लेकर के रानीपुर मुसहर बस्ती में शिक्षा का चौपाल लगाया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी मरदह राजीव यादव जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती जी के प्रतिमा को दीप प्रज्वलन, व माल्यार्पण करके आरंभ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने शिक्षा के बारे में नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम प्रस्तुत करके लोगों को जागृत किया तथा दहेज प्रथा के बारे में लोगों को नाटक के माध्यम से बताया और देशभक्ति के बारे में लोगों को बताया इस कार्यक्रम में वहां बहुत संख्या में लोग उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम से बहुत से लोग प्रभावित हुए और बच्चों का उत्साह वर्धन किया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजीव यादव जी के द्वारा समापन किया गया तथा वहां के लोगों को शिक्षा के बारे में जागृत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रधानाध्यापक राजेश यादव कंपोजिट विद्यालय बौरी, प्रधानाध्यापक योगेंद्र सिंह यादव कंपोजिट विद्यालय महमूदपुर , शशिकांत सिंह प्रधानाध्यापक नारंगपुर तथा सभी सहायक अध्यापक , ए आर पी प्रभांश यादव,ए आर पी इक़बाल अहमद व शिक्षामित्र उपस्थित रहे । खण्ड शिक्षा अधिकारी ने इस कार्यक्रम को कराने के लिए कंपोजिट विद्यालय रानीपुर के प्रधानाध्यापक दुर्गा प्रसाद सिंह की बहुत सराहना किया और बहुत ही प्रसन्न हुए।

### कबूतर बाजी में ठगी के शिकार हुए दर्जनों यूपी के युवा, सामूहिक थाने पर तहरीर

**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर।** भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के जखनिया शिव मंदिर के पास किराए के मकान में एक जालसाज खाड़ी देशों में भेजने का कार्यालय खोल रखा था।जिसके झांसे में गोरखपुर,आजमगढ़,बलिया, गाजीपुर,वाराणसी सहित अन्य जिले के युवा रोजगार के तलाश में कुवैत,ओमान जाने के लिए 50000से एक लाख तक देकर विदेश भेजने के नाम युवाओं को वीजा, टिकट सहित अन्य दस्तावेज दिया।युवा कर्ज लेकर विदेश जाने के सपने देख रहे थे। युवाओं को एजेंट ने वीजा ,टिकट दिए जब 20अगस्त को लखनऊ एयरपोर्ट पर पहुंचे तो जांच अधिकारियों ने टिकट को फर्जी करार दिया और उड़ान से रोक दिया।बौखलाए युवाओं ने जखनिया कार्यालय आए तो कार्यालय बंद मिला। फोन स्विच ऑफ जा रही। काफी खोजबीन के बाद बेरोजगार युवाओं ने भुड़कुड़ा थाने में नामजद तहरीर दी। मौके पर राजनरायण यादव, मनोज यादव,सर्वेश कुमार यादव, प्रसिद्ध नारायण, महिपाल यादव, बृजेश कुशवाहा, रामधनी मौर्य सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## इस वर्ष भी समाजसेवी ने जनकल्याणकारी दिवस के रूप मे मनाया अपना जन्म ऊत्सव



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, रसड़ा (बलिया)।** क्षेत्र के ग्राम सभा जाम निवासी वरिष्ठ समाजसेवी व भारत नौजवान क्रांति सभा (समाजिक संगठन) के संयोजक जावेद अंसारी जाम ने ग्राम सभा चंद्रवार, कमतैला, पचवार व रसड़ा गाँधी पार्क मे सर्वसमाज के सैकड़ो गरीब बच्चो को कॉपी, पेन, पेन्सिल, लंच टिफिन सहित शिक्षण सामग्री बाँट कर अपना जन्मदिन मनाया। सर्वप्रथम राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। ज्ञात रहे की जावेद अंसारी अपने संगठन भारत नौजवान क्रांति सभा (समाजिक संगठन ) के तहत पिछले करीब 10 वर्षो से रसड़ा क्षेत्र मे अनेको जनकल्याणकारी कार्यो को कर चुके है अपने सम्बोधन मे जावेद अंसारी ने कहा की बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बताये हुये रास्ते पर ही चल शिक्षित भारत का निर्माण किया जा सकता है। डॉ. अम्बेकर और अनेको हमारे महापुरुषों ने आजीवन शिक्षित बनने का नारा देते रहे और गरीब बच्चो के उत्थान हेतु आजीवन संघर्ष करते रहे संगठन के महासचिव सूर्यकान्त यादव ने कहा की लोग अपना जन्मदिन केक काट कर व पार्टी मनाकर पैसे की बर्बादी करते है उन्हें भी अपने ख़ुशी के मौके पर समाज मे एक अच्छा संदेश देना चाहिए ... ईस अवसर पर श्री डॉ. बब्बन राम, श्री दिनेश यादव, शहाबुद्दीन अंसारी, अनुवाद राजभर, धनंजय यादव, आदित्य चौहान, संजय निषाद, नियाज अहमद, व्यापारी नेता सुरेश चंद्र, सुधीर कुमार, सुजीत यादव, पिंटू अंसारी, जैकी, इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# ख़ास ख़बर

## न्यायालय के आदेशों का पालन करें अधिकारी व कर्मचारी - मण्डलायुक्त

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो गोंण्डा** । गोण्डा देवीपाटन मण्डल के मण्डलायुक्त ने मण्डल के सभी अधिकारियों को आदेशित किया है कि अपीलीय न्यायालयों द्वारा विभिन्न अधिनियमों के अन्तर्गत पारित आदेशों का संबंधित अधिकारी और कर्मचारी नियमानुसार ससमय अनुपालन सुनिश्चित किया जाये अन्यथा की स्थिति में संबंधित अधिकारी व कर्मचारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाही की जायेगी। दरअसल यह आदेश मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने जनसुनवाई एवं न्यायालय पर वादों की सुनवाई के समय आये दिन वादकारियों अथवा उनके अधिवक्ताओं द्वारा दिए जाने वाले प्रार्थना-पत्र के क्रम में दिया है। उन्होंने बताया कि वादकारियों अथवा उनके अधिवक्ताओं द्वारा आयुक्त न्यायालयों द्वारा विभिन्न अधिनियमों के अन्तर्गत पारित आदेशों का अनुपालन कराये जाने हेतु प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किये जाते रहते हैं तथा उनके द्वारा कहा जाता है कि निरन्तर प्रयास के बावजूद संबंधित तहसील के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आदेशों का समयबद्ध अनुपालन नहीं किया जा रहा है। ऐसी दशा में वादकारियों को तहसील से जिला मुख्यालय एवं आयुक्त न्यायालय व कार्यालय तक अनावश्यक रूप से चक्कर लगाने पड़ते हैं, साथ ही अपीलीय न्यायालय के आदेशों की अवहेलना भी होती है। इसको लेकर मण्डलायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह स्थिति न्यायहित में कदापि उचित नहीं है। प्रत्येक उच्चतर न्यायालयों द्वारा पारित आदेशों का समादर करते हुए संबंधित अधीनस्थ न्यायालयों व कार्यालयों द्वारा नियमानुसार ससमय अनुपालन किया जाये।

## पुरानी रंजिस के चलती छीनी बाइक,पीड़ित ने की शिकायत

**नवाबगंज (गोण्डा)शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा** । नवाबगंज क्षेत्र के विश्नोहरपुर गाँव निवासी युवक ने थाने पर तहरीर देकर गाँव के ही एक व्यक्ति पर मोटर साईकिल छीनने का आरोप लगाया है. और कार्यवाही की मांग की है. विश्नोहरपुर गाँव निवासी धर्मराज शर्मा पुत्र बुधराम ने दी गयीं तहरीर में बताया की वह अपनी मोटर साईकिल से सुबह साढ़े 9बजे अपने घर आ रहा था. रास्ते में गाँव के ही राम सिंह का घर है. वे अपने दरवाजे पर बैठे थे. धर्मराज को आता देख रुकने का इशारा किया. रुकते ही मोटर साईकिल की चाभी निकाल लिए और गाड़ी रख लिए. मांगने पर गाली गुप्ता देने लगे. पीड़ित इस का कारण पुरानी रंजिश बताया है. पीड़ित ने इस संबंध में थाने पर तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है.वही इस संबंध में जब थाना प्रभारी से बात की गयीं तो उन्होंने मीटिंग में होने तथा बाद में बात करने की बात कहकर फोन रख दिया.

## फ्रेशर कोर्स समापन पर 34 प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किया प्रमाण पत्र

**शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** ।अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के निर्देशन में पुलिस आपातकालीन सेवा यूपी-112 परियोजना के अंतर्गत पुलिस लाइन गोण्डा में दिनांक 11.08.2023 से 29.08.2023 तक संचालित 18 दिवसीय फ्रेशर कोर्स में 34 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण समापन पर आज दिनांक 29.08.2023 को अपर पुलिस महानिदेशक 112 लखनऊ (मुख्यालय) द्वारा निर्गत प्रमाण पत्रों को पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रशिक्षुओं को प्रदान किया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को यूपी-112 में प्रयुक्त विभिन्न तकनीकों का परिचय, मानव मूल्य, ऐसा ओ ऐस, संचार तथा बातचीत कौशल, एम डी टी की कार्यप्रणाली, जी आई ऐस तथा पीओ आई घटना के प्रकार, ऐ टी आर तथा डिस्पोजिशन कोड, तनाव अभिप्रेरणा, स्वास्थ्य एवं जीवन की प्रबंधन शैली,आपदा प्रबंधन एच आर एम एस , अग्नि, सोशल मीडिया, पुलिस कार्य कौशल, फायर सैफ्टी व महिला संबंधी आदि महत्वपूर्ण विषयो पर प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक यू0पी0-112 प्रदीप कुमार सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## उद्यान मंत्री ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो गोंण्डा** । गोंण्डा मंगलवार को उद्यान राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने तरबगंज के बाढ़ ग्रस्त गांव दुर्गापुर का निरीक्षण किया और वहां मौजूद लोगों से बात की। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को तत्काल मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने का आदेश अधिकारियों को दिया। इसके बाद उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगो को राहत सामग्री किट भी वितरित की। इसके बाद उन्होंने तरबगंज तहसील के सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी के साथ बाढ़ संबंधी समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने एसडीएम तरबगंज से तहसील के बाढ़ प्रभावित 24 गांवों के बारे में मुहैया कराई जा रही सुविधाओं व राहत कार्यों की जानकारी ली । उन्होंने सभी संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि बाढ़ प्रभावित गांवों का निरन्तर निरीक्षण करते रहे और पीड़ित लोगों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया जाए। बाढ़ प्रभावित लोगों को पेयजल, राशन, दवा, पशुओं के लिए चारा आदि की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी अपनी जिम्मेदारियां को भली-भांति समझे, मुख्यमंत्री जी का स्पष्ट निर्देश है की बाढ़ से प्रभावित होने वाले परिवारों और व्यक्तियों को पूरी सुविधा मुहैया कराई जाए। अतः सभी संबंधित अधिकारीगण अपने विभागों से होने वाले राहत कार्यों को पीड़ित लोगों तक पहुंचाएं।उन्होंने सभी अधिकारियों को सह निर्देश दिए की बाढ़ रहकर में किसी प्रकार की लापरवाही ना बढ़ती है साथ ही बाढ़ बढ़ने पर इस तरह की तैयारी रखी जाए कि गांव वालों को ऊंची जगह पर स्थानांतरित किया जा सके। उच्च स्थान पर गांव वालों को एकत्रित कर वहां पर एक साथ सभी को राहत सामग्री वितरित करने की सुविधा बनाई जाये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपजिलाधिकारी तरबगंज, एक्सीएन सिंचाई, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला आपदा विशेषज्ञ सहित अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मानव की सेवा सर्वोत्तम सेवा है





**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । अयोध्या अमानीगंज मानव परमात्मा की सर्व श्रेष्ठ रचना है और मानव की सेवा सर्वोत्तम सेवा है।बिना भेदभाव के नि स्वार्थ भाव से की गई सेवा आपसी प्यार और सदभाव को बढ़ाती है।श्री गाना नागदेव मंदिर, राय पट्टी ,अमानीगंज जनपद अयोध्या में सन्त निरंकारी मंडल द्वारा लगाए गए निः शुल्क प्यायू का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए श्री राम चंद्र यादव विधायक रुदौली ने उक्त उदगार व्यक्त किये पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं सतगुरु माता सुदीक्षा जी की शिक्षाओं के अनुरूप सन्त निरंकारी मिशन की इस क्षेत्र में की जा रही समाज कल्याण गतिविधियों से बहुत प्रभावित हूँ और मिशन द्वारा आयोजित रक्त दान, सफाई अभियान, वृक्षा रोपण कार्यो की सराहना करता हूँ।इन्हे समाज के सभी लोगों द्वारा अपना कर मानव मात्र की सेवा का संकल्प लिया जाना चाहिए ज्ञातव्य है कि श्री नागा नागदेव मन्दिर अयोध्या अंचल का विख्यात स्थान है जहाँ प्रत्येक सोमवार शुक्रवार को मेला लगता है। इस क्षेत्र की मान्यता है कि जब किसी को सांप डस लेता है तो यहाँ स्थित सरोबार मे स्नान करने के बाद ठीक हो जाता है जल प्याऊ स्थल पर लोगों की भारी आवाजाही रही और सेवादल की भाई बहनों ने पूरी लगन से सेवा निभाई। श्री राम चंद्र यादव मुखी, रुदौली ने मान नीय विधायक जी तथा मेला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाला गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो गोंण्डा** । गोंण्डा पुलिस अधीक्षकअंकित मित्तल ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0नगर पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व दबाव बनाकर शारीरिक शोषण करने के वांछित अभियुक्त-रिंकू उर्फ सूरज को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने थाना को0नगर क्षेत्र की रहने वाली लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था तथा उसके साथ शारीरिक शोषण किया था।

## ग्लोबल स्कॉलर फाउन्डेशन महाराष्ट्र ने प्रीती मौर्य को किया सम्मानित



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। ग्लोबल स्कॉलर फाउन्डेशन महाराष्ट्र द्वारा सुश्री प्रीती मौर्य, अयोध्या, उ०प्र० को भारतीय नारी रत्न अवार्ड से होटल सायाजी, पुणे में सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पदमश्री गिरीश य. प्रभुने द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका पर उकृष्ट सामाजिक कार्य किये जाने पर भारतीय नारी रत्न अवार्ड से आदृत किया गया। अन्तिम पायदान पर जीवनयापन करने वाले परिवारों को पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आजीविका तक पहुच बनाने में सुश्री प्रीती मौर्य ने अहम भूमिका निभाई है। इसके पूर्व सुश्री प्रीती मौर्य को सन् 2022 में लखनऊ में महिलाओं एवं बच्चों की स्वच्छता एवं आजीविका के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये 8th Flow Women's Award राकेश सचान कैबिनेट मंत्री, उ०प्र० सरकार, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

## अधिवक्ता सभा के नवनियुक्त ज़िलाध्यक्ष शावेज़ जाफ़री का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । समाजवादी पार्टी के अधिवक्ता संघ के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शावेज़ जाफ़री का आज अयोध्या कचहरी में स्थित सेनानी भवन के प्रांगण में समाजवादी अधिवक्ता सभा के नवनियुक्त ज़िला अध्यक्ष शावेज़ जाफ़री एडवोकेट का सैकड़ो अधिवक्ताओ ने फूल,मालाओं से स्वागत किया , शावेज़ जाफ़री समाजवादी पार्टी के निष्ठावान और पुराने कार्यकर्ता है और पूर्व में कई पदों पर कार्य कर चुके है नवनियुक्त अधिवक्ता सभा के महानगर अध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय एडवोकेट का भी स्वागत ज़िला अधिवक्ता सभा द्वारा किया गया,शावेज़ जाफ़री एडवोकेट द्वारा उक्त प्रांगण में स्थित समाजवादी पुरोधा डॉ राम मनोहर लोहिया जी,आचार्य नरेंद्र देव जी,और प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी रमानाथ मेहरोत्रा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया , कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शावेज़ जाफ़री एडवोकेट ने स्वागत करने वाले अधिवक्ताओ का आभार व्यक्त करते हुए कहा की मैं आप सब की और समाजवादी पार्टी की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा,समाजवादी अधिवक्ता सभा जल्द ही अपनी ज़िलास्तरीय ,तहसील स्तरीय कमेटी का गठन कर घोषणा कर मज़बूत साथियो को पदाधिकारी बनाने का कार्य करेगी जिससे समाजवादी पार्टी को मजबूती मिले,इस मनोनयन से अधिवक्ता वर्ग में बड़ा उत्साह देखने को मिले इस अवसर पर बार एसोसिशन फैज़ाबाद/अयोध्या पूर्व महामंत्री के के पटेल सहजराम यादव,प्रदीप चौबे,गणेश पाण्डेय ,मुन्ना सिंह,दुर्गेश श्रीवास्तव,राजेश कुमार यादव,विक्रम पाण्डेय,अवधेश सिंह,धर्मेंद्र कुमार यादव,रजी हसन, वैद,अशोक ,लव कुमार पांडेय सैकड़ो अधिवक्ता साथी मौजूद रहे।

## गड्ढा बना आने जाने वाले मरीजों के लिए परेशानी का सबब



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । जनपद की अधिकांश सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आम जनमानस को आने जाने में परेशानी हो रही है।सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे होने से यात्रा में समय अधिक लगता ही है और हादसों की आशंका भी बढ़ जाती है। मरीज सही समय से चिकित्सालय नहीं पहुंच पाते हैं जिससे मृत्यु भी हो जाती है। आपको बता दें कि जिला चिकित्सालय के सामने भी एक बड़ा गड्ढा हो गया है। जिला चिकित्सालय आने वाले मरीज गड्ढे में गिरकर चोटिल हो रहे हैं मरीज के परिजन भी इस गड्ढे की वजह से चोटिल हो चुके हैं गाड़ियां भी फंस जाती है। लेकिन ना तो जिला चिकित्सालय प्रशासन और ना ही नगर निगम इस पर ध्यान दे रहा है बड़े हादसा का सबक बनता जा रहा है यह गड्ढा वहीं समाजसेवी पत्रकार रविकांत ने बताया कि कई बार लोग रात्रि में इस गड्ढे की वजह से चोटिल हो जाते हैं ।

## सभा अध्यक्ष श्रीमती अपर्णा जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी के साथ मुलाकात की



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । अयोध्या 28 अगस्त । समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय से उनके ऑफिस में मुलाकात की जिसमें मुख्यरूप से पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महासचिव हमीद जफर मीशम महिला सभा जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव महानगर महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती अपर्णा जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी के साथ मुलाकात की । जिसमें 22/08/2023 को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं द्वारा एक ज्ञापन तहरीर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय अयोध्या के नाम से एसपी सिटी महोदय फैजाबाद अयोध्या को दिया गया था । जिसमें मुख्य रूप से सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन विधायक अभय सिंह पूर्व मंत्री आनंद सिंह यादव बीकापुर विधानसभा के प्रत्याशी रहे हाजी ।

# अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे ने किया कैन्ट स्टेशन का निरीक्षण



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा थाना जीआरपी अयोध्या कैन्ट चौकी जीआरपी अयोध्या का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान थाना चौकी के कार्यालय, मालखाना , बन्दीगृह का निरीक्षण किया गया, साफ-सफाई सन्तोषजनक सन्तोषजनक पाई गई तथा रेलवे स्टेशन अय़ोध्या कैन्ट अयोध्या जक्शन पर लगे बैग स्कैनर , प्लेटफार्मो सर्कुलेटिंग एरिया , कर्मचारी बैरक , मेस आदि का भौतिक स्थलीय निरीक्षण किया गया, उक्त के अतिरिक्त भविष्य में रेलवे स्टेशन अयोध्या जं0 पर प्रस्तावित बनने वाले थाने के स्थान का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश के साथ साथ श्रावण झूला मेला जीआरपी क्षेत्रान्तर्गत स्टेशन का जायजा लेकर श्रावण झूला मेला लगे अतिरिक्त पुलिस बल एवं थाना व चौकी पर नियुक्त समस्त अधिकारी कर्मचारीगण के सैनिक सम्मेलन कर ब्रीफ किया गया उनके समस्याओं के बारें में पूछा गया । रेलवे स्टेशन अयोध्या कैन्ट पर बने महिला हेल्प डेस्क की गुणवत्ता की परख करते हुए मिशन शक्ति अभियान के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही किये जाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार एवं आपरेशन दृष्टि योजना के अन्तर्गत स्टेशन के आस-पास त्रिनेत्र/सीसीटीवी कैमरा आमजन के सहयोग/राजकीय अधिक से अधिक निगरानी/घटना के आनावर में सहयोग प्राप्त करने हेतु विशेष बल दिया गया ।

# फ्रेशर कोर्स समापन पर 34 प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किया प्रमाण पत्र



**शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** ।अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के निर्देशन में पुलिस आपातकालीन सेवा यूपी-112 परियोजना के अंतर्गत पुलिस लाइन गोण्डा में दिनांक 11.08.2023 से 29.08.2023 तक संचालित 18 दिवसीय फ्रेशर कोर्स में 34 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण समापन पर आज दिनांक 29.08.2023 को अपर पुलिस महानिदेशक 112 लखनऊ (मुख्यालय) द्वारा निर्गत प्रमाण पत्रों को पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रशिक्षुओं को प्रदान किया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को यूपी-112 में प्रयुक्त विभिन्न तकनीकों का परिचय, मानव मूल्य, ऐसा ओ ऐस, संचार तथा बातचीत कौशल, एम डी टी की कार्यप्रणाली, जी आई ऐस तथा पीओ आई घटना के प्रकार, ऐ टी आर तथा डिस्पोजिशन कोड, तनाव अभिप्रेरणा, स्वास्थ्य एवं जीवन की प्रबंधन शैली,आपदा प्रबंधन एच आर एम एस , अग्नि, सोशल मीडिया, पुलिस कार्य कौशल, फायर सैफ्टी व महिला संबंधी आदि महत्वपूर्ण विषयो पर प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक यू0पी0-112 प्रदीप कुमार सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## गांवों में चौपाल लगाकर सीडीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याए

**शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी गोण्डा** । मंगलवार को *मुख्य विकास अधिकारी अधिकारी एम. अरुन्मौली (CDO M. Arunmozhi) ने वजीरगंज विकासखंड की ग्राम पंचायतों में जन चौपाल लगाई। उन्होंने ग्राम पंचायत- साहिबापुर, भीखमपुर, रसूरपुर, भगोहर, कादीपुर, परमापुर पहुंचकर ग्रामवासियों की विभिन्न समस्याओं को सुना। जन चौपाल के दौरान ग्राम वासियों ने बिजली, पानी, सड़क, साफ-सफाई, जलभराव, मनरेगा, सामुदायिक शौचालय, जल निकासी, गौ आश्रय स्थल, सिंचाई व्यवस्था, नहर, नलकूप, राशन वितरण, वृद्धा, विधवा एवं विकलांग पेंशन तथा छात्रवृत्ति आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि आदि से संबंधित समस्याओं को सीडीओ के समक्ष रखा। सीडीओ ने सभी शिकायतों को बारी-बारी से गंभीरता से सुना और लेखपाल कानूनगो, सचिव को निर्देश दिए कि राजस्व संबंधी शिकायतों का मौके पर जाकर ही निस्तारण करें।

# लैंड जिहादी मुस्लिम समुदाय द्वारा अवैध रूप से भूमि कब्जा की शिकायत

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । लोक जनशक्ति (रामविलास) पार्टी उत्तर प्रदेश के महासचिव इति प्रकाश वर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को पत्र लिखकर ग्राम बभनियावां में आत्म प्रकाश सिंह की भूमि पर लैंड जिहादी मुस्लिम समुदाय द्वारा अवैध रूप से भूमि कब्जा कर नवैय्यत व स्वामित्व बदलने की साजिश एवं परिवार सहित बम से उड़ाने की धमकी देने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु अपील किया और कहा पीड़ित आत्म प्रकाश सिंह पुत्र राम पवित्र सिंह नि० ग्राम बभनियावाँ थाना रौनाही तहसील सोहावल जनपद अयोध्या स्थित गाटा संख्या 94 मिं.बाग राजस्व अभिलेखों में पूर्वजों के समय से दर्ज चला आ रहा है जबकि चकबंदी प्रक्रिया जो सन 1985 मे हुई थी उसमे किसी प्रकार का ईदगाह राजस्व अभिलेखों मे नही दर्ज है,पिछले वर्ष से भूमिधर के जमीन में मुस्लिम समुदाय के अधिकांश बाहरी लोग बगैर प्रशासनिक स्वीकृति के अवैध रूप से जबरन ईद व बकरीद पर नमाज अदा करने लगे भूस्वामी ने जब आपत्ति किया तो उक्त मुस्लिम समुदाय के लोग आमादा फौजदारी हो गए । उक्त घटना की सूचना पीड़ित ने रौनाही थाना व उप जिला अधिकारी सोहावल जनपद अयोध्या को दिया । पीड़ित के पुत्र प्रभाकर सिंह उक्त प्रकरण से अवगत कराने दिनांक 18 अप्रैल 2023 को सांसद लल्लू सिंह के आवास पर गया और आवास से जैसे ही बाहर निकला तो गेट के पास से ही सादी वर्दी में पुलिस ने खींचकर बोलोरो मे लादकर मनगढ़ंत , फर्जी घटना दिखाकर शान्ति भंग मे जेल भेज दिया उधर अवैध रूप से दबंग लैंड जिहादियों द्वारा ईद की नमाज आत्म प्रकाश सिंह की भूमि पर अदा की गई। दुरभि सन्धि कर उपजिलाधिकारी सोहावल प्रकरण को दबाने की नियत से पीड़ित के उपरोक्त पुत्र जो परिवार का जीविकोपार्जन का श्रोत है के विरुद्ध दमनकारी नीति के तहत पक्षकार की तरह विभाग मे तथ्यों को छुपाते हुए दिनांक 19 अप्रैल 2023 को सेवा से हटवाने जैसे घृणित कृत्य के उद्देश्य से पत्र लिखा है ।भूस्वामी अपने पुत्र के जेल से छूटने के बाद प्रार्थनापत्र के द्वारा निरंतर अपनी पैतृक भूमि को भूमाफियाओं की गिरफ्त से मुक्त कराने की याचना शासन प्रशासन स्तर पर करता रहा इस दौरान पीड़ित का पुत्र अपने मामा अवधेश सिंह की आँखों का इलाज कराने चेन्नई गया था वापस दिनांक 28/06/2023 को श्रद्धा सेतू एक्सप्रेस से रेलवे स्टेंशन अयोध्या पर पहुँचतें ही बकरीद के एक दिन पूर्व सुबह लगभग 6 बजे पुनः मनगंढ़त ,झूठी घटना दिखाकर शान्ति भंग मे रौनाही पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया । इसी प्रकार मुस्लिम समुदाय भूमि पर अवैध कब्जा करने हेतू मजार ईदगाह मस्जिद का निर्माण कर धीरे -धीरे ऐसे स्थानों पर अपना अधिपत्य स्थापित कर लेते हैं । इस प्रकार के कृत्यो का ज्ञान शासन प्रशासन को होता है। इसी परिपेक्ष में पुलिस महानिदेशक द्वारा इस प्रकार की समस्याओं के निस्तारण हेतु 23/12/2022 को एक शासनादेश प्रसारित किया ।

**ज्ञापन** एक विवादित वीडियो स्वयं की आईडी से जारी करते हुए नारी समाज के ऊपर अभद्र टिप्पणी

# सपा के वरिष्ठ नेताओं ने एसएसपी से की मुलाकात



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय से उनके ऑफिस में मुलाकात की जिसमें मुख्यरूप से पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महासचिव हमीद जफर मीशम महिला सभा जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव महानगर महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती अपर्णा जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी के साथ मुलाकात की । जिसमें 22/08/2023 को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं द्वारा एक ज्ञापन तहरीर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय अयोध्या के नाम से एसपी सिटी महोदय फैजाबाद अयोध्या को दिया गया था । जिसमें मुख्य रूप से सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन विधायक अभय सिंह पूर्व मंत्री आनंद सिंह यादव बीकापुर विधानसभा के प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर एवं समाजवादी पार्टी व महानगर सहित सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष के द्वारा दिया गया था । उक्त ज्ञापन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के ऊपर अयोध्या के कथित महंत राजू दास द्वारा अभद्र टिप्पणी करने को लेकर था । जिसपर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया था । इसके बाद भी पुनः राजू दास द्वारा एक विवादित वीडियो स्वयं की आईडी से जारी करते हुए संपूर्ण नारी समाज के ऊपर बेहद अभद्र टिप्पणी किया था । जिसकी पूरी समाजवादी पार्टी निंदा करते हुए इस पर भी उचित कार्रवाई की मांग की है ।

# विश्व हिंदू महासंघ अयोध्या की जिला कार्यकारिणी घोषित



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। गुप्तारघाट स्थित हनुमान मंदिर में बैठक के दौरान विश्व हिन्दू महासंघ की जिला कार्यकारिणी घोषित की गई। नवगठित कमेटी में शामिल विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष गोरक्षा प्रकोष्ठ प्रवीण दूबे के द्वारा भगवा गमछा पहनाकर स्वागत किया गया। विहिम के जिलाध्यक्ष उपेन्द्र सिंह ने बताया कि मंडल प्रभारी अमित सिंह के अनुमोदन के उपरान्त जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष स्वरूप सिंह, मनोज श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष संजीव चतुर्वेदी, नीरज पाठक, कपिल श्रीवास्तव, प्रहलाद सिंह जिला महामंत्री विवेकानंद पाठक, जिला कोषाध्यक्ष बालक राम गांधी, जिला मंत्री मनीष माथुर, अमरेश, महेश सेन भोला, सुधीर गुप्ता, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव अन्ना जिला सचिव आयुष गौड़, जितेंद्र गौड़, शाश्वत सिन्हा, जिला मीडिया प्रभारी शरद सिंह, प्रमोद मिश्रा बाबा, जिला कार्यकारिणी सदस्य अरुण शर्मा, अरविंद वर्मा, राकेश सिन्हा, रामचंद्र श्रीवास्तव, संतोष चौहान, मनोज सिंह, विकास गुप्ता, सुशील पाण्डेय, सौरभ श्रीवास्तव, राम प्रकाश त्रिपाठी, अरूण वर्मा, ज्ञानेंद्र मिश्रा, विहिम गोरक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों में जिला अध्यक्ष गौरक्षा दीपक पाण्डेय, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरक्षा धर्मेंद्र प्रताप सिंह बादल, जिला उपाध्यक्ष गौरक्षा देव कुमार पाण्डेय, कमलेश वर्मा, जिला महामंत्री गौरक्षा अंकित दुबे, धर्माचार्य प्रकोष्ठ में जिला मंत्री धर्माचार्य विकास कुमार मिश्रा, की घोषणा की गई।

## चेन स्नैचिंग करने वाली महिला गिरोह का खुलासा, 02 शातिर महिला गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो गोंण्डा** । गोंण्डा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत शातिर चोरो/चेन स्नैचिंग करने वाले अभियुक्तोंमहिलाओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने क कड़े निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज के पर्यवेक्षण में चेन स्नैचिंग करने की 02 शातिर महिला-01. गीता देवी, 02. गुड्डी देवी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चेन स्नैचिंग की गयी सोने की चेन बरामद किया गया। दिनांक 28.08.2023 को वादी विनोद कुमार सिंह पुत्र चन्द्रिका सिंह ग्राम माथेपुर पो0 बनकटवा देहात थाना वजीरगंज द्वारा थाना को0 नगर में चेन स्नैचिंग की घटना के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

# ख़ास ख़बर

## पदम कुमार भट्ट का निधन, जामताड़ा लिपिक महासंघ ने जताया दुःख



**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा** । आल इंडिया लॉ कानसे फेडरेसन के संस्थापक सह रास्ट्रीय अध्यक्ष तथा बिहार एवं झारखण्ड विधि लिपिक महासंघ के संस्थापक सह मुख्य महासचिव पदम कुमार भट्ट की लम्बी बीमारी के बाद उनका निधन हो गया। खबर सुनकर जामताड़ा लिपिक महासंघ ने दुख जताया। जामताड़ा लिपिक महासंघ के अध्यक्ष माणिक पंडित ने बताया कि स्व० भट्ट आजीवन विधि लिपिको के सर्वांगीण विकास के लिए अपने जीवन के अंतिम समय तक संघर्षशील रहे। उनकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकती है। स्व० भट्ट के मृत्यु के अंतिम समय पर फेडरेसन एवं महासंघ के प्रभारी मुख्य महासचिव प्रशांत बनर्जी, महासंघ के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में धनबाद विधिलिपिक संघ के अध्यक्ष कृष्णा कुमार सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष गंगेश्वर महतो एवं सरयु प्रसाद यादव, सचिव हृदय कुमार लाला, पूर्व सचिव कन्हैया राय, पूर्व सम्मानित अध्यक्ष बसंत जोशी, आस्तिक मंडल झारखण्ड स्टेट बार काउंसिल के को चैयरमैन राधेश्याम गोस्वामी, धनबाद बार संघ के कोषाध्यक्ष मेघनाथ रवानी सहित अनेक अधिवक्तागण एवं विधिलिपिक सदस्य उपस्थित थे। स्व० भट्ट के तीनो अधिवक्ता पुत्र उदय कुमार, अभय कुमार, एवं अजय कुमार भट्ट, पुत्री पूनम देवी सहित परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे ।इस अवसर पर उपस्थित सभी ने मृत आत्मा के शान्ति के लिए अपनी अपनी श्रधा सुमन अर्पित किया।

## फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में खिलाड़ियों का हुआ चयन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददता मधुपुर/ देवघर** । फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन सह प्रशिक्षण के लिए आयोजित कार्यक्रम में आज मंगलवार को खिलाड़ीयों का चयन किया गया। अन्तर जिला फुटबाल प्रतियोगिता के लिए यह कार्यक्रम पुर्व निर्धारित घोषणा के तहत सम्पन्न हुआ।दो दिन के इस शिविर में कुल पचपन खिलाड़ीयों ने भाग लिया। गत वर्ष जो खिलाड़ी अन्तर जिला फुटबाल टूर्नामेंट में भाग लिया था उसे आज झारखंड फुटबाल संघ से प्राप्त प्रमाण पत्र भी दिया गया। शिविर के सफल आयोजन के लिए संघ के सचिव विष्णु टूडु तथा राजेश सोरेन कोषाध्यक्ष की सराहनीय भूमिका रही। संघ के अध्यक्ष विद्रोह कुमार मित्रा ने कहा 10 सितंबर से शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए अठारह खिलाड़ी तथा दो पदाधिकारी को विशेष रूप से दिशा निर्देश देने के लिए दिनांक पांच सितंबर को रखा गया है।

## श्रावण मास की अंतिम सोमवारी को फुल्लीडुमर प्रखंड के विभिन्न शिवालियों में पूजा अर्चना हेतु भक्तों का लगा रहा तांता



**संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका** । श्रावण मास की अंतिम सोमवारी को लेकर 28 अगस्त 2023 को फुल्लीडुमर प्रखंड के विभिन्न शिवालियों में भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा अर्चना के लिए दिनभर श्रद्धालु भक्तों का तांता लगा रहा| जानकारी के अनुसार फुल्लीडुमर प्रखंड के कुशेश्वर नाथ शिव मंदिर फुल्लीडुमर, परमेश्वर नाथ शिव मंदिर फुल्लीडुमर, मनोकामना नाथ शिव मंदिर फुलीडूमर, मध्यगिरी नाथ शिवमंदिर, झोपड़ी नाथ शिव मंदिर दसुआ, शिव मंदिर कुमारपुर, शिव मंदिर महादेव स्थान, शिव मंदिर झरना पहाड़ी, शिव मंदिर ईटहरी, शिव मंदिर नवटोलिया सहित प्रखंड के सभी शिव मंदिर में सोमवार को भगवान शिव एवं माता पार्वती पर जल चढ़ाने एवं पूजा अर्चना के लिए दिनभर भक्तों की भीड़ लगी रही| धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हिंदू धर्म में सोमवार को भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा अर्चना एवं उपासना करने से भक्तों की सभी मनोकामना पूर्ण होती है एवं उनके जीवन में सुख एवं समृद्धि की प्राप्ति होती है| वहीं सोमवार को शिवालयों में भक्तों की भीड़ को देखते हुए फुल्लीडुमर थाना अध्यक्ष आलोक कुमार, अपर थाना अध्यक्ष बलवीर विलक्षण एवं एसआई सतीश कुमार पुलिस जवानों सहित दिनभर थाना क्षेत्र के सभी शिवालयों के पास विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु एवं मनचले लोगों पर नजर बनाए रखने हेतु सक्रिय रूप से गश्ती करते दिखे|

# जिला प्रशासन द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस एवं मेजर ध्यानचंद जयंती



**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा** । खेल निदेशालय झारखंड रांची के निर्देशानुसार जामताड़ा जिला प्रशासन के तत्वाधान में एक दिवसीय स्वदेशी खेल सीलिंग शोर्ट "गुलेल" एवं रस्सा-केशी खेल का आयोजन किया गया। साथ ही खिलाड़ियों का सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय आउटडोर स्टेडियम जामताड़ा में किया गया। सर्वप्रथम प्रतियोगिता का विधिवत्त शुभारंभ मेजर ध्यानचंद जी के तैलीय चित्र पे मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ.गोपाल कृष्ण झा ने माल्यार्पण और श्रद्धा सुमन अर्पित क किया। रस्सा-केशी जूनियर बालक वर्ग में विजेता सेंट जोसेफ स्कूल एवं उपविजेता जामताड़ा क्लब रहे। वहीं सीनियर बालक वर्ग में विजेता सेंट एंथोनी स्कूल , उपविजेता सेंट जोसेफ स्कूल रहा। बालिका वर्ग में विजेता सेंट एंथोनी स्कूल ,उपविजेता सेंट जोसेफ स्कूल रहे। गुलेल प्रतियोगिता में अंडर 14 बालक वर्ग सोनू यादव फास्ट, आर्यन कुमार सेकंड , संजीव टुडू तृतीय । अंडर-19 बालक वर्ग नागेंद्र बास्की प्रथम , सूरज मरांडी, द्वितीय , विशाल मरांडी तृतीय , ओपन बालक वर्ग सोनू मल्लिक प्रथम , राजकुमार वर्मा द्वितीय , बालिका वर्ग में प्रथम चंदन कुमारी प्रथम , दिया दत्ता द्वितीय, परिणीता सिंह तृतीय। स्लिंगशॉट "गुलेल" में चैंपियन आर.जे. , आर. जे जे हाई स्कूल कर्माटांड़ रहा ।जामताड़ा जिला प्रशासन की और से जामताड़ा जिले में एक मात्र ताइक्वांडो डे बोर्डिंग सेंटर के राष्ट्रीय खिलाड़ी शीतल कुमारी एवं अर्पित वर्मा को भी सम्मानित किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूल क्लब के लगभग 190 छात्र-छात्र शामिल हुए । सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर गोपाल कृष्ण झा ने कहा कि हम लोग भारत माता के सपूत हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के जन्म जयंती मना रहे हैं। मेजर ध्यानचंद जी अपने जीवन को राष्ट्र को समर्पित किए थे। उन्होंने जर्मन के हिटलर को चुनौती देकर भारत मां के तिरंगा को पूरे विश्व पटल पर ओलंपिक खेल में फराया था। सभी खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद जी का अनुसरण करके उनके जीवनी को पढ़ना चाहिए। जिससे कि वह प्रेरित होकर जिला , राज्य , राष्ट्र के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा सकते हैं। जिला प्रशासन जामताड़ा आपके साथ है। कार्यक्रम के सफल संचालन में मुख्य रूप से जिला के पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी सह झारखंड राज्य खो-खो एसोसिएशन संयुक्त सचिव दीपक दुबे, नितेश सेन , डॉ भास्कर , सूरज कु.पासवान, संजीव सेन , परिणीता सिंह, रौनक राज, अनीश रंजन , इम्तियाज अंसारी , विजय विश्वकर्मा, इदरीश अंसारी, राजकुमार वर्मा, सोनू मल्लिक, विनय सिंह , सोमनाथ दत्ता, अर्जुन सोरेन उपस्थित थे।

# नाला थाना में मनाया गया रक्षा-बंधन पर्व



**दैनिक शुभ भास्कर सुष्मिता कुमारी नाला (जामताड़ा)**। नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा की पहल पर भाई बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व नाला थाना में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा ने की।इस अवसर पर महिलाओं ने धूप,दीप, अरवा चावल, सिंदूर, नैवेद्य से भाई स्वरूप पुलिस कर्मियों को विधिवत रक्षा सूत्र बांधी। वहीं पुलिसकर्मियों ने भी रक्षा सूत्र बंधवाकर समाज में पुलिस पब्लिक के संबंध को बरकरार रखने का संकल्प लिया। साथ ही बहन स्वरूप तमाम मां बहनों की रक्षा का भी संकल्प लिया गया।मौके पर नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा, एसआई रंजीत राम, एएसआई राजू महली, सहायक पुलिस और निरीक्षक शंभू नाथ दत्ता, मुंशी तपन कुमार सेन, पन्नालाल बाउरी सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## आप और हम जन संगठन ने 7 सूत्री मांगों को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मधुपुर/ देवघर** । आप और हम , जन संगठन ने पानी , बिजली , सफाई ,शिक्षा , स्वस्थ ,सड़क जाम , सड़क दुर्घटना व बढ़ रहे अपराधिक गतिविधि आदि जन समस्याओं को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी को 7 सुत्री मांगपत्र सौंपा । ज्ञापन सौपने वाले शिष्टमंडल मे संगठन के अध्यक्ष - धनंजय प्रसाद , जयरंजन अम्बष्ट , अंसार अली , पुतुल देवी , मो अरशद व राम पासवान शामिल थे । संगठन के अध्यक्ष धनंजय प्रसाद ने कहा कि आप और हम , जनसंगठन जन समस्याओं के समाधान के लिए वर्षो से संघर्षरत है । मौजूदा समय में भीषण गर्मी व जल संकट को देखते हुए पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था करने , बंद पड़े चापानल चालु कराने , बिजली आपूर्ति नियमित करने , कोर्ट के पास आम्बेदकर चौक से गाड़ियों का जमवाड़ा हटाने , सड़क दुर्घटना को देखते हुए तीव्र गति से वाहन में शक्ति से रोक लगाने , ओवरब्रिज शीघ्र चालु कराने , प्राइवेट स्कुलों की फ्री बढ़ोत्तरी पर रोक लगाने , पांच से नीचे की सिक्कों का प्रचलन कराना व देर रात बाइक सवार अपराधियों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की गई है । सारी समस्याएं जनपक्षीय है । इसकी उपेक्षा का मतलब जनतंत्र की उपेक्षा होगी । जिसे यहां की जनता कभी नहीं भूलेगी ।

# छात्र छात्राओं के सतत मूल्यांकन हेतु शिक्षक नसीम का अनूठा प्रयास



**दैनिक शुभ भास्कर सारण/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह** । छात्र छात्राओं के हित एवं शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा अपने नए नए नवाचारों का प्रयोग करने वाले बी बी राम उच्च विद्यालय नगरा सारण के गणित शिक्षक व राजकीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक नसीम अख्तर ने अपने विद्यालय के सभी शिक्षकों श्री मनोज कुमार द्विवेदी , मणिकांत तिवारी, राजीव कुमार चौधरी, सोनू कुमार, नौशाद आलम, पूनम कुमारी, बलराम जी साह, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय आदि के साथ मिलकर अपनी साप्ताहिक सतत मूल्यांकन/ यूनिट टेस्ट की प्रक्रिया व प्रोजेक्ट मैथ मिशन के तहत् एक नई पहल की शुरुआत की है। उन्होने कहा कि मार्च -2023 से ही बारहवीं कक्षा के छात्र छात्राओं हेतु मैथ मिशन प्रोजेक्ट के तहत् कक्षा कक्ष में ही मैथ के अध्याय को पढ़ाने एवं समाप्ति उपरांत वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्र बनाकर छात्र छात्राओं का टेस्ट लेकर उनका मूल्यांकन कर सम्मानित किया जा रहा था। जिसमें 15 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाते थे। छात्र छात्राओं की संख्या में आशातीत वृद्धि को देखकर उत्साह वर्धन से मासिक मूल्याकंन का आयोजन कर छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया है। छात्र छात्राओं के इस मूल्यांकन परीक्षा में 20 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे जिसमे बारहवीं कक्षा के गणित विषय के चार अध्यायों इनवर्स सर्कुलर फंक्शन, मैट्रिक्स, डिटरमिनेंट्स, वेक्टर अलजेब्रा से प्रश्न होंगे जिसे छात्र छात्राओं को पढ़ाया जा चुका है। इस परीक्षा का आयोजन विद्यालय के कक्षा कक्ष में ही दिनांक 30/8/23 को समय 3.00 बजे से किया जाएगा। मूल्याकंन के पश्चात छात्र छात्राओं की प्राप्तांक के अनुसार ग्रेडिंग A,B,C,D,E द्वारा की जाएगी तथा उन्हें शिक्षक दिवस 5 सितंबर को पुरस्कृत भी किया जाएगा। उन्होंने ने इस मैथ मिशन के तहत् कक्षा कक्ष में आयोजित सतत मूल्यांकन परीक्षा से लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि इससे छात्र छात्राओं में सेल्फ कॉन्फिडेंस लेवल बढ़ने के साथ परीक्षा पूर्व वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का संग्रह होने के आलावे अभ्यास भी हो जाता हैं। ज्ञातव्य है कि बारहवीं कक्षा के परीक्षा में लगभग बिहार बोर्ड द्वारा पच्चास फ़ीसदी प्रश्न वस्तुनिष्ट प्रकार के ही पूछे जाते है। प्रश्न स्वलिखित प्रश्नपत्र प्रारूप के जैसे ही होंगे।

## देवकी फाउंडेशनऔर भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के द्वारा लगातार आठवाँ भंडारा



**दरभंगा** । देवकी फाउंडेशन और भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के द्वारा लगातार आठवाँ भंडारा का आयोजन मनोकामना मंदिर के परिसर में भारतीय मानव आधिकार सुरक्षा संगठन के युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विनीत अठवानी के सौजन्य से किया गया। वही अध्यक्ष विनीत अठवानी ने बताया कि अपने पिताजी स्वर्गीय भरत कुमार अठवानी को याद करते हुए वंदन किया और यह भी बताया कि उनके पिताजी भी कांवर लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर जल चढ़ाने जाते थे और समाज सेवा से भी जुड़े हुए थे और गरीब असहाय लोगों को काफी मदद करते थे उन्हीं के याद में मंगलवार को भंडारा आयोजन किया गया इस फाउंडेशन और संगठन के द्वारा हर सावन के सोमवार को भैरोपट्टी में महाप्रसाद का वितरण और और हर मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया है । मंगलवार के इस आयोजन से यूनिवर्सिटी आने जाने वाले राहगीरों और मनोकामना मंदिर में आने जाने वाले श्रद्धालु जो दूर से आते हैं उनको बहुत फायदा होता है और इसके साथ-साथ यूनिवर्सिटी के छात्र जो बाहर से आते है उनको भी इस भंडारे से बहुत लाभ मिलता हैं। फ़ाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी ने यह बताया कि इसमें लगभग 350 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ साथ भारतीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष ने बताया इस नेक काम के लिए देवकी फ़ाउंडेशंस का धन्यवाद इस भंडारे में मनोज कुमार प्रदेश अध्यक्ष, सजल यादव प्रदेश अध्यक्ष (शिक्षा प्रकोष्ठ), मो० इम्तेयाज प्रदेश सचिव, रामलखन झा प्रदेश सचिव, प्रिंस परवेज़ ज़िला अध्यक्ष, विनीत अठवानी ज़िला अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ), नागमणि ज़िला उपाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ), सुमित कुमार सदस्य एवं धर्मेंद्र कुमार सदस्य इत्यादि शामिल हुए। साथ साथ अभय कुमार एवं मो० काशिफ सहयोगी के रूप में उपस्थित रहे।

## सऊदी अरब में राजद विधायक मोहम्मद कामरान का स्वागत



**दरभंगा** । राजद के कोषाध्यक्ष एवं गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र के राजद विधायक श्री मुहम्मद कामरान अपने निजी कार्य के लिए सऊदी अरब की यात्रा पर थे जहां बिहार अंजुमन हे लीडर फाउंडेशन के तहत भारत के बिहार प्रांत के लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर मुहम्मद कामरान ने वहां उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि बिहार अंजुमन और निरगा फाउंडेशन दोनों संस्थाएं शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा काम कर रही हैं - आप अपनी मिट्टी और परिवार को इस देश में छोड़कर जा रहे हैं। दिन-रात मेहनत करके आप लोग मदद कर रहे हैं। अपने देश की आर्थिक स्थिति में सुधार करें - जिसके लिए अल्लाह आपको और आपके परिवार को दोनों जगहों पर पुरस्कृत करेगा - बिहार प्रांत सरकार, आप सभी से। अनुरोध है कि वहां औद्योगिकीकरण पर काम करें, स्कूल और कॉलेज खोलने के लिए काम करें, मेडिकल और नर्सिंग कॉलेज खोलें - बिहार सरकार आपका पूरा सहयोग करेगी - इस मौके पर मोहम्मद कामरान ने कहा कि भारत प्यार और भाईचारे का देश है. यह चलने वाला देश है, यहां नफरत के लिए कोई जगह नहीं है - इस मौके पर मोहम्मद फैजुद्दीन ने कहा कि यह बैठक राजिद बनाने के लिए है. 2024 में नफरत से प्रेरित सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए धर्मनिरपेक्ष पार्टी को मजबूत और मजबूत करना है। और यह एक मजबूत इरादे के लिए किया गया है - इस अवसर पर श्री शकील हाशमी, मुहम्मद शाहीन, फखरुद्दीन अली अहमद, असफ़र शाहीन, इम्तियाज खान, फैज़ सिद्दीकी, नसीरुद्दीन अंसारी, अमन हाशमी और मुहम्मद आबिद के अलावा बड़ी संख्या में बिहार के लोग शामिल हुए-

## बड़कुड़ीचक में सास बहू पति सम्मेलन का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर सुष्मिता कुमारी नाला/जामताड़ा** । नाला सीएचसी अंतर्गत बड़कुड़ीचक में सास बहू पति सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहिया साथी बबीता भुंई, सहिया प्रमिला हांसदा, सेविका ललीता सोरेन की मौजूदगी में उत्कृष्ट सास, उत्कृष्ट बहू तथा उत्कृष्ट पति का चयन किया गया । इस अवसर पर प्रतिभागियों से परिवार नियोजन से संबंधित क्वीज तथा निर्धारित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न प्रश्न पूछे गए। इस अवसर पर उत्कृष्ट सास के रूप में देवी हेम्ब्रम,उत्कृष्ट बहू के रूप में मंजली मुर्मू तथा उत्कृष्ट पति के रुप में कालीदास मरांडी का चयन किया गया। मौके पर स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा सास बहू पति सम्मेलन के आयोजन को लेकर इसके महत्व तथा उद्देश्य के बारे चर्चा की गई ।बताया गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य मनोरंजक खेल एवं अभ्यास के माध्यम से सास एवं बहू पति के बीच बेहतर संचार सुविधा प्रदान करना है।

आयोजन | मधुस्थली इंस्टिट्यूट ऑफ़ पारा मेडिकल साइंसेज ने भाग लिया

# मधुस्थली में आयोजित अन्तर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मधुपुर/देवघर** । राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर, मधुस्थली ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स के नेतृत्व के सहयोग से मधुस्थली इंस्टिट्यूट ऑफ़ टीचर ट्रेनिंग में एक अन्तर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन संपन्न हुआ।जिसमे कुल पाँच टीम चाणक्या टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, राहत कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, मधुपुर कॉलेज, मधुस्थली इंस्टिट्यूट ऑफ़ टीचर ट्रेनिंग तथा मधुस्थली इंस्टिट्यूट ऑफ़ पारा मेडिकल साइंसेज ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फुटबॉल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट विद्रोही मित्र तथ अन्य अतिथि के रूप में खेलगांव के सदस्य संजय शर्मा उपस्थित थे। उक्त टूर्नामेंट को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन. एस. एस.) तथा मधुस्थली इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंसेज ने चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराया। टूर्नामेंट में अपनी उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए मधुपुर कॉलेज तथा चाणक्या टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बीच फाइनल खेला गया ।जिसमे मधुपुर कॉलेज ने 1-0 से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। मधुस्थली इंस्टिट्यूट ऑफ़ टीचर्स ट्रेनिंग की प्राचार्या डॉ. जॉली सिन्हा ने टूर्नामेंट के विजेता तथा उप-विजेता टीमों को बधाई दी तथा टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों, खेल प्रबंधकों तथा रेफरी को धन्यवाद दिया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में मधुस्थली परिवार से सभी शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारिगणों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# जन सुराज पदयात्रा को एतिहासिक बनाने हेतु चलाया जा रहा है जन संपर्क-मंजूर आलम



**मधुबनी संवाददाता मंजूर आलम जन सुराज सेवक** । मधुबनी सह बिस्फी विधानसभा ने कहा के जन संपर्क अभियान के अन्तर्गत बिस्फी प्रखंड के लोहरा गांव के श्री नागेंद्र यादव पूर्व एम एल ए प्रत्याशी (बसपा)बेनीपट्टी विधानसभा से मिलकर जन सुराज के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया, चर्चा के दौरान मंजूर आलम ने कहा के आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी को कौन नहीं जानता,आज के समय में वह राजनीति के चाणक्य माने जाते हैं आप भी भलीभाँति जानते होंगे। आजतक जिस राजनीतिक पार्टी का उन्होंने हाथ पकड़ा है वह पार्टी चुनाव नहीं हारी है। हाल ही में सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव हुआ था उसमें श्री अफाक अहमद निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव में खड़े थे और दूसरी तरफ आप को मालूम होना चाहिए के इस श्रेत्र से सीपीआई के कद्दावर नेता केदारनाथ पांडे लगातार चुनाव जीतते आ रहे थे,उनके निधन पर यह सीट खाली हो जाने के कारण उनका पूत्र आनन्द पुष्कर महागठबंधन के उम्मीदवार थे और बीजेपी ने भी अपना उम्मीदवार खड़ा किया था। लेकिन श्री अफाक अहमद को जन सुराज के मुखिया सबके चहेते आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी ने अपना समर्थन दिया और इस चुनाव में आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी के समर्थित उम्मीदवार श्री अफाक अहमद विजय हुए।आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी कहते हैं के मैंने इस बार जनता का हाथ पकड़ा है विश्वास रखिए आप को भी हारने नहीं दूंगा।बिस्फी विधान सभा सेवक मंजूर आलम को बसपा बेनीपट्टी विधानसभा के पूर्व एम एल ए प्रत्याशी श्री नागेन्द्र यादव ने आश्वासन दिया कि आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी के जन सुराज के उद्देश्यों को हम अपने क्षेत्र बिस्फी बेनीपट्टी में लोगों के बीच रखेंगे और लोगों को जन सुराज जुड़ने हेतु अपिल करेंगे।

## मानस मुक्ता यशुमति को प्रसिद्ध कथाकार मोरारी बापू ने रत्नावली पुरस्कार से किया सम्मानित



**दैनिक शुभ भास्कर प्रेम रंजन झा देवघर** । देवघर प्रखंड के कुशमाहा गांव निवासी अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्ध कथाकार को रत्नावली अवार्ड से सम्मानित किए जाने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। मिली जानकारी के अनुसार गुजरात के कैलाश गुरुकुल महुआ में श्रावण शुक्ल सप्तमी को आयोजित तुलसी जयंती के अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचक मोरारी बापू की ओर से कुशमाहा निवासी मानस मुक्ता यशुमति को रत्नावली अवार्ड से सम्मानित किया गया है। क्षेत्र में इस प्रकार की पहली अवार्ड से क्षेत्र के लोग घर पहुंच कर बधाई देते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। जानकारी हो कि यशुमति साधारण गृहस्थ जीवन व्यतीत करते हुए इस मुकाम तक पहुंचने वाली झारखंड की पहली कथावाचक है।

## ख़ास ख़बर

### औचक निरिक्षण

**सीवान संवाददाता**। आज दिनांक 29/08/23 को राजकीय मध्य विद्यालय हरिहरपुर लाल गढ़,का औचक निरिक्षण DPO अशोक पाण्डेय ने किया जिसमें शिक्षक उपस्थित पाए गए, प्रभारी प्रधानाध्यापिका शकुन सिन्हा को साफ सफाई एवं शौचालय खुला रखने की परामर्श दिए और बच्चों की 75% उपस्थिति पर ज्यादा जोर दिए पठन -पाठन सुचारु रूप से पाया गया, उपस्थित शिक्षक दीनबंधु सिंह, रमेशचंद सिंह, अर्चना उपस्थित पाए गए

### शराब के नशे में युवक गिरफ्तार

**बड़हरिया/सिवान/ संवाददाता**। बड़हरिया थाना क्षेत्र के हरदोबारा निवासी स्वर्गीय हरिप्रसाद के पुत्र चंदन शाह को शराब की नशे में उनके घर से एएसआई राजकुमार कश्यप ने गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिवान भेज दिया।

### रेलवे ट्रेक पर मिली 25 वर्षीय महिला का शव, एक घंटा अप रेल परिचालन बाधित



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर**। मधुपुर रेल थाना अंतर्गत जोड़ामोह स्टेशन के निकट एक महिला का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा हुआ मिला। सूचना पर मधुपुर आरपीएफ घटना स्थल पहुंची | आउटर सिग्नल के बाहर रेलवे ट्रैक पर शव रहने के कारण देवघर जिले के पथरोल थाना की पुलिस की इसकी सूचना दी गई । सूचना पर पथरोल थाना प्रभारी मनीष कुमार मधुपुर आरपीएफ सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद एवं श्याम सुंदर कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच किया । फिर पंचनामा करके शव को रेलवे ट्रैक से हटाया। इस दरम्यान अप रेल परिचालन ठप रहा । करीब डेढ़ घंटे के बाद अप में रेल परिचालन प्रारंभ हुआ। उसके बाद रेल यात्रियों ने राहत की सांस ली । सूचना पर मृतका के परिवार भी वहां पहुंचे । पुलिस ने बताया कि मृतका की पहचान 25 वर्षीय मोनी कुमारी धोबाना गांव के रूप में हुई है । परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि मोनी मायके में रहती थी । कुछ दिनों से उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं था । वह काफी परेशान रहती थी । सोमवार की शाम वह घर से निकली थी। देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर उसे परिजन खोज रहे थे । मंगलवार सुबह जानकारी हुई कि उसकी शव रेलवे ट्रेक पर हैं । पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव को परिवार वालों को सौंप दिया है | इस संबंध में पथरोल थाना के पुलिस में यूडी केस दर्ज किया है।

### अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस पर महाविद्यालय में बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा**। अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के शुभ अवसर पर बुधवार को जामताड़ा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई वन के द्वारा बैडमिंटन प्रतियोगिता करवाया गया। जिसमें कल 35 छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। पहला मैच कविता टुडू एवं प्रतीक्षा हंसदा के बीच खेला गया। जिसमें प्रतीक्षा हसदा ने 13 पॉइंट बनाया एवं कविता हंसदा 15 पॉइंट बनाकर खिताबअपने नाम किया। इस कार्यक्रम के आयोजन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर काकुली गोराई ने कहा कि बुधवार को अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय योजना इकाई वन के द्वारा कार्यक्रम करवाया जा रहा है। सभी खेल से जुड़े युवाओं एवं छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देती हूं कि हमेशा खेल के प्रति अपना रुचि रखें एवं उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आकाश सिंह, द्वितीय स्थान अविनाश राउत, एवं तृतीय स्थान नितेश यादव ने प्राप्त किया। इन सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रभारी प्राचार्य अजय राज खालको ने मेडल एवं प्रस्तति पत्र देकर सम्मानित किया। वही खेल के रेफरी के रूप में प्रोफेसर संजय सिंह मौजूद थे।मौके पर प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह, शंकर पांडे,सनत किस्कू, कर्मचारी तापस कुमार चौबे, गौतम कुमार झा, भोला दास, संतोष राम, मधुसूदन साधु, मीरा कुमारी, छात्र आकाश सिंह, अविनाश रावत, अभिषेक झा, अकेश सिन्हा, हबीब अंसारी, आकाश पांडे सहित अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### 10 हाजी उमरा के लिए मधुपुर आनंद विहार एक्सप्रेस से रवाना



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर**। 10 हाजी हज्जे उमरा मधुपुर आनंद विहार एक्सप्रेस ट्रेन से नई दिल्ली के लिए हुए रवाना। न्यू दिल्ली से जद्दा के लिए होंगे रवाना। जहां उनके चाहने वालों ने फुल और माला पहनाकर स्वागत किया।स्वागत करने के लिए मधुपुर स्टेशन में लोगों की भीड़ उमडी। सभी 10 हाजी गिरिडिह जिले के बेंगाबाद घुटिया गांव के रहने वाले है। जिनमें पांच पुरुष पांच महिलाएं शामिल है।उमरा में जाने वालों में(१) मोहम्मद इसराइल, (२) मोहम्मद फखरुद्दीन,(३)मोहम्मद नईमुद्दीन (४) मोहम्मद शाहजहां(५) मोहम्मद इस्लाम(६) मुमताज बानो(७) समीना खातुन (८)जावेदा खातून(९) नूरजहां (९०) जलीना खातून शामिल है। सभी गिरिडीह जिला के बेंगाबाद घुटिया निवासी है। मौके पर दर्जनों चाहने वाले लोग उपस्थित थे।

# राजनीतिक दलों की सहभागिता अपेक्षित- उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी




**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा**। मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड के निर्देश के आलोक में मतदान केंद्रों का व्यवस्थीकरण एवं मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण - 2024 के निमित्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्रचार प्रसार एवं जागरूकता अभियान के निमित्त सभी राजनीतिक दलों के नामित प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि भूषण मेहरा ने कहा कि आप सभी अवगत हैं कि जिले में मतदाता पुनरीक्षण 2024 का काम शुरू हो गया है। इसके तहत 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की उम्र वाले नए वोटरों का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। इस संबंध में आप सभी से पूर्व में भी सहयोग हेतु अपील किया गया था। सभी योग्य मतदाताओं को सूची में नाम जोड़ा जा सके। इसके अलावा बताया कि पुराने वोटरों का नाम पता सहित अन्य त्रुटियों का सुधार व बूथ परिवर्तन तथा मृत वोटरों के नाम हटाने का कार्य किया जायेगा। इस कार्य हेतु विभिन्न चरणों में अलग अलग कार्य किए जा रहे हैं। दिनांक 21 जुलाई से 21अगस्त तक बीएलओ अपने मतदान केंद्रों में घर घर जाकर नए और पुराने वोटरों के नाम व पता का सत्यापन कार्य किया गया है एवं प्रपत्र 8 में इसका रिपोर्ट दिया गया है। वहीं इसके लिए मतदान केंद्रवार दिनांक 22 अगस्त से 9 सितंबर तक मतदान केंद्रों व वोटरों का सत्यापन किया जाएगा। जिसमें फोटो के सत्यापन एवं गुणवत्ता की जांच होगी एवं इसके आधार पर 17 अक्टूबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। 17 से 30 नवंबर तक दावा आपत्ति दाखिल होगा। वहीं 1 से 26 दिसंबर तक दावा आपत्ति का निष्पादन होगा। इसके बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2024 को किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस अभियान के दौरान बीएलओ को सहयोग करने एवं शत प्रतिशत मतदाताओं के नाम में आवश्यक सुधार सहित नए नाम जोड़ने पुराने हटाने आदि अन्य कार्यों में आवश्यक सहयोग हेतु सभी मतदान केंद्रों में आपके स्तर से सभी मतदान केंद्रों में बीएलए की प्रतिनियुक्ति की जानी है। जिसके लिए उन्होंने संबंधित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि से बीएलए की प्रतिनियुक्ति करने हेतु अपील किया। इसके साथ ही उपायुक्त ने मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में व्यापक प्रचार प्रसार एवं जागरूकता अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने एवं शत प्रतिशत नए मतदाताओं को जोड़ने सहित त्रुटि रहित मतदाता सूची के निर्माण में अपना अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के लिए अनुरोध किया गया। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि से कहा कि बीएलओ हर घर जा रहे हैं कि नहीं ये जरूर देखिए। किसी भी योग्य मतदाता का नाम नहीं छूटे इसका ध्यान रखिए। उन्होंने कहा कि कोई ऐसे व्यक्ति जो चुनाव लडना चाहते हैं वो अपना नाम सहित अन्य त्रुटियों को सुधार करवा लें। अगर वोटर लिस्ट से नाम किसी कारणवश हट गया है तो उसे अवश्य जुड़वा लें।वहीं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 08 नाला सह अपर समाहर्ता सुरेन्द्र कुमार ने नाला विधानसभा एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 09 जामताड़ा सह अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडेय ने मतदाता सूची विशेष विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में बीएलओ के द्वारा किए जा रहे कार्यों के अद्यतन प्रगति के बारे में बताया। बैठक में अपर समाहर्ता सुरेन्द्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडेय, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रधान मांझी, उप निर्वाचन पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी,अंचल अधिकारी मनोज कुमार,निर्वाचन कार्यालय के प्रधान सहायक संतोष कुमार, मनोज मुर्मू, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि जेएमएम, कांग्रेस, बीजेपी, आरजेडी, आजसू, सीपीआई एवं सीपीआईएम सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# गुठनी में श्रीअन्न अनाज आधारित व्यंजन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**गुठनी**। श्रीअन्न उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मैरीटार में मंगलवार को श्रीअन्न अनाज व्यंजन प्रतियोगिता का अयोजन किया गया.यह प्रतियोगिता भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के प्लान के अनुसार किया गया है. जोकि भारत के पूरे राज्य में चलाया जा रहा है. इस प्रतियोगिता में 30 गृहणियों ने भाग लिया. जबकि अन्य 25 महिलाओ को सहभागिता प्रमाणपत्र दिया गया. इस कार्यक्रम का आयोजन गृह वैज्ञानिक सरिता कुमारी के द्वारा किया गया एवं इस कार्यक्रम का संचालक इंजीनियर कृष्ण बहादुर क्षेत्री कृषि अभियांत्रिकी एवं डॉक्टर जोना दाखो उद्यान वैज्ञानिक के द्वारा किया गया. इसकी जानकारी देते हुए कृषि गृह वैज्ञानिक सरिता कुमारी ने बताया कि प्रतियोगिता में गृहणियों द्वारा श्रीअन्न मडुआ, सावां, ज्वार, बाजरा आदि अनाजों से बनाए गए अलग अलग व्यंजन जैसे बिस्कुट, रोटी, चीला, हलवा प्रस्तुत किया गया. जिसमें पांच सफल महिलाओं को प्रमाणपत्र के साथ पुरस्कृत किया गया.पांच प्रोत्साहित महिलाओं में प्रथम स्थान चिंता देवी, द्वितीय स्थान बीना देवी, तृतीय स्थान ज्ञान्ती देवी, चतुर्थ स्थान चंदा देवी एवं फूलमती देवी को पांचवा स्थान प्राप्त हुआ. पुरस्कार वितरण के दौरान कृषि गृह वैज्ञानिक सरिता कुमारी ने लोगों से कहा कि वर्तमान में जिस अनाज को श्री अन्न के नाम से संबोधित किया जाता है, उसे गरीबों का अनाज के नाम से जाना जाता था. मिलेट्स सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है. इसमें सिर्फ प्रोटीन और फाइबर ही नही बल्कि खाने वाले को शरीर मे उत्पन्न हो रहे रोगों का भी निदान करता है. दरअसल श्री अन्न में पोषक तत्व ज्यादा होते हैं. इसके साथ ही बीटा केरोटीन, नाइयासिन, विटामिन बी6, फोलिक एसिड, पोटेशियम, मैग्नीशियम, जस्ता आदि से ये अनाज भरपूर होते हैं. इसमें फाइबर यानी रेशा मौजूद होता है. इसके खाने से पाचन क्रियि दुरुस्त रहता है. इस तरह इसका सेवन करने वाले व्यक्ति को कभी कब्ज नहीं होता है. हड्डियों में मजबूती आती है. डाइबिटीज तथा दिल के रोगियों के लिए भी लाभप्रद होता होता है. यही कारण है कि श्री अन्न को सुपर फ़ूड कहा जाता है. श्री अन्न की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि ज्वार ग्लूटेन फ्री और प्रोटीन का अच्छा सोर्स है. डायबिटीज के मरीजों के लिए लाभदायक भोजन है. बाजरा में विटामिन बी6, फॉलिक एसिड मौजूद है. ये खून की कमी को दूर करता है. इस कार्यक्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी विक्रमा मांझी, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी राम प्रताप चंद्र, प्रधानाध्यापक अमरनाथ मिश्रा, सरपंच नीलम देवी, समेत विद्यालय के छात्र व अन्य उपस्थित थे.

### डीएवी में मनाया गया खेल दिवस एवं सम्पन्न हुआ स्काउट एवं गाइड का प्रशिक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा**। डीएवी प्लस टू स्कूल जामताड़ा में खेल दिवस के साथ स्काउट एंड गाइड का प्रशिक्षण जामताड़ा के शिक्षा पदाधिकारी गोपाल कृष्ण झा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। डीईओ जामताड़ा गोपाल कृष्ण झा एवं विद्यालय के प्राचार्य बलराम कुमार झा ने मेज़र ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।ज्ञात हो की प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद की जन्मतिथि पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है।इस अवसर पर विद्यालय में वॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल का आयोजन किया गया तो दूसरी तरफ़ भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का भी समापन हो गया। स्काउट्स एंड गाइड्स ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का निर्माण किया था। सबको संबोधित करते हुए डीईओ गोपाल कृष्ण झा ने कहा कि जीवन भी एक खेल की तरह है। जीवन में भी सुख दुख आते रहते हैं जो विपरीत परिस्थितियों में धैर्य के साथ आगे बढ़ता है वहीं जीवन के खेल को जीतता है।खेल की तरह जीवन को भी आनंदित बनाइए।तो वहीं विद्यालय के प्राचार्य बलराम कुमार झा ने स्काउट्स एंड गाइड्स के साथ खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट एवं गाइड प्रकृति एवं समाज की सच्ची सेवा के साथ देश प्रेम की भावना को जागृत करता है । आज़ का दौर विज्ञान और खेल का है सर्वांगीण विकास की प्रथम सीढ़ी खेल है। इससे मन और शरीर दोनों स्वस्थ रहते हैं। मौके पर विद्यालय के शिक्षक डॉ राघवेन्द्र तिवारी, विवेक मिश्र, नवीन सिंह, अभिषेक दुबे, देवाशीष दास, स्नेह प्रभात दूबे,एस के झा, प्रदिप्तो दास,पी के सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सामाजिक सौहार्द एवं भाईचारा जरूरी : मंत्री



**सिवान संवाददाता**। सोमवार को देर रात जिले के खवासपुर जदयू0 नेता सैयद नजमुल होदा के यहां कारवाने - इतेहाद व भाईचारा कार्यक्रम के तहत पहुंचे बिहार सरकार के मंत्री जमा खान कारवाने - इतेहाद व भाईचारा कार्यक्रम का आयोजन सैयद नजमुल होदा की अध्यक्षता मे संपन्न हुई जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के मंत्री जमा खान साहब उपस्थित हुए विशिष्ट अतिथि के रूप मे विधान परिषद सदस्य खालिद अनवर शामिल हुए सैयद नजमुल होदा सभी अतिथियों का स्वागत किया देर रात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जमा खां ने कहा कि नीतीश कुमार के राज में अल्पसंख्यक सबसे सुरक्षित है और आज तक के इतिहास में अल्पसंख्यक के लिए जितना कम नीतीश कुमार ने किया है वह ऐतिहासिक है जिस इमानदारी और वफादारी के साथ नीतीश जी ने अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए कार्य किया है आज जरूरत है हम सभी अल्पसंख्यक को भी कि नीतीश कुमार जी का जो कर्ज हम लोग के ऊपर है उसको उतार दें और पूरी मजबूती से आने वाले चुनाव में नीतीश कुमार जी के हाथों को मजबूत करें विधान पार्षद खालिद अनवर ने कहा कि आज देश में सांप्रदायिक शक्तियों का बढ़ावा दिया जा रहा है और देश में भाईचारा का माहौल बिगड़ने का प्रयास होता चला आ रहा है हमें जरूरत है की आपसी भाईचारा को कायम रखते हुए देश की तरक्की के लिए कम करें और नीतीश जी के हाथों को मजबूत करें सैयद नजमुल होदा ने कहा कि इस बार मुसलमान एक पैर पर नीतीश जिनके साथ खड़ा है लेकिन हमे सतर्क रहना है क्योंकि सामने एक भ्रम जाल की पार्टी है वो भ्रमित कर भाईचारा को बिगड़ने की कोशिस करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी लेकिन हमे सतर्क रहते हुए भाईचारा कायम रखना है।

### डीपीओ एसएसए ने किया कई विद्यालयों का निरिक्षण

**बड़हरिया सिवान संवाददाता**। प्रखंड के मध्य विद्यालयों का निरीक्षण डीपीओ एसएसए ने किया।विदित हो कि समग्र शिक्षा अभियान के डीपीओ अशोक कुमार पाण्डेय ने राजकीय मध्य विद्यालय हरिहरपुर लालगढ़ सहित कई मध्य विद्यालयों का निरिक्षण किए। निरीक्षण के क्रम में प्रभारी प्रधानाध्यापिका श्रीमती शकुन सिन्हा को साफ सफाई एवं शौचालय खुला रखने की निर्देश दिए।वही बच्चों की 75% उपस्थिति एवं पठन -पाठन सुचारु रूप से पाया गया। मौके पर शिक्षक दीनबंधु सिंह, रमेशचंद सिंह, अर्चना उपस्थित थे।

### डीएम ने की ग्रामीण विकास विभाग की बैठक

**सिवान संवाददाता**। आज दिनांक 29-08-2023 को जिला पदाधिकारी सिवान मुकुल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग से सम्बंधित सभी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक एवं जिला समन्वय समिति की बैठक की गयी। इस बैठक में DRDA डायरेक्टर शाहबाज़ खान ,स्थापना उप समाहर्त्ता आयुष अनंत,सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री हिमांशु पांडेय, सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी , प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, मनरेगा PO एवं अन्य उपस्थित थे। वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट (WPU) , मुख्यमंत्री आवास सहयता योजना, जल जीवन हरियाली , आवास प्लस प्रोग्रेस रिपोर्ट आदि आवास योजनाओं पर समीक्षा की गयी। साथ ही सतत जीविकोपार्जन योजना ,अमृत सरोवर, सार्वजनिक कुआँ को चिन्हित कर उनका जीर्णोद्धार एवं मनरेगा के प्रोग्रेस रिपोर्ट के बारे में समीक्षा की गयी। नल जल योजना एवं नली गली योजना की समीक्षा के दौरान जिला पदाधकारी द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति एवं योजना कार्य के पूर्ण होने के अनुसार से मेज़रमेंट बुक का एंट्री सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। नल जल योजना की समीक्षा के दौरान यह भी पाया गया की अभी तक सिर्फ 51 % ही PHED को स्थानांतरण किया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा स्थानांतरण को शत - प्रतिशत करने का निदेश दिया गया। सोलर स्ट्रीट लाइट की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया की जल्द से जल्द लक्ष्य को पूरा करें।

**किसान गोष्ठी** किसान गोष्ठी, खिलाड़ियों और कलाकारों के बीच पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गया

# नैयाडीह किसान मेला में किसान, खिलाड़ी और कलाकार हुए पुरस्कृत



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर**। मधुपुर प्रखंड के पथलजोर पचांयत अंतर्गत नैयाडीह आदिवासी टोला में संवाद के सहयोग से किसान क्लब नैयाडीह, लकरमारा और पहरीडीह द्वारा आयोजित दो दिवसीय किसान मेला सुखार पर किसान गोष्ठी, उत्कृष्ट किसानों, खिलाड़ियों और कलाकारों के बीच पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गया। किसान गोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजकर्मी घनश्याम ने कहा नयाडिह सहित आसपास के ग्रामीण ग्राम सभा के माध्यम से वन अधिकार कानून के तहत सामूहिक पट्टा के लिए आवेदन करें। इस क्षेत्र के पूरे जंगल और जमीन पर ग्रामीणों का अधिकार हो जाएगा। तब गांव आने जाने के लिए सड़क बनाने के लिए वन विभाग से एनओसी लेने की जरूरत नहीं होगी। विभिन्न प्रकार के वनोंपज से क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार मिल सकेगा। क्षेत्र के मजदूर किसान और नौजवानों को पलायन नहीं करना होगा। पारंपरिक बीज और खाद का संरक्षण जरूरी है। खेती किसानी को अपने पैर पर खड़ा करना होगा। बाजार के खाद बीज पर निर्भर नहीं रहे। जल संरक्षण के लिए किसानों को जागरूक होना जरूरी है। किसान झरी सिंह, श्रीकिशुन ,चौरा के प्रधान सुफल बिसरा, मालती मुर्मू, प्रदीप हेंम्ब्रम, पंसस मरियम टुडू, आनंद मरांडी ने सुखाड़ की स्थिति में कम पानी में होने वाले अनाज बाजरा, मड़वा गोंदली, कुदरूम ,कुरथी, साठी धान, तेलहन लगाने पर जोर दिया। जिप सदस्य सोनी सोरेन और सहदेव सिंह ने सुखाड़ की स्थिति में किसानों को सुखाड़ राहत देने की मांग सरकार से की। सिकटिया की मुखिया मरियम टुडू ने जल संरक्षण, पारंपरिक खेती और जंगल बचाने पर जोर दिया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिता,किसानी प्रदर्शनी, हस्तकला प्रदर्शनी, फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल उत्कृष्ट खिलाड़ी कलाकार और किसानों को मंत्री से विधायक प्रतिनिधि शब्बीर अंसारी,कुंदन भगत सहित अन्य अतिथियों ने पुरस्कृत किया। मौके पर प्रदीप, जेरो टुडू, झरी सिंह, सैफ, सुभाष, धर्मेन्द्र, अतवरी सिंह, बीना देवी, सीमाराम मुर्मू, आनंद मरांडी, ऐनी टुडू, मनोनित रेबिका टोप्नो, सागोरी हेम्ब्रम, अताउल शेख, जाकिर, सीमा, शांति, मति मुर्मू, महानंद, बंकू, फागू, सहित संवाद कार्यालय के कई साथी इस मौके पर उपस्थित थे।

### दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित होगी जांच कैंप - डीएसई

**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा**। राज्य सरकार के आदेश पर 30 अगस्त की रक्षा बंधन की घोषित छुट्टी रद्द कर यह छुट्टी 31अगस्त को घोषित की गई है। इस बाबत जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर



जिला कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक राम ने बताया कि 31 अगस्त को नाला प्रखण्ड में दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित होने वाले जांच कैंप पर प्रभाव पड़ने की संभावना है। अतः नाला प्रखण्ड में 31 अगस्त का जांच कैंप अब 30 अगस्त को सुबह 9 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में पत्र जारी किया जाएगा। सभी शिक्षकों,अभिभावकों तथा समग्र शिक्षा अभियान के कर्मियों को निर्देश है कि 30 अगस्त को कैंप में बच्चों की उपस्थिति कराकर इसे सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि इस कैंप में प्रखण्ड के 95 दिव्यांग बच्चों के आने की संभावना है।

**श्री बांके बिहारी प्राकटोत्सव से महावीर मेला का होगा शुभारंभ**

# कार्यक्रम के संचालन के लिए समितियां गठित



**सीवान**। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हथौड़ा केंद्रीय अखाड़ा समिति की आवश्यक बैठक श्री बांके बिहारी प्राकटोत्सव एवं महावीर मेला की तैयारी को लेकर श्रीकांत धाम स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर परिसर में आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय अखाड़ा समिति के अध्यक्ष सह अधिवक्ता अरविंद कुमार पांडेय ने की। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी करेंगे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महावीर अखाड़ा के जुलूस की तैयारी की समीक्षा की गयी।जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि महावीर अखाड़ा जुलूस के दौरान असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाएगी ताकि उपद्रवियों द्वारा किसी तरह की गड़बड़ी एवं झूठी अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ समिति के सहयोग एवं निसंदेही पर स्थानीय पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति हथौड़ा गांव में चारों अखाड़ा में हनुमान जी की प्रतिमा की पूजा अर्चना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन किया जाएगा। सिरकटही टोला से अखाड़ा-1 कोईरी टोला में अखाड़ा नंबर-2 अखाड़ा नंबर -2 बावली टोला श्रीकांत धाम श्री बांके बिहारी मंदिर में अखाड़ा नंबर 3 तथा बड़का टोला पर अखाड़ा नंबर-4 को विधिवत पूजा अर्चना के बाद निर्धारित समय से निकल जाएगा। वही श्रीकृष्णा जन्माष्टमी के दिन मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम अखाड़ा नंबर 3 श्री बांके बिहारी मंदिर श्रीकांत धाम में आयोजित किया जाएगा। श्रीकांत धाम में श्री बांके बिहारी प्राकटोत्सव के संबंध में मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एके पांडेय ने बताया कि, प्राकटोत्सव के एक दिन पूर्व 6 सितंबर को नगर के देवी देवताओं को पूजा अर्चना कर उन्हें आमंत्रित किया जाएगा। एसके प्रसाद आगामी 7 सितंबर को प्रातः काल अखंड अष्टयाम व्यास सुदर्शन यादव की टीम द्वारा प्रारंभ किया जाएगा। वही दोपहर में श्री लक्ष्मेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक एवं शाम को प्रसिद्ध भोजपुरी व्यास विजेंद्र गिरी द्वारा श्री बिहारी जी के प्रकटोउत्सव की संगीतमय कथा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं 8 अगस्त को प्रातः काल में अष्टयाम की पूर्णाहुति के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के संचालन के लिए कई समिति गठित की गयी है।इसके अलावे स्वागत समिति का विस्तार किया जाएगा। इस बार नीलमणि पांडेय उर्फ लालबाबू पांडेय ,मुखिया विजय चौधरी अजय यादव को स्वागत समिति का प्रभार सोप गयी है।

# ख़ास ख़बर

## एडीजे शर्मा तीसरी बार बने लवीना संस्थान के

**सुनील कुमार मिश्रा/ दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान / उदयपुर** । लवीना संस्थान पालनहार-कहावत चरितार्थ होती नजर आ रही है कि दाने दाने पर खाने वाले का नाम लिखा होता है जिनका कोई नहीं होता ऐसे बच्चों के लिए सेवा करने वाली लवीना संस्थान को ईश्वर ने न्यायाधिपति कुलदीप शर्मा को पालनहार बनाकर भेज दिया।लवीना विकास सेवा संस्थान द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम, ओंगना में निवासरत बीटी कॉटन के निराश्रित बाल श्रमिकों हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व एडीजे कुलदीप शर्मा द्वारा लगभग एक माह की खाद्य सामग्री भिजवाई गई है।संस्थान निदेशक भरत कुमार पूर्बिया द्वारा बताया गया कि एडीजे शर्मा होम के बालको के लिए सर्वेदनशील है वे तीसरी बार खाद्य सामग्री भिजवा रहे है।संस्थान को अनुदान मिलने पर उनको पुनः उक्त खाद्य सामग्री का भुगतान चुकाया जायेगा।व्यवस्थापिका प्रमीला पूर्बिया सहित होम के बच्चों द्वारा एडीजे शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## बेगूं विधानसभा में उठ रही मांग अबकी बार स्थानीय उम्मीदवार

**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चित्तौड़गढ़** । जिले की बेगूं विधानसभा के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अबकी बार स्थानीय उम्मीदवार की मांग जोर से उठ रही है। भाजपा हो या कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने बेगूं विधानसभा को एक चारागाह बना रखा है। राजनैतिक क्षेत्र में चारागाह शब्द का तात्पर्य 'जहां कोई भी बाहरी उम्मीदवार अपनी दावेदारी ठोक सके'। बेगूं विधानसभा भी कुछ ऐसा ही बना हुआ है। 2013 और 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की तरफ से सुरेश धाकड़ एवं कांग्रेस उम्मीदवार राजेंद्र सिंह बिधूड़ी रहे। दोनों ही विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियों ने बाहरी उम्मीदवार पर दाव ठोका था।परंतु पिछले कुछ सालों से बेगूं विधानसभा में स्थानीय उम्मीदवार की मांग तेज है। पत्रकार से वार्ता में बेगूं विधानसभा के निवासियों ने बताया की अबकी बार स्थानीय उम्मीदवार ही हमारी प्रमुख मांग है। हमें स्थानीय से कोई बेर नही और बाहरी से कोई प्रीत नही। 2008 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने बाहरी उम्मीदवार को मौका दिया था,जिन्होंने जीत हासिल की।उसके बाद से ही भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां बाहरी उम्मीदवार पर विश्वास जताने लगी है। परंतु इस बार विधानसभा के हर क्षेत्र से स्थानीय उम्मीदवार की मांग जोरों से उठ रही है।प्रश्न उठता है की राजनैतिक पार्टियां क्यों थोपती है बाहरी उम्मीदवार? क्या विधानसभा क्षेत्र में नहीं मिल रहा योग्य उम्मीदवार? भाजपा द्वारा चलाए जा रहे केंद्रीय विधायक प्रवास कार्यक्रम के तहत विधानसभा से सामान्य जनता स्थानीय उम्मीदवार की मांग रखकर आशा कर रही है की शीर्ष नेतृत्व इस बार जन भावनाओं की अनदेखी नही करेगा।

## साईकिल सवार बचाने के क्रम में होमगार्ड जवान सडक दुर्घटना में जख्मी

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। वाल्मीकि नगर बगहा मुख्य मार्ग के रोहुआ टोला मोड़ के समीप वाल्मीकि नगर से ड्यूटी पर जाने के क्रम में होमगार्ड का जवान राकेश कुमार उर्फ गुड्डू श्रीवास्तव वाल्मीकि नगर एनपीसीसी कॉलोनी निवासी एक साइकिल सवार को बचाने के क्रम में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आई है। ग्रामीणों के द्वारा उन्हें उपचार के लिए वाल्मीकि नगर स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां गंभीर स्थिति देखते हुए अनुमंडल अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त सूचना का मुताबिक अनुमंडल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। गौरतलब हो कि राकेश कुमार उर्फ गुड्डू नौरंगिया थाने में होमगार्ड जवान के रूप में पद स्थापित है, जो घर से ड्यूटी जाने के क्रम में घटना घटित हुई है।

## सड़क पर खड़ी बाइक चोरी, जांच में जुटी शिकारपुर पुलिस

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज**। नरकटियागंज में बाइक चोरी का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। ताजा मामला शिकारपुर थान क्षेत्र से जहा भसुरारी गांव के समीप सड़क पर खड़ी एक बाइक चोरी हो गई है। मामले में धनकुटवा गांव निवासी कन्हैया शर्मा ने शिकारपुर थाना में आवेदन दिया है। पुलिस को दिए आवेदन में उसने बताया है कि वह अपने दामाद को बाइक दिया था। उसका दामाद बाइक लेकर बेलवनिया गांव से आ रहा था। रास्ते में शौच जाने के लिए वह सड़क पर बाइक खड़ी कर दी। शौच कर जब वापस आया तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक नहीं मिली है। इस संदर्भ में शिकारपुर थानाध्यक्ष रामाश्रय यादव ने बताया कि आवेदन मिला है। जांच पड़ताल करते हुए अग्रेतर करवाई की जाएगी।

## पाठशाला इनोवेटिव स्कूल मैं मनाया गया रक्षाबंधन



**दैनिक शुभ भास्कर/ राकेश जैन/ राजस्थान /उदयपुर** । पाठशाला इन्नोवेटिव स्कूल में 29/08/23 मंगलवार को रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया विद्यालय में छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर राखी बांधी इस अवसर पर विद्यालय में रक्षाबंधन विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया विद्यालय की छात्राओं ने पुलिस स्टेशन जाकर देश के वास्तविक नायकों की कलाई पर राखी बांधी पुलिस कर्मियों ने छात्राओं की इस पहल पर हर्ष व्यक्त किया तथा रक्षाबंधन पर्व के पारंपरिक महत्व से अवगत कराया और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर थाना अधिकारी पुनाराम गुर्जर एवं अन्य अधिकारियों के साथ विद्यालय के अध्यापक जितेंद्र सिंह राठौड़ तथा श्रीमती कंचन राठौर भी उपस्थित रहे।

# विजन 20 - 30' के लिए चिकित्सा से जुड़े विशेषज्ञों ने रखे विचार



विधि भट्ट/ दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान/उदयपुर । विजन डॉक्यूमेंट 20 - 30 को तैयार करने के लिए चिकित्सा विभाग की संभाग एवं जिला स्तरीय हित धारक परामर्श कार्यशाला जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई । इसके तहत 20 - 30 तक विभिन्न योजनाओं के लिए किए जाने वाले सुधारों हेतु चर्चा की गई। इस क्रम में राज्य स्तर से उपनिदेशक एकेडमिक चिकित्सा शिक्षा विभाग डॉ राकेश करमानी, संभाग स्तर से संयुक्त निदेशक डॉक्टर जेड ए काजी एवं जिला स्तर से सीएमएचओ डॉक्टर शंकर एच बामनिया , आयुर्वेद विभाग से उपनिदेशक डॉ राजावत एवं विभिन्न जिलों से चिकित्सा विभाग से प्रतिनिधि के साथ विभिन्न विभागों , गैर सरकारी संस्थाओं व निजी चिकित्सालय के प्रतिनिधियों ने अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ बामनिया ने नेशनल प्रोग्राम के समक्ष लक्ष्य प्राप्त हो जाए इस हेतु राजस्थान सरकार के उद्देश्यों के लिए योजनाओं में नवाचार करने हेतु एक रोड मैप तैयार किया जाना है, इस हेतु हित धारकों के सुझाव आमंत्रित किये। पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से राजस्थान सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं के आंकड़ों एवं क्रियान्विति को प्रदर्शित किया गया । डॉ छापरवाल द्वारा चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की जानकारी के संबंध में कहा कि योजना बहुत अच्छी है लेकिन इसमें आपातकाल के समय रोगी को विभिन्न प्रपत्र तैयार करने में समय लग जाता है । इसके समाधान के लिए योजना बनाई जाए जिससे रोगी को आपातकालीन स्थिति में बिना विलंब के समय पर उपचार प्राप्त हो सके । श्री भंवर सेठ , अध्यक्ष ,पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन उदयपुर द्वारा बताया गया कि चिरंजीवी योजनाओं के लिए रोगियों को लंबी लाइनों में इंतजार करना पड़ता है । उनके लिए समुचित व्यवस्था की जाए ।एक हेल्प डेस्क बनाया जाए ताकि मरीज आते ही अपनी समस्याओं के लिए उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर सके। पार्षद नजमा मेवाफरोशी एवं श्वेता पामेचा द्वारा बताया गया कि चिकित्सालय में आने पर मरीज को एक मार्गदर्शक उपलब्ध हो जो उसे सही जानकारी दें एवं उस को उपचार संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने में कठिनाई न आए । श्वेता पामेचा ने बताया कि सभी चिकित्सा पेथियों को आपस में जोड़ा जाए ताकि रोगी को हर प्रकार की सुविधा प्राप्त हो सके और निशुल्क दवा योजना में आयुर्वेद और होम्योपैथी , यूनानी की दवा को भी सम्मिलित किया जाए ताकि रोगियों को महंगी दवाएं बाजार से ना खरीदनी पड़े । डॉ संजय गांधी ने बताया कि चिरंजीवी बीमा योजना के पैकेज के निर्धारित दिन 5 है जिससे रोगियों का इलाज पूर्ण नहीं हो पता है। कभी-कभी 15 दिन भी लग जाते हैं ।इसके लिए समय सीमा बढ़ाई जाए। डॉ पवित्र मोहन द्वारा सुझाव दिया गया कि ग्रामीण क्षेत्र से रेफर किए गए मरीजों को जिला स्तर पर चिकित्सालय में संभालने वाले कोई नहीं होते हैं इसके लिए एक अलग से कियोस्क की स्थापना की जाए जिससे ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले रेफर्ड मरीज को तुरंत उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सके । श्री भँवर सेठ ने सुझाव दिया कि डॉक्टर द्वारा अधिकतम 10 दिन की ही दवाई लिखी जाती है ।

## मंडफिया के सांवलियाजी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच की बैठक हुई संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान /चितौड़गढ़ जिले** । का मंडफिया स्थित सांवलिया जी में राजस्थान पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच की बैठक संपन्न हुई।बैठक में जिला एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे।बैठक में स्मृति मंच के राजस्थान प्रदेश महामंत्री एवं बेगूं विधानसभा के लोकप्रिय किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने संबोधित करते हुए कहा की केंद्र की मोदी सरकार ने हर जाति एवं वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया है।जनता के हित में मोदी सरकार हमेशा ही प्रयासरत है। किसान नेता हाड़ा ने कहा की राजस्थान का इतिहास पूरे विश्व में जाना जाता है।हम बहुत सोभाग्यसाली है जो हमारा संबंध राजस्थान से है। और वह भी मेवाड़ से।इतिहास गवाह है की मेवाड़ ने अपनी स्वतंत्रता के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर दिया पर कभी अधीनता स्वीकार नही की। किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहां की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाना है।राजनीति की सबसे छोटी इकाई बूथ स्तर को मजबूत करना एवं पंक्ति में बैठे अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही भाजपा का ध्येय है। भाजपा के सदस्य जोड़ों अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लेवे एवं नए कार्यकर्ताओं को जोड़े।

## छातापुर प्रखंड कार्यालय पहुंचे सुपौल डीएम



**छातापुर सुपौल**। सुपौल डीएम कौशल कुमार मंगलवार को छातापुर प्रखंड कार्यालय पहुंच प्रखंड अंचल, मनरेगा आदि के विकाशात्म कार्य व योजनाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभा भवन में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, इंदिरा आवास, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, मनरेगा, भूमिहीन/भवनविहीन विद्यालय, पंचायत सरकार भवन एवं सामाजिक सुरक्षा की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता डीएम सुपौल श्री कुमार ने किया। जिसमें विस्तृत रूप से छातापुर प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न विभागों के द्वारा चल रही विकाश कार्यों का विस्तृत रूप से समीक्षा किया गया। डीएम श्री कुमार ने कहा की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, इंदिरा आवास, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, मनरेगा, भूमिहीन/भवनविहीन विद्यालय, पंचायत सरकार भवन एवं सामाजिक सुरक्षा कार्योंनकी समीक्षा को लेकर वे छातापुर पहुंचे है। उन्होंने कहा की इसी को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई है। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सुपौल संतोष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी त्रिवेणीगंज शम्भू नाथ, निदेशक, डी०आर०डी०ए० श्री ऋषव सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सुपौल, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा सुपौल, जिला समन्वयक, स्वच्छता सुपौल, छातापुर बीडिओ रितेश कुमार सिंह, सीओ उपेंद्र कुमार, पीओ कोशल राय, स्वच्छता समन्वय संजय कुमार, हरेंद्र कर्ण समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# फ्लड विभाग द्वारा मसान नदी में बनायें गए प्रोकोफाईल कार्य ध्वस्त होने पर अधिक्षण अभियंता ने किया निरीक्षण



**शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। प्रखंड बगहा एक के सलहा बरिअरवा पंचायत स्थित मसान नदी के जलस्तर में वृद्धि होने पर फ्लड विभाग द्वारा बचाव के लिए निर्माण कराये गए प्रोकोफाईल कार्य ध्वस्त होने पर मंगलवार को फ्लड विभाग मोतिहारी परिक्षेत्र के चेयरमैन रमेंन्द्र कुमार, अधीक्षण अभियंता व कार्यपालक अभियंता समेत विभागीय अधिकारियों ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने अपने अधिनस्थ कर्मचारियों से बाढ की पानी से जगह जगह ध्वस्त हुए कार्य को शीघ्र ही मरम्मती कार्य कराने का आदेश दी। स्थानीय लोगों ने पदाधिकारियों से मरम्मत कार्य की जगह के सामने पायलट चैनल व बोम्बों पायलिंग कार्य कराने की मांग की। ताकि मजबूती बनी रहे तथा मसान नदी के बाढ की पानी से फसलें बर्बाद नहीं हो। मसान नदी के तटीय इलाकों के लोग अपने आप में सुरक्षित महसूस करें। ग्रामीणों ने अधिकारियों से स्थाई निदान कराने की मांग करते हुए कहा कि झारमहुई गांव के सामने पूर्व से प्रस्तावित 2.5 किलोमीटर गाईड बांध निर्माण कराने की अपील की। ताकि झारमहुई गांव के साथ ही रायबारी महुअवा, अजमलनगर, जमुनिया, सलहा, तमकुही, मुडिला व बहुअरी गांव को भी क्षति से बचाई जा सके। साथ ही मसान नदी के जमीन के कटाव व लाखों लाख रुपये की फसलों की बर्बादी से बचाई जा सके।इस अवसर पर मसान नदी बाढ बचाव संघर्ष समिति के अध्यक्ष खलिक कुरैशी, सफिउर रहमान, नसीम अख्तर, नसरुल्लाह, दिनमन पांडेय, रामनाथ पंडित, रामजी यादव, नौशाद अख्तर, जुनैद अख्तर सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज**। शिकारपुर पुलिस ने सूचना के आलोक में छापेमारी कर एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब तस्कर नगर के वार्ड संख्या 9 निवासी नीरज कुमार है।पुलिस ने उसके पास से एक बैग में रखा शराब भी बरामद किया है। मामले में थानाध्यक्ष रामाश्रय यादव ने बताया कि सतवरिया गांव के तरफ से एक युवक शराब की खेप लेकर आ रहा है। सूचना पर एक टीम बनाकर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान एक बेग में रखा लगभग 5 लीटर चुलाई शराब बरामद किया गया है। जिसे जप्त करते हुए गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है।

## रक्षाबंधन संकल्प शक्ति का प्रतीक-पंडित भरत उपाध्याय



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। रक्षाबंधन के दिन बहन भैया के ललाट पर तिलक-अक्षत लगाकर संकल्प करती है कि 'मेरा भाई भगवत्प्रेमी बने। जैसे शिवजी त्रिलोचन हैं, ज्ञानस्वरूप हैं, वैसे ही मेरे भाई में भी विवेक-वैराग्य बढ़े, मोक्ष का ज्ञान, मोक्षमय प्रेमस्वरूप ईश्वर का प्रकाश आये। मेरा भाई धीर-गम्भीर हो। मेरे भैया की सूझबूझ, यश, कीर्ति और ओज-तेज अक्षुण्ण रहे।' भाई सोचे कि 'हमारी बहन भी चरित्रप्रेमी, भगवत्प्रेमी बने। उक्त बातें गंडक पार स्थित मधुबनी इन्टरमीडिएट कालेज के पूर्व प्राचार्य पंडित भरत उपाध्याय ने कही। वे मंगलवार को रक्षाबंधन के पावन पर्व के पूर्व देश के भाई व बहनों से एक प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस पर्व पर धारण किया हुआ रक्षासूत्र सम्पूर्ण रोगों तथा अशुभ कार्यों का विनाशक है। इसे वर्ष में एक बार धारण करने से वर्ष भर मनुष्य रक्षित हो जाता है भविष्य पुराण। रक्षाबंधन के पर्व पर बहन भाई को आयु, आरोग्य पुष्टि की बृद्धि की भावना से राखी बाँधती है। अपना उद्देश्य ऊँचा बनाने का संकल्प लेकर ब्राह्मण लोग जनेऊ बदलते हैं। कहा कि भद्रा रहित पूर्णिमा तिथि में रक्षाबंधन का विधान है भले ही वह रात्रि काल में ही क्यों न हो, विश्व पंचांग की गणनानुसार गुरुवार 31 अगस्त को पूर्णिमा तिथि सूर्योदय से छह घटी नौ पल है। अतः दिनभर रक्षाबंधन का मुहूर्त है। सर्वमान्य रक्षाबंधन का समय 30 अगस्त की रात्रि 9:00 बजे के बाद अर्थात भद्रा के पश्चात रात्रि काल में तथा 31 को संपूर्ण दिन रक्षा(राखी) बांधना उत्तम रहेगा।

## संभागीय आयुक्त के जन्मदिन पर संस्थान ने किया अभिनंदन



**विधि भट्ट / दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान /उदयपुर लवीना** विकास सेवा संस्थान, ओंगना के संस्थान निदेशक भरत कुमार पूर्बिया द्वारा संभागीय आयुक्त श्री राजेन्द्र भट्ट के जन्मोत्सव पर सर्वप्रथम श्री नीमच माताजी के मंदिर में जाकर उनके दीर्घायु एवम स्वस्थ रहने की कामना करते हुए उनके जन्मोत्सव पर अभिनंदन पत्र भेंट किया गया।व्यवस्थापिका प्रमीला पूर्बिया ने संभागीय आयुक्त महोदय के जन्मदिन पर बीटी कॉटन के निराश्रितों को विशेष भोजन करा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन रखा गया जिसमें होम के निवासरत बालको ने झूमते हुए नृत्य किया।

## ग्रामीणों ने श्रद्धापूर्वक किया श्रावणी पूजा



**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा**। पश्चिमी चंपारण जिला के बगहा अनुमंडल अंतर्गत प्रखंड बगहा एक के सिंगाड़ी पिपरिया पंचायत स्थित पश्चिम टोला पिपरिया वार्ड नंबर 9,10 के वार्डवासियों ने दिनांक 28-08-23 आज सोमवार को बड़े धूमधाम व श्रद्धापूर्वक श्रावणी पूजा किया। पूजा में महिलाएं, बच्चों से लेकर युवा और बुजुर्गों ने अपनी हिस्सेदारी निभाई। हालांकि युवा वर्ग में कंदर्प कुमार मल्ल, मंटू मल्ल और उपेंद्र पटेल का विशेष रूप से सराहनीय कार्य रहा है। बता दें कि हर साल की भांति इस साल भी श्रावणी पूजा हर्षोल्लास के साथ मिलकर मनाया गया। देवी देवताओं की पूजा स्थल को साफ़ सफाई कर सुबह से ही पूजा अर्चना की जाती है। सबसे पहले ब्राह्मण पंडितों द्वारा ब्रह्मस्थान व महावीरजी को जेवनार चढ़ाया जाता है। तत्पश्चात ब्राह्मणों के द्वारा खीर भोजन बनाया जाता है, जो ब्राह्मण भोज होने के बाद ग्रामीण लोगों भी को प्रसाद के रूप में भी स्वीकार किया जाता है। वही पूजा में उपस्थित रहे पंडितों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया जाता है।शाम होते ही परंपरा के अनुसार गांव के सभी देवी-देवताओं को श्रद्धापूर्वक पूजन किया जाता है। वही पूजा समापन के बाद पूजा स्थल पर उपस्थित सभी ग्रामवासियों द्वारा जयकारे लगाया जाता है।जो पुरा माहौल भक्तिमय हो जाता है।

आयोजन | कई खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया

# 71 वॉ बिहार राज्य मोइनुल हक फुटबाल क्षेत्रिय लीग मैच का हुआ समापन



**प्रवीण कुमार,कटिहार**। जिला फुटबाल संघ कटिहार के द्वारा आयोजित 71 वॉ बिहार राज्य मोइनुल हक फुटबाल क्षेत्रिय लीग मैच का समापन मंगलवार को स्थानीय राजेंद्र स्टेडियम में हो गया। जिसमे पूर्णिया जिला की टीम लीग चैंपियन बनी। वही मंगलवार को राष्ट्रीय खेल दिवस अवसर पर मेजर ध्यानचंद के याद में संघ द्वारा कटिहार और पूर्णिया के बीच एक दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें दोनों टीम बराबरी में रही और मैच ड्रॉ हो गया। बाद में मुख्य अतिथि और संघ द्वारा लीग चैंपियन टीम पूर्णिया को विजेता और कटिहार की टीम को रनर उपविजेता घोषित कर दिया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सभी विजेता और रनर सहित पूर्व में विजई रहे टीम को मुख्य अतिथि और जिला फुटबॉल संघ के अधिकारियों द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी यशस्वी कुमार अग्रवाल ने बताया कि खेल दिवस के अवसर पर विजताओ सहित कई अन्य लोगो को भी जिला फुटबॉल संघ द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमे रजनीश पांडे, विशाल कुमार, संजय कुमार, सुभाषिस, विनोद कुमार, सिकंदर कुमार, राजा उर्फ सुभम , मनु टुड्डू, मुकेश वेशर, तल्लु शोरेन, महेंद्र सोरेन, संजय टुड्डू, गोपाल कुमार, अमर कुमार, कंचन केशरी सहित कई खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री तरकीशोर प्रसाद, विधान पार्षद अशोक अग्रवाल,पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री राम प्रकाश महतो, बीजेपी जिला अध्यक्ष मनोज राय, डिप्टी मेयर मंजूर खान, चंद्र भूषण ठाकुर , जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरोड़िया आदि ने अपने संबोधन में कहा की आज बहुत गर्व की बात है कि कटिहार को 71 वॉ बिहार राज्य मोइनुल हक फुटबाल क्षेत्रिय लीग मैच के आयोजन का मोका मिला। जिसके लिए सभी ने बिहार राज्य फुटबॉल संघ को धन्यवाद दिया और आगे और भी ट्राउनामेंट के आयोजन की ओर संकेत देते हुए अपना पूरा सहयोग देने का आश्वाशन दिया। वही जिला फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप कुमार साह उर्फ भला साह ने आयोजन में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और सहयोग प्रदान करने वालो को धन्यवाद दिया।

# बिहार सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी जल जीवन हरियाली योजना के तहत कुओं की मरम्मती कार्य जारी - मुखिया




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। प्रखंड बगहा एक अंतर्गत पतिलार पंचायत में दशकों से मृत पड़े कुओं के पुनर्निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। बिहार सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना जल जीवन हरियाली के तहत कुओं की सफाई व मरम्मती का कार्य कराया जाना प्रत्येक पंचायत में सुनिश्चित किया गया है। जिसके तहत पतिलार में भी कुआं जिर्णोद्धार कार्य किया जा रहा है। इस योजना के तहत वार्ड 3,8 और 9 में कार्य सम्पन्न हुआ है। मुखिया पायल मिश्रा ने बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष में भी कुआं के पुनर्निर्माण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मुखिया प्रतिनिधि डॉ अभिषेक मिश्रा ने बताया कि जिस तरह से लगातार भूमिगत जल का दोहन हो रहा है, जिसका परिणाम हमलोगो को देखना और झेलना पड़ रहा है। गांवों में कुआं के निर्माण से जल संचयन का काम करेगा साथ ही कुआं पारंपरिक और संस्कृतिक धरोहरों का एक प्रतीक है और कुआं का अस्तित्व धीरे धीरे खत्म होने के कगार पर है। परन्तु जितने भी कुआं है सबका मरम्मती का कार्य किया जायेगा। स्थानीय लोगो में भी इस कार्य से काफी खुशी का माहौल है। वार्ड 9 के विपिन शुक्ला का कहना है कि शादी विवाह और अन्य मांगलिक कार्यों में कुआ के नही होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन आज जो कुआ वर्षो में मृत हो चुका था जिसका आज इतना सुंदर तरीके से निर्माण हो जाने से बहुत ही खुशी महसूस हो रही है। इस अवसर पर समाजसेवी अभय उपाध्याय, रिंकू मिश्रा, रविंद्र यादव कृष्णा पासवान, गोबिंद कुमार सहित तमाम लोग मौजुद रहे।

## ख़ास ख़बर

### गृहिणी माता व किसान पूत्री नीतू कुमारी ने बीपीएससी में लाया 354वां रैंक, ग्रामीणों में हर्ष



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** प्रतिभा कभी किसी वस्तु या हालात की मुहताज नही होती है।वह हर विषम परिस्थितिजन्य मुसीबतो का सामना कर फर्श से अर्श पर पहुंच जाता है।कुछ ऐसा ही कर दिखाई है मिथिला की बेटी नीतू ने।बीपीएससी द्वारा आयोजित बिहार पंचायत ऑडिट सर्विस की परीक्षा में सत्तरकटैया प्रखंड के आरण विशनपुर निवासी किसान पिता अभय कुमार एवं गृहिणी माता सुक्ष्म देवी की पूत्री नीतू कुमारी ने अंतिम रूप से सफलता पायी है।वर्तमान में नीतू नगर निगम क्षेत्र के शिवपुरी वार्ड पांच में निवास करती है। नीतू को राज्य रैंकिंग में 354वां रैंक मिला है। नीतू की इस बडी सफलता से गांव सहित पूरे मुहल्ले में हर्ष का माहौल है। नीतू ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को देते कहा कि इनकी प्रेरणा से ही लक्ष्यपूर्ण पढ़ाई के प्रति समर्पित हो सकी। कड़ी मेहनत के बाद लक्ष्य पाने की खुशी है।यह समझ आ गया कि अनेकों चुनौतियों के बाद भी कठिन परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है। नीतू ने कहा कि पढाई पर ध्यान केंद्रित करने से बेहतर परिणाम स्वतः मिलते हैं।नीतू की सफलता पर जयनारायण यादव, तारणी यादव, बनारसी यादव, राम कुमार रमण, मुरली कुमार, सतीश कुमार, दिलीप कुमार सहित ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया।

### जिला पदाधिकारी ने की मतदान के दो के युक्तिकरण बैठक



**मोतिहारी। अशोक वर्मा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह - प्रभारी जिलाधिकारी, मोतिहारी की अध्यक्षता में माननीय सांसद /विधायक एवं मान्यता प्राप्त सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्ष /सचिवों के साथ मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई । विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार मतदान केंद्रों के संदर्भ में युक्तिकरण /संशोधन की कार्रवाई की जानी है । अर्हता तिथि 1.1. 2024 के आधार पर प्रारूप निर्वाचन सूची का प्रकाशन दिनांक 17. 10. 2023 को होना निर्धारित है । 1500 से अधिक मतदाता होने की स्थिति में नए मतदान केंद्रों का प्रस्ताव, मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन के पश्चात मतदान केंद्रों में संशोधन का प्रस्ताव। दावा आपत्ति की अवधि (10. 8. 2023 से 19 अगस्त 2023 ) के बीच प्राप्त दावा आपत्तियों की जांच संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के स्तर से किया गया तथा अभिलेख भी संधारित किया गया , सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रारूप मतदान केंद्रों की सूची का अवलोकन एवं आवश्यक सुधार करने के पश्चात शुद्ध रूप से मतदान केंद्रों की सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को अंतिम प्रकाशन हेतु उपलब्ध कराया गया है। मतदान केंद्रों के युक्तिकरण/ मतदान केंद्रों के प्रारूप सूची पर प्राप्त दावा/ आपत्ति (शिकायत एवं सुझाव) सभी राजनीतिक दलों से विहित प्रपत्र में प्राप्त किए गए हैं ।

### मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर उपायुक्त ने खिलाड़ियों का जताया हौसला



**संवाददाता / हज़ारीबाग सोहैल किरमानी।** मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कर्जन ग्राउंड में फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स,तीरंदाजी, खोखो, ताइक्वांडो आदि की हौसला बढ़ाने पहुंची उपायुक्त। मौके पर उपायुक्त नैन्सी सहाय ने कहा खेल से न केवल खिलाड़ियों का शारीरिक विकास होता है बल्कि खेल से व्यक्ति का संपूर्ण कौशल का विकास होता है उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना जैसे गुणों में परिपक्वता आती है। इस अवसर पर स्व. मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण किया। उपायुक्त ने मैदान में जाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ज़िला, राज्य एवं देश के लिए बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

### खतियानी परिवार हजारीबाग में खतियानी परिवार एवं समता सैनिक दल के संयुक्त बैठक

**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी।** मोहम्मद हकीम की अध्यक्षता में की गई जिसमें डुमरी विधानसभा के मतदाताओं से अपील करती है जो 1932 की खतियान को स्वीकार करता है उसे ही अपना बहुमूल्य वोट दान करें इस अवसर पर समता सैनिक दल के प्रधान महासचिव चंदन कुमार गौतम जी उपस्थित रहे इसके साथी प्रोफ़ेसर केसर जमा डॉक्टर ए के मेहता पूर्व डी एस पी जगदीश राम संत कोलंबस कॉलेज के हिंदी विभाग के प्राध्यापक डा अवधेश कुमार मेहता समता सैनिक दल के श्रवण कुमार गौतम श्री अली हसन झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला पूर्व प्रवक्ता श्री नौशाद आलम आदि उपस्थित रहे लोकतंत्र में मतदाता ही एक माध्यम है जिसे झारखंड हित सरकार बनती है डुमरी विधानसभा के मतदाताओं को कोटि-कोटि धन्यवाद हो।

# विवाहिता की रॉड से गला दबाकर हत्या, जाँच मे जुटी पुलिस



**फारबिसगंज।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के टेढ़ी मुसहरी में ससुराल वालों ने घरेलू विवाद में पच्चीस वर्षीय एक विवाहिता की रॉड से गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका का नाम शांता देवी बताया गया है जिसका मायके नरपतगंज थाना क्षेत्र के रेवाही पंचायत क्षेत्र के मझुआ वार्ड संख्या दस बताया गया है जो झबरू ऋषिदेव की पुत्री थी। मृतका को दो छोटे छोटे बच्चें हैं। घटना के बाद से आरोपित पति रंजीत ऋषिदेव, ससुर महेश ऋषिदेव सहित ससुराल पक्ष के सभी सदस्य फरार बताया गया है। मामले की जानकारी मिलने पर दारोगा अमित कुमार,परवाहा कैंप प्रभारी विश्वमोहन पासवान सदल बल मौके पर पहुंच कर आसपास के लोगों सहित मृतका के परिजनों से घटना की जानकारी लेते हुए प्रक्रिया के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में मृतका के पिता झबरू ऋषिदेव सहित पीड़ित परिजनों ने अपनी शादीशुदा पुत्री की हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि समाचार भेजे जाने पर पीड़ित परिजन द्वारा थाना में लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराया है। मृतका के परिजनों के अनुसार बीती देर रात विवाहिता की हत्या कर दिए जाने के उपरांत पति सहित सुसराल के सभी सदस्यों के फरार होने तथा एक छोटे बच्चें को साथ लेकर भागने की जानकारी दी गई। बताया कि घटना के मद्देनजर मंगलवार को जानकारी मिली कि उनकी पुत्री की हत्या कर दी गई है। जिसके बाद टेढ़ी मुसहरी स्थित ससुराल पहुंचने पर पाया कि पुत्री की पिटाई करने के बाद रॉड से गला दबाकर हत्या कर दी गई है। पीड़ित परिजनों के अनुसार तकरीबन सात साल पूर्व उसकी बेटी की शादी रंजीत ऋषिदेव के साथ हुई थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक ठाक चल रहा था। आरोपित पाती रंजित दुसरे प्रदेश में मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मगर गांव में गलत लत लग जाने के कारण वह नशा का आदि हो गया था ऐसा परिजनों ने आरोप लगाया है। इसी दरम्यान बीती रात किसी बात पर मृत पत्नी के साथ कहासुनी हो गई और विवाद काफी बढ़ गया जहां पति सहित सुसराल पक्ष के सदस्यों ने रॉड से गला दबाकर शादीशुदा दो छोटे छोटे बच्चों की मां की हत्या का आरोप लगाया गया है। वहीं बात बात में ससुराल वालों के द्वारा प्रताड़ित किए जाने की बात कही। घटना के संबंध में पूछे जाने पर दारोगा अमित कुमार ने घरेलू विवाद में महिला की हत्या रॉड से गला दबाकर किए जाने की जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम में भेजे जाने के साथ साथ घटना की जांच शुरू किए जाने की बात कही। उन्होंने पीड़ित परिजनों द्वारा देर शाम तक किसी भी तरह का आवेदन थाना में नही दिए जाने की जानकारी दी।

# नमो बॉक्सिंग में 19 बॉक्सिंग खिलाड़ियों और नमो कबड्डी में 9 टीमों का जलवा



**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा नमो खेल प्रतियोगिता का विस्तार करते हुए भारत एवं विश्व के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी सह तीन बार ओलंपिक में भारत को स्वर्ण पदक जीताने वाले मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस-सह-राष्ट्रिय खेल दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय नमो बॉक्सिंग प्रतिगिता-2023 और नमो कबड्डी प्रतियोगिता- 2023 का भव्य आयोजन संत कोलंबस कॉलेज के पास अवस्थित न्यू स्टेडियम, हजारीबाग परिसर में मंगलवार को किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन खुद विधायक मनीष जायसवाल ने बॉक्सिंग करके और बॉक्सिंग एवं टॉस करके एवं खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त कर किया । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की नमो ब्रांड के जरिए विभिन्न खेल के विधाओं में प्रतिस्पर्धा का आयोजन कर क्षेत्र के प्रति भगवान खिलाड़ी को एक मंच प्रदान कर उन्हें भविष्य में बेहतर खेलने को प्रोत्साहित करना है। इसी उद्देश्य से साल 2016 से क्षेत्र में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज हुआ। नमो फुटबॉल टूर्नामेंट वर्तमान समय में हजारीबाग का सबसे लोकप्रिय और सबसे बड़ा व भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट बनकर उभरा है। इस टूर्नामेंट में करीब 500 टीमों के 10,000 से अधिक खिलाड़ियों का विशाल समागम होता है। नमो फुटबॉल के अपार सफलता के बाद और गांव-गांव में फुटबॉल के प्रति युवाओं में रुझान आने के बाद हाल ही में नमो कैरम प्रतियोगिता-2023 का सफल आयोजन कराया गया और अब नमो बॉक्सिंग प्रतियोगिता- 2023 और नमो कबड्डी प्रतियोगिता-2023 का आयोजन बॉक्सिंग और कबड्डी के खिलाड़ियों के प्रतिभा का निखारने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा की भविष्य में नमो ब्रांड के नाम से अन्य खेलों का प्रतिस्पर्द्धा भी आयोजित कराया जायेगा और खिलाड़ियों को एक बेहतर प्लेफॉर्म देकर उनके राजकीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुकाबले के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा । खेल दिवस पर सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित नमो बॉक्सिंग टूर्नामेंट-2023 में कुल 19 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें पुरुष वर्ग में कुल 17 और महिला वर्ग में 02 खिलाड़ी शामिल हैं। पुरुष वर्ग में शामिल खिलाड़ियों में स्टेट चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल विजेता रहें प्रमोद कुमार, नितीश कुमार, रुपेश कुमार, गोविंद कुमार, अजय कुमार, विकास कुमार, आकाश कुमार, रवि कुमार, पवन कुमार सहित पवन कुमार-1, पवन कुमार-2, राहुल कुमार, आशीष कुमार, कृष्ण कुमार, प्रभा कुमार और आयुष कुमार शामिल हैं। वहीं महिला वर्ग में जानकी कुमारी और निकिता कुमारी शामिल हैं। घंटों तक चली शानदार बिक्सिंग प्रतियोगिता में बॉक्सिंग रिंग के अंदर सभी खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। पुरुष वर्ग में तीन अलग- अलग केटेगरी में प्रतियोगिता हुआ जिसमें 50-54 किलो, 46-50 किलो और 54-56 किलो के प्रतिभागियों ने जोर लगाया और 50-54 किलो ग्रुप में प्रमोद कुमार, 46-50 किलो ग्रुप में विकास कुमार और 54-56 किलो ग्रुप में रोहित कुमार विजेता बने। वहीं महिला वर्ग में जानकी कुमारी और निकिता कुमारी के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ जिसमें जानकी को हराकर निकिता कुमारी ने महिला वर्ग में चैंपियन का खिताब जीता। नमो बॉक्सिंग टूर्नामेंट-2023 में निर्णायक की भूमिका में जिला बॉक्सिंग संघ के उपाध्यक्ष जयप्रकाश, रविकांत, सोनी कृष्णा क्षेत्री, अमित कुमार पांडेय, सचिव सुब्रतो सेन रॉय, उपसचिव आशा तिवारी, कुलदीप कृष्णा, कोषाध्यक्ष रितेश कुमार तिवारी, सदस्य शैलेंद्र प्रसाद कुशवाहा, अमर कुमार पांडेय, आनंद देव, राजेश नंद तिवारी, मिथलेश कुमार सिंह, नवीन रंजन, सतीश यादव सहित अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। नमो बॉक्सिंग प्रतियोगिता-2023 के पुरुष और महिला वर्ग के विजेता और उपविजेता को समापन समारोह में अतिथि डॉ.तीर्थ मैत्रा और डॉ. ए.पी. चैतन्या और हॉकी संघ के कौलेश्वर गोप ने संयुक्त रूप से आकर्षक नमो ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया । नमो कबड्डी प्रतियोगिता-2023 में कुल 9 टीमों ने भाग लिया। जिसमें पुरुष वर्ग में कुल 5 टीम और महिला वर्ग में कुल 4 टीम शामिल हैं। पुरुष वर्ग में शामिल टीमों में इचाक, प्ले वर्ल्ड स्पोर्ट्स, संत कोलंबस कॉलेज, अन्नदा कॉलेज और टाटीझरिया टीम शामिल हैं वहीं महिला वर्ग में संत कोलंबस कॉलेज, अन्नदा कॉलेज, हजारीबाग और वर्ल्ड स्पोर्ट्स टीम शामिल है। कबड्डी प्रतियोगिता में भी कबड्डी मैदान में खिलाड़ियों ने अपने महारत का खूब प्रदर्शन किया। नमो कबड्डी प्रतियोगिता में पुरुष और महिला दोनों वर्ग में अन्नदा कॉलेज टीम को हराकर संत कोलंबस कॉलेज की टीम विजेता बनी और टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। नमो कबड्डी प्रतियोगिता-2023 के पुरुष और महिला वर्ग के विजेता और उपविजेता को समापन समारोह में अतिथि डॉ.तीर्थ मैत्रा और डॉ. ए.पी. चैतन्या और हॉकी संघ के कौलेश्वर गोप ने संयुक्त रूप से आकर्षक नमो ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया । दोनों टूर्नामेंट के रोमांच का आनंद उठाने के लिए मैदान में दर्शकों का जमावड़ा लगा रहा। उक्त टूर्नामेंट के दौरान मुख्य रूप से सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेशसिंह राठौर, दारु विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू, कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, सदर विधायक प्रतिनिधि बिजय कुमार, कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, नगर विधायक प्रतिनिधि आशीष सोनी, क्रिकेट संघ से जुड़े अब्दुल मन्नान वारसी, मनोहर सिंह, रंजित कुमार, विकास कुमार, दिलीप गोप, भाजयुमो नेता आशीष कुमार गुप्ता, विक्रमादित्य सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें। टूर्नामेंट के सफल संचालन में सदर विधायक के खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि बंटी तिवारी, भाजपा कार्यकर्ता जयप्रकाश, विधायक कार्यालय कर्मी विशेषांक वर्मा, अमित कुमार सिन्हा, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा ।

### खतियानी परिवार हजारीबाग में खतियानी परिवार एवं समता सैनिक दल के संयुक्त बैठक



**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी।** मोहम्मद हकीम की अध्यक्षता में की गई जिसमें डुमरी विधानसभा के मतदाताओं से अपील करती है जो 1932 की खतियान को स्वीकार करता है उसे ही अपना बहुमूल्य वोट दान करें इस अवसर पर समता सैनिक दल के प्रधान महासचिव चंदन कुमार गौतम जी उपस्थित रहे इसके साथी प्रोफ़ेसर केसर जमा डॉक्टर ए के मेहता पूर्व डी एस पी जगदीश राम संत कोलंबस कॉलेज के हिंदी विभाग के प्राध्यापक डा अवधेश कुमार मेहता समता सैनिक दल के श्रवण कुमार गौतम श्री अली हसन झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला पूर्व प्रवक्ता श्री नौशाद आलम आदि उपस्थित रहे लोकतंत्र में मतदाता ही एक माध्यम है जिसे झारखंड हित सरकार बनती है डुमरी विधानसभा के मतदाताओं को कोटि-कोटि धन्यवाद हो।

### अगलगी में तीन परिवारों के घर सहित लाखों की समाप्ति साथ मोटरसाइकिल सहित जल कर हुआ खाक



**एक संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर ,राघोपुर, सुपौल।** जिले के राघोपुर प्रखंड में करजाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत बायसी पंचायत के वार्ड नंबर- 8 में सोमवार की रात लगी आग में लाखों का सामान जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड -8 निवासी अनिल कुमार मेहता घर पर ही गैराज का काम भी करता था। सोमवार की देर रात्रि में घर तथा गैराज में अचानक आग लग गई। जिसमें दो अन्य परिवारों के घरों को भी चपेट में ले लिया। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बाद में दमकल गाड़ी भी पहुंची, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर खाक हो गया था। पीड़ित अनिल कुमार मेहता ने बताया कि घर मे रखा सारा सामान, गैराज में ग्राहक का रखा एक बाइक सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। उन्होंने बताया कि इस अग्निकांड में लगभग तीन लाख की क्षति हुई है। वहीं पीड़ित कुशेश्वर मेहता ने बताया कि अगलगी की घटना में घर, अनाज, फर्नीचर, कपड़ा सहित करीब एक लाख से अधिक का सामान जलकर राख हो गया। साथ ही पीड़ित सुनील कुमार मेहता ने बताया कि मोटरसाइकिल, घर, अनाज, फर्नीचर, कपड़ा सहित दो लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। अगलगी के घटना के बाद प्रो. शिवनंदन यादव, जदयू के वरिष्ठ नेता चंदन कुमार मेहता, पूर्व पंसस तारानंद यादव, सुनील कुमार मेहता, समाजसेवी राजकिशोर मेहता उर्फ राजा, सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार मेहता, सहदेव राम, पंचायत समिति संजय कुमार पासवान, शंकर कुमार मेहता, ललित मिश्र आदि ने पीड़ितों को सांत्वना देते हुए प्रशासन से अविलंब पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की।

### संवेदक द्वारा इलाज का खर्च नहीं देने पर थाने में दिया आवेदन

**डॉ0विनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले में निर्मली नगर के वार्ड 12 में बीते 27 जुलाई को रेलवे स्टेशन पर पुरानी भवन तोड़फोड़ के दौरान दीवाल गिरने से एक मजदूर दब जाने से स्थिति नाजुक हो गई थी। कुछ दिनों तक संवेदक द्वारा इलाज का पैसा दिया गया। स्थिति अधिक नाजुक होने पर उसे पटना रेफर कर दिया गया है। जिसपर संवेदक द्वारा उसके इलाज में खर्च नहीं देने पर मजदूर की पत्नी ने थाने में आवेदन दी है। पीड़ित मजदूर की पत्नी नगर के वार्ड 12 निवासी रशीदा खातून ने बताया की उसका पति मो.गुलाब रेलवे के अधीन पुराने भवन को तोड़फोड़ के कार्य में काम कर रहा था। इसी दौरान गलत तरीकों से जेसीबी चलाने की वजह से पुरानी दीवार में ठोकर लगने पर दीवाल उसके पति सहित एक अन्य व्यक्ति पर गिर गया। उक्त दीवाल के नीचे तकरीबन 4 मिनट तक उसके पति सहित एक अन्य लोग दबे रहे। इसके बाद जेसीबी के सहायता से उसके पति को बाहर निकल गया। जिसकी हालत गंभीर थी। लोगों ने घायलो को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी स्थिति नाजुक रहने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां उसके पति का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि इलाज के दरमियान मोटी रकम खर्च हुआ है। वह अपने जेवरात आदि बेचकर अपने पति का इलाज करवा रही है। कहा कि मामले को लेकर ठेकेदार ने आश्वासन दिया था कि इलाज के दरमियान जो भी खर्च होगा उसकी भरपाई वह करेगा। शुरुआती दौर में कुछ खर्च भी बहन किया गया लेकिन उसकी स्थिति नाजुक होने पर दरभंगा से पटना रेफर कर दिया है। अब संवेदक खर्च वहन करने से मुकर रहा है। जिसको लेकर उन्होंने थाने में आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने बताई कि उसके परिवार में उसके पति के सिवा कोई कमाने वाला व्यक्ति नहीं है। दो छोटे बच्चे हैं। जिसका भरण पोषण ठीक ढंग से नहीं हो रहा है। ऐसे में संवेदक द्वारा दिए गया आश्वासन के बाद खर्च नहीं देने पर परिवार के सभी सदमे में है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि मामले को लेकर आवेदन प्राप्त हुई है। पुलिस छानबीन कर रही है।

**प्रतियोगिता** | इसमें अपने जिले के कुल 4 दर्जन से अधिक पुरुष व महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया

# किशनगंज में राष्ट्रीय खेल दिवस पर शतरंज प्रतियोगिता आयोजित किया गया



**किशनगंज (अली रेजा सिद्दिकी)।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार पटना तथा जिला प्रशासन किशनगंज के संयुक्त तत्वावधानत्तावधान में जिला शतरंज संघ के सहयोग से 29 अगस्त मंगलवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इंडोर स्टेडियम डुमरिया में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अपने जिले के कुल 4 दर्जन से अधिक पुरुष व महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस संबंध में वरीय उप समाहर्ता-सह-उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा श्री रंजीत कुमार ने जानकारी दी कि चरम बुद्धिमतापूर्ण इस अंतर्राष्ट्रीय इंडोर खेल में भाग लेने पहुंचे खिलाड़ियों को कुल 4 विभागों में विभाजित कर इस प्रतियोगिता को संपन्न करवाया गया। इसके अंडर-7, 11 ,15 एवं गर्ल्स ओपन विभाग में क्रमशः हार्दिक प्रकाश, सुरोनोय दास, मोहम्मद अमानुल्लाह एवं दिया दत्ता ने बाजी मारी। वहीं श्रीजोय पाल, हिमांश जैन ,आयुष कुमार एवं ज्योति कुमारी को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। जबकि सार्थक आनंद, ग्रंथ जैन, प्रतीक कुमार एवं धान्वी कर्मकार को तीसरे स्थानों पर संतोष करना पड़ा।विजेता खिलाड़ियों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया तथा जिला शतरंज संघ द्वारा सभी प्रतिभागियों को पारितोषिक प्रदान किया गया। मौके पर संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता, वरीय संयुक्त सचिव-सह- कार्यक्रम के संयोजक कमल कर्मकार ,उपाध्यक्ष बासुकीनाथ गुप्ता, संयुक्त सचिव सुधांशु सरकार ,निरोज खान, रोहन कुमार, उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा कार्यालय के मनीष कुमार, उपस्थित बच्चों के अभिभावकगण एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

### एस एस बी ने मानव तस्करी के उद्देश्य से ला रहे 1 नाबालिग को मानव तस्करी से छुड़ाया

**अभिषेक आनन्द / दैनिक शुभ भास्कर ,वीरपुर,सुपौल।** जिले के वीरपुर अनुमंडल अंतर्गत एस एस बी 45वीं बटालियन की सीमा चौकी कुनौली के चेक पोस्ट पर कार्यरत कार्मिकों द्वारा सीमा पर 01 तस्कर को मानव तस्करी के उद्देश्य से नेपाल से भारत ला रहे 01 नाबालिग लड़की को छुड़ाया। जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट, श्री जगदीश कुमार शर्मा , द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि सीमा चौकी कुनौली के क्षेत्र में सीमा स्तम्भ संख्या 222 के पास एक पारंपरिक मार्ग है इस मार्ग पर सीमा चौकी द्वारा चेक पोस्ट स्थापित कर 24 घंटे ड्यूटि तैनात रहती है । इस क्रम में दिनांक 28.08.2023 को स. उ. नि. रामेश्वर सिंह के नेतृत्व में आरक्षी/ महिला सुमन कंबोज एवं अन्य 04 कार्मिकों ने एक व्यक्ति एवं एक लड़की को साथ में नेपाल से भारत आते हुए देखा , ड्यूटि पर तैनात कार्मिकों द्वारा उनको रोका गया तथा पूछ-ताछ एवं जांच के दौरान स्पष्ट हुआ कि लड़की जो नाबालिग थी को नेपाल से भारत की तरफ बहला – फुसला कर लाया जा रहा था ।

# मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** बिहार प्रदेश मुखिया महासंघ के आह्वान पर ग्राम पंचायतों के अधिकारों में कटौती किए जाने के खिलाफ अपने विभिन्न मांगों को लेकर 16 से 31 अगस्त तक कार्य का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान ग्राम पंचायत के सभी प्रकार के कार्यों सरकारी कार्यक्रमों एवं बैठक का बहिष्कार किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को स्टेडियम के पास एक दिवसीय धरना आयोजित कर 19 सूत्री मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा गया।मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष विनय कुमार,राजकुमार साह एवं आलोक कुमार ने बताया कि 19 सूत्री मांगों में ग्राम पंचायत 73वां संविधान संशोधन के तहत प्रोजेक्ट 29 अधिकारों को पूर्ण रूपेण ग्राम पंचायत को सौपे जाने, ग्राम सभा की रक्षा हेतु पारित निर्णय का अनुपालन सुनिश्चित करने, मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजनाओं को प्राथमिकता देने, ग्राम सभा के निर्णय में सरकार द्वारा अनावश्यक हस्तक्षेप बंद करने, पंचायत सरकार भवन की निर्माण ग्राम पंचायतों को जिम्मेवारी देने, मुख्यमंत्री नल जल योजना का कार्य वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति को देने, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का वेतन एवं भत्ते में बढ़ोतरी कर जिसके अंतर्गत मुखिया को 10 हजार उप मुखिया को 7 हजार एवं वार्ड सदस्य को 5 हजार प्रतिमाह देने, मुखिया को आर्म्स का लाइसेंस देने, पंचायत में बंद पड़े कबीर अंत्येष्टि योजना को चालू करने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की गति प्रदान करने, ग्राम पंचायत को पुनः जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का अधिकार देने, अपराधियों द्वारा मुखिया की हत्या होने पर 50 लाख का मुआवजा देने तथा स्पीडी ट्रायल के माध्यम से दोषियों को अभिलंब सजा दिलाने, ग्राम पंचायतों को राजस्व कर व वसूली का हिस्सा सभी मदों से उपलब्ध कराने, ग्राम पंचायतों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या दूर करने, मनरेगा में मजदूरी दर बढ़ाने,15वें वित्त आयोग की राशि के आवंटन में ग्राम पंचायतों को अधिक भागीदारी सुनिश्चित कराने तथा मुख्यमंत्री,प्रधानमंत्री आवास योजना में नए पात्र लाभुकों का नाम जोड़ने हेतु आवश्यक पहल करने की मांग शामिल है । इस अवसर पर रामचंद्र साह,संगीता यादव, राजकुमार साह, रमेश राणा, सरोज यादव, मीरा कुमारी, चित्रा सिंह, अमृता कुमारी, बेबी देवी, अरुण यादव, राजेश रंजन यादव, शिवेंद्र सिंह, रणवीर यादव, सुमन सिंह, बलहा पट्टी मुखिया ललन कुमार यादव, मुरली बसंतपुर मुखिया मंजू देवी, अमरपुर मुखिया लक्ष्मण राम,दिवारी मुखिया अभिषेक कुमार तथा बरियाही पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गणेश गौरव सहित अन्य मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

### आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संदर्भ में बैठक




**चंदौली**। सदर तहसील सभागार चन्दौली में अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अध्यक्षता में दिनांक 09.09.2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संदर्भ में एक बैठक आहूत की गयी। जिसमे विकास कुमार वर्मा अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत,जिला कार्यक्रम अधिकारी के प्रतिनिधि समीर सिंह,आबकारी विभाग के प्रतिनिधि शरद कुमार निर्माण खण्ड चन्दौली के प्रतिनिधि रविशंकर सिंह तथा प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे। बैठक में उत्तर-प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्राक में दिये गये दिशा-निर्देश पर चर्चा की गयी तथा सभी अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि दिनांक 09.09.2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक संख्या में वादों के निस्तारण हेतु सभी अधिकारीगण अपने-अपने विभाग में लम्बित मुकदमों को चिन्हित करके राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु संदर्भित करे। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के अधिक संख्या में निस्तारण हेतु पक्षकारों के मध्य सुलह-समझौता कराने का प्रयास किया जाए।

### नादी कम्पोजिट विद्यालय पर चहक कार्यक्रम में सम्मानित हुए छात्र



**चहनियां**। मंगलवार को कंपोजिट विद्यालय नादी में स्कूल रीडीनेस कार्यक्रम के तहत चहक कार्यक्रम की गतिविधि के परिप्रेक्ष्य में छात्र अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें द्वितीय आकलन प्रपत्र छात्र-छात्राओं के बीच उनके परिवार एवं अभिभावकों की उपस्थिति में दिखाया गया। वरिष्ठ अध्यापक सचिन कुमार सिंह ने बताया कि कक्षा एक के जो छात्र निपुण लक्ष्य प्राप्त कर लिए हैं, उन्हें विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। चहक कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी सदस्य, बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम कक्षा एक के कक्षा अध्यापिका गोल्डी कश्यप के निर्देशन में एवं सचिन कुमार सिंह जी के कुशल संचालन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंचार्ज प्रधानाध्यापक अशोक कुमार यादव, फखरुद्दीन अली अहमद, सलमा शाहीन, दिलशाद अहमद, अजीम अहमद, गजानन्द राम, संध्या कुमारी, पूर्णिमा जायसवाल, आबिद अंसारी, अनुदेशक प्रमोद कुमार, शैलेंद्र कुमार, शिक्षामित्र छबीले सिंह यादव, चंदा यादव एवं अन्य स्टाफ सलीम अहमद, शिवव्रत यादव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आदि लोग उपस्थित थे।

### इनोवा कार में छिपाकर बिहार भेजा जा रहा 5लाख 50 हजार रूपया मूल्य का 39 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद



**शुभ भास्कर, सैयद राजा, चंदौली**। पुलिस ने उत्तर प्रदेश बिहार सीमा के नेशनल हाईवे स्थित नौबतपुर पुलिस बूथ के समीप सोमवार की देर रात इनोवा कार से अवैध ढंग से बिहार भेजा जा रहा करीब5लाख 50हजार रुपए मूल्य का 39 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की पुलिस की हो रही चेकिंग के भनक लगते ही अंधेरे का लाभ उठाकर शराब तस्कर हाईवे के किनारे इनोवा कार छोड़कर भाग जाने में कामयाब रहे पुलिस अधीक्षक चंदौली डॉक्टर अनिल कुमार के निर्देशन में मादक पदार्थों एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह को सूचना मिली की इनोवा कार में अंग्रेजी शराब लेकर तस्कर अवैध ढंग से बिहार में बिक्री के लिए जा रहे हैं जिस पर प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के कुशल निदेशक में पुलिस टीम गठित कर वाहनों की सीमा पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया अंधेरे का लाभ उठाकर शराब तस्कर हाईवे किनारे इनोवा कार छोड़कर भाग जाने में सफल रहा वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में छुपा कर रखा गया 39 पेटी अंग्रेजी शराब जिसकी कीमत 5 लाख 50हजार बताया जा रहा है शराब को बरामद कर वहां वाहन को सीज कर लिया गया अज्ञात शराब तस्कर के खिलाफ आबकारी एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह निरीक्षक अशोक कुमार मिश्रा निरीक्षक श्रीकांत पांडेय मय हमराही शामिल रहे।

# अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी पुलिस अभिरक्षा से फरार, पुलिस महकमें में मची खलबली






**अशोक कुमार जायसवाल, शुभ भास्कर**। चंदौली से है जहां सोमवार को कोर्ट पेशी के लिए जिला कारागार वाराणसी से अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी द्वारा पुलिस अभिरक्षा से फरार होने की सूचना के बाद हड़कंप मच गया है। बता दें कि पेशी समाप्त होने के बाद चंदौली न्यायालय से बाहर आते समय आरोपी गोलू खान पुलिस टीम को चकमा देकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस आरोपी गोलू खान की गिरफ्तारी के लिए जुट गई है। हालांकि अभी तक पुलिस महकमें के उच्चाधिकारी इस बाबत कुछ भी बोलने से पीछे हट रहें हैं। सूचना मिलते सदर थाना पुलिस ने गोलू खान उर्फ हैदर पुत्र महबूब निवासी वार्ड नंबर – 09 लोहिया नगर , बबुरी रोड चंदौली के घर पर एक दरोगा और सिपाही की तैनाती कर दी है। बता दें कि आरोपी गोलू खान के ऊपर पिछले साल 13 मई को एक किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था। आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था कि सदर थाना पुलिस द्वारा 12 अगस्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इसी मामले में आज आरोपी को वाराणसी जिला कारागार से कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था। कोर्ट में पेशी के बाद न्यायालय परिसर से बाहर आते समय पुलिस अभिरक्षा में लगी टीम को चकमा देकर फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमें में खलबली मच गई। कई थानों की पुलिस आरोपी गोलू खान की गिरफ्तारी में जुट गई है। वहीं नाबालिग पीड़िता के घर पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस टीम की तैनाती कर दी गई है। हालांकि इतना समय बीतने के बाद भी पुलिस महकमें के उच्चाधिकारी मामले के बाबत कुछ भी बोलने से बचते नजर आ रहें हैं।

## नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने वाला वांछित गिरफ्तार



**चंदौली**। पुलिस अधीक्षक चंदौली अनिल कुमार के निर्देशन में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन वह अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण,गोवंशियों की तस्करी की रोकथाम सहित वांछित वारंटी अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहा अभियान के क्रम में मिथिलेश कुमार तिवारी थानाध्यक्ष चकिया द्वारा गठित टीम ने नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले वांछित अभियुक्त नीरज नामक को गिरफ्तार किया।जिसपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए एग्री कार्रवाई करने में जुट गई।

## जिले के विजय कुमार यादव ने ग्रीक रोमन में गोल्ड मेडल प्राप्त किया



**पीडीडीयू/चंदौली**। जिले के सराय छोटू निवासी विजय कुमार यादव ने उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक खेल प्रतियोगिता (28. वी वार्षिक उत्तर प्रदेश पुलिस ) पुलिस कमिस्नरेट प्रयागराज में 67Kg ग्रीक रोमन में गोल्ड मेडल प्राप्त कर जिले व प्रदेश का नाम रौशन किया।यह फिलहाल में गाजीपुर जिला के मऊ पुलिस लाईन मे तैनात है।विजय कुमार के घर पर आने पर घर में खुशी का माहौल रहा घर वालों ने माला फूल से उनका भव्य सम्मान किया।इस जीत पर इनके पिता बाढ़ू भगत और मां धनी देवी ने अपने बेटे को ढेरों बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे घर के बच्चे शुरू से ही खेल में रुचि रखने वाले और परिश्रमी रहे हैं,जिसका परिणाम आज मिल रहा है।बताते चले कि इनके पिताजी भी पहलवान थे वही इनका छोटा बेटा कृष्ण कांत यादव जो एशियाड मेडलिस्ट है जो आर्मी में दो स्टार पद पर तैनात है अभी फिलहाल में भारतीय खेल प्राधिकरण ASI कोच लखनऊ में और बरेली में ट्रेनिंग दे रहे हैं।वही इस जीत पर इष्ट–मित्र सहित जिले व प्रदेश के लोगों का फोन से बधाइयां देने का ताता लग रहा है।

# जाम के झाम मे नगर स्थानीय प्रशासन बना मौन





**चकिया चन्दौली**। चकिया नगर में लगातार आए दिन जाम की समस्याएं बढती जा रही है और नगर के लोग बेहाल हो गए हैं और जाम से निजात दिलाने को लेकर स्थानीय पुलिस सुस्त नजर आ रही है आपको बताते चले की नगर मे बडे वाहनों के प्रतिबंध होने के बाद भी स्कूल के बडे वाहन समेत बडी गाडियों का प्रवेश नगर मे लगातार बना रहता है जिससे वही नगर मे लगातार अतिक्रमण हो जाने से जाम की समस्याओं से निजात दिलाने मे स्थानीय प्रशासन लापरवाह बना हुआ है नगर के गांन्धी पार्क से लेकर जिला संयुक्त चिकित्सालय तक नगर के प्रमुख कार्यालय इंटर कालेज मौजूद है जहां पर स्कूली बच्चों समेत लगातार तहसील क्षेत्रों से लोगो का बराबर आना जाना रहता है लेकिन नगर मे लगातार अतिक्रमण के चलते सुबह से लेकर सायं तक लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है वही सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना स्कूल बच्चों समेत हास्पिटल आये मरीजों को उठानी पडती है नगर के प्रबुद्धजनों ने जाम की समस्याओं से निजात दिलाने को लेकर स्थानीय प्रशासन समेत जनपद के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है जिससे जाम की समस्याओं से लोगों को राहत मिल सके ।

### कुर्सी पर बैठा कर डॉक्टर कर रहें मरीजों का इलाज, सीएमएस ने इन्हें ठहराया जिम्मेदार



**अशोक कुमार जायसवाल। चंदौली**। चंदौली के जिला अस्पताल में इनदिनों एक बार फिर से लापरवाही उजागर हुई है। मरीजों को कुर्सी पर बैठा कर डाक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है। कारण ये है कि अस्पताल में बेड ही उपलब्ध नही है। हालांकि इसके पीछे अस्पताल में मरीजों की अधिक भीड़ बताया गया है।

**कुर्सी पर बैठा कर इलाज शुरूः** चंदौली के पं0 कमलापति चिकित्साकय में अस्पताल के डॉक्टर मरीज को कुर्सी पर बिठा कर इलाज कर रहें है। आपको बता दें की हाल में जिला अस्पताल में मरीजों का इजाफा हुआ है। मरीजों की तादात इतना ज्यादा है को कई सारे मरीजों को बेड नही मिल पा रहा। फलस्वरूप मरीजों को कुर्सी या अन्य जगहों पर बैठा कर डॉक्टर उनका उपचार कर रहें है।

**सीएमएस ने सीएचसी/पीएचसी को ठहराया ज़िम्मेदारः** इस संबंध में सीएमएस डॉ0 उर्मिला सिंह ने बताया कि अस्पताल में मरीजों की संख्या काफी अधिक है। उन्होंने बताया कि सीएचसी और पीएचसी से उन मरीजों को भी अस्पताल में रेफर किये जा रहें है जो कि वहीं ठीक हो सकते थें जिस कारण अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक है। उन्होंने जल्द ही अस्पताल में वैकल्पिक व्यवस्था करवाने की बात कही।

### यूनियन बैंक ग्रामीणों को स्व-रोजगार तहत दे रहा सुनहरा अवसर



**पीडीडीयू/चंदौली**। यूनियन बैंक आफ इंडिया शाखा अलीनगर के द्वारा परिचालित ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण के क्रम में दिन सोमवार को गोधना आवास निवासी रीना, पत्नी परदेसी नें अपना नया स्वरोजगार शुरू किया। रीना को यूनियन बैंक आफ इंडिया के द्वारा परिचालित ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) चंदौली से साफ्ट-टवाय्ज इत्यादि के बनाने व विक्रय का प्रशिक्षण प्राप्त कराया गया था। जिसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एन.यू.एल.एम.) के अंतर्गत स्वरोजगार कार्यक्रम (एस ई.पी.) में उद्यम हेतु ऋण प्राप्त करने के लिए आवेदन किया था।जिसे जिला नगरीय विकास अभिकरण - डूडा चंदौली ने जिला के अग्रणी बैंक - यूनियन बैंक आफ इंडिया की अलीनगर शाखा में भेजा। यूबीआई-अलीनगर के शाखा प्रबंधक अभिषेक तिवारी ने रीना को उनके नये उद्यम यश्वी ब्यूटी सेंटर कास्मेटिक एण्ड जनरल स्टोर शुरू करने के लिए लोन प्रदान किया। वही बताते चले कि रीना के पती हैदराबाद में इंजीनियर की नौकरी कर रहे थे जो करोना काल में चली गई थी, अब इस नये उद्यम से परिवार को आर्थिक मजबूती मिलेगा। इस उद्घाटन के अवसर पर यूबीआई-अलीनगर के शाखा प्रबंधक, अभिषेक तिवारी एवं डूडा-चंदौली के परियोजना अधिकारी, डी.एन.प्रसाद मौजूद रहे।

### माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को धन फाऊंडेशन के तत्वाधान में डेंगू मलेरिया के बचाव के बारे में वितरित जानकारी दी गई



**सकलडीहा, चंदौली**। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय व पूर्व माध्यमिक कोरी के कंगन में धन फाऊंडेशन के तत्वाधान में बच्चों को डेंगू मलेरिया से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई वही बच्चों के बीच ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर हौसला बढ़ाने का काम भी किया गया हंस फाउंडेशन इलाज के साथ-साथ बच्चों में जागरूकता फैलाने का काम सकलडीहा ब्लाक के तमाम गांव में कर रहा है इसके तहत मंगलवार को प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोरी बच्चों के बीच मलेरिया और डेंगू के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ है इनसे बचाव के उपाय भी सुझाए संस्था के शैलेश प्रताप सिंह ने कहा कि डेंगू और मलेशिया आम रोगो की तरह मनुष्य के शरीर में फैलते हैं यह धीरे-धीरे घाटक बीमारी के रूप में परिवर्तित होकर मनुष्य का जान जोखिम में डाल देते हैं लेकिन इसके बचाव के लिए हमको सबसे पहले अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखें इसके उपरांत बच्चों में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करने का काम संस्था द्वारा किया गया इस मौके पर प्रधानाध्यापक चंद्रभूषण सिंह सर्वेश सिंह गरिमा पांडे य विनायक चौबे आदि मौजूद रहे।

**जनसभा** महेवा ट्रामा सेंटर में उच्चीकरण व इसके संचालन को लेकर देर हुई

# महेवा में बनने वाला ट्रामा सेंटर देश का एकमात्र लेवल दो ट्रामा सेंटर होगा : केंद्रीय मंत्री





**शुभ भास्कर, चंदौली**। सोमवार की देर शाम केंद्रीय मंत्री, भारी उद्योग, भारत सरकार, स्थानीय सांसद डॉ महेंद्रनाथ पांडेय ने महेवा ट्रामा सेंटर परिसर में उच्चीकरण के शिलान्यास समारोह के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि महेवा में बनने वाला ट्रामा सेंटर देश का एकमात्र लेवल दो ट्रामा सेंटर होगा। जो 16 करोड़ 39 लाख की लागत से बनेगा। इसमें उच्च स्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा की महेवा ट्रामा सेंटर में उच्चीकरण व इसके संचालन को लेकर देर हुई है। क्योंकि पहले इसका संचालन काशी हिंदू विश्वविद्यालय की ओर से होना निश्चित था। लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से उक्त निर्णय को वापस लेना पड़ा। कहा कि सैयदराजा में बनने वाले बाबा कीनाराम मेडिकल कॉलेज की देखरेख में अब उक्त ट्रामा सेंटर का संचालन होगा। मेडिकल कॉलेज व ट्रॉमा सेंटर का उद्घाटन एक ही साथ किया जाएगा। कहा कि ट्रामा सेंटर में कुल 20 बेड होंगे। जिनमें 10 बेड आईसीयू व 10 बेड का जनरल वार्ड होगा। इसके अलावा दो मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर व एक माइनर ऑपरेशन थिएटर रहेगा। ट्रामा सेंटर के हर बेड पर मेडिकल गैस पाइपलाइन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसी के साथ सीटी स्कैन, एक्स-रे ब्लड बैंक आदि की भी सुविधा मिलेगी। इसमें हर समय चार चिकित्साधिकारी तैनात रहेंगे। ट्रामा सेंटर के चिकित्सकों व कर्मचारियों के लिए आवासीय परिसर भी बनेगा। जिसमें अत्याधुनिक सुविधाएं रहेंगी। कहा कि 2027 तक यह विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनेगा। इसके लिए लगातार सरकार की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर सांसद पकौड़ी कोल, विधायक सुशील सिंह, मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ वाईके राय, जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, सर्वेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# रोशनी पब्लिक स्कूल में मना मेजर ध्यानचंद की जयंती




**पीडीडीयू/चंदौली**। क्षेत्र के हरिशंकरपुर स्तिथ रोशनी पब्लिक स्कूल परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 118 वीं जयन्ती बड़े धूम-धाम से बीबी मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक इक़बाल अहमद राजू व स्कूल प्रधानाचार्या श्रीमती अफशा इशरत ने मेजर ध्यानचंद के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर किया ।साथ ही छात्र छात्राओं में बिस्किट व टॉफी वितरण किया।इस दौरान इक़बाल अहमद राजू ने कहा कि पूरी दुनियाँ में हॉकी के जादूगर के नाम से कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद भारत के इस धरती पर पैदा हुए ।जो दुनियां में मेजर ध्यानचंद के नाम से विख्यात हुवे। उनके अविषवनी हांकी खेल के वजह से भारत का रुतबा बढ़ा।यह हम सब के लिए गर्व की बात है । वहीं स्कूल प्रधानाचार्या अफशा इशरत ने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद एक महान खिलाड़ी के साथ-साथ एक सच्चे देश भक्त थे । उन्होंने हिटलर द्वारा जर्मन के उच्चपद व पैसे को त्याग कर अपने देश के लिए ही खेलने का फैसला दिया और देशभक्ति का नायाब नमूना पेश किया । ऐसे राष्ट भक्त मेजर ध्यानचंद को भारत सरकार को उन्हें भारतरत्न से सम्मानित करना चाहिए । इस दौरान ,बृजेश मुरारी,पियूष सिंह,मुरारी यादव,महेंद्र शर्मा,साधना कन्नौजिया,स्वेता जायसवाल,नेहा यादव,बुशरा नूरी,गुलफ्शा शमीम,गोविंदा पांडेय,अभिजीत दास गुप्ता,फातिमा खान,मनीष विश्वकर्मा,अंजली पटेल, माहजबीन बानो,शिवानी पटेल,सुमन यादवआदि अध्यापक व अध्यापिकाएं मौजूद रहीं। संचालन सतीष कुमार व धन्यवाद ज्ञापन उपप्रबंधक रश्मि इक़बाल ने किया ।।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।